अधिकतम :24°C
न्यूनतम: 11°C
तापमान
सेंसेक्स 74,602.12
निफ्टी 22,547.55
सोना 89,260
चांदी 1,01,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

देहरादून, बुधवार 26 फरवरी 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 24 अंक 206 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ फाल्गुन पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2081 27 शाबान 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**ट्रम्प ने चार भारतीय कंपनियों पर लगाया प्रतिबंध**
विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**पाकिस्तान की हार के लिए चयनकर्ता जिम्मेदारः सना मीर**
विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर


# 1984 के दंगों में सज्जन कुमार को मिली उम्रकैद

## बाप-बेटे हत्याकांड में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सुनाया फैसला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 1984 के सिख विरोधी दंगों के मामले में सज्जन कुमार को उम्रकैद की सजा सुनाई है। उन्हें एक नवम्बर 1984 को सरस्वती विहार इलाके में पिता–पुत्र की हत्या से जुड़े मामले में दोषी ठहराया गया था। कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार को दंगा, गैरकानूनी तरीके से एकत्र होने और हत्या आदि से संबंधित धाराओं के तहत 12 फरवरी को दोषी ठहराया गया था।

जांच के लिए गठित नानावटी आयोग की एक रिपोर्ट के अनुसार, दंगों के संबंध में दिल्ली में 587 एफआईआर दर्ज की गई। जिसमें 2,733 लोग मारे गए थे। कुल में से लगभग 240 एफआईआर को पुलिस ने अज्ञात बताकर बंद कर दिया था वहीं दूसरी तरफ 250 मामलों में आरोपी बरी हो गए। वहीं 587 एफआईआर में से केवल 28 मामलों में ही दोषसिद्धि –शेष पृष्ठ दो पर



**दंगा, गैरकानूनी तरीके से एकत्र होने और हत्या आदि से संबंधित धाराओं के तहत ठहराया था दोषी**

**कांग्रेस नेता सज्जन कुमार को उम्र और बीमारी की वजह से नहीं मिली मौत की सजा**

### अब जगदीश टाइटलर और कमलनाथ की बारीः मनजिंदर सिंह

दिल्ली के मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि सज्जन कुमार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। मैं एसआईटी गठित करने और मामले को फिर से खोलने के लिए प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को धन्यवाद देता हूं। ये मामले 35 साल से बंद थे और सज्जन कुमार, जगदीश टाइटलर, कमलनाथ जैसे लोग मुख्यमंत्री और सांसद के रूप में खुलेआम घूमते थे। हम मृत्युदंड की उम्मीद कर रहे थे। अब जगदीश टाइटलर और कमल नाथ की बारी है।

### सज्जन को दो आजीवन कारावास बड़ी बात

दिल्ली के एडवोकेट एचएस फूल्का ने 1984 के सिख विरोधी दंगों के मामले में सज्जन कुमार को उम्रकैद की सजा सुनाए जाने पर कहा कि दो आजीवन कारावास भी बहुत बड़ी बात है। जज ने अपने फैसले में लिखा है कि हमारी और सरकार की मांग थी कि सज्जन कुमार को फांसी की सजा सुनाई जाए। मगर वह नहीं दी गई, क्योंकि उनकी उम्र 80 साल है। वे बीमार हैं और खुद को संभाल भी नहीं सकते हैं। यह कानून है कि 80 साल के ऊपर और बीमार व्यक्ति को फांसी की सजा नहीं सुनाई जाती।

# दिल्ली आबकारी नीति से 2000 करोड़ का नुकसान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को विधानसभा में नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की रिपोर्ट सदन के पटल पर रखी, जिसमें दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार के कार्यकाल की विवादास्पद आबकारी नीति के बारे में विभिन्न अनियमितताओं को रेखांकित करते हुए कठोर टिप्पणियां की गई हैं।

कैग की रिपोर्ट विधानसभा के सत्र के दूसरे दिन सदन के पटल पर रखी गई, जिसमें कहा गया है कि दोषपूर्ण 2021–22 आबकारी नीति के कारण दिल्ली सरकार को दो हजार करोड़ रुपये से अधिक का वित्तीय नुकसान हुआ। 'परफॉर्मेंस ऑडिट ऑन रेगुलेशन एंड सप्लाई ऑफ लिकर इन दिल्ली' शीर्षक इस रिपोर्ट को सदन में विपक्ष की नेता आतिशी सहित आम आदमी पार्टी के 12 विधायकों के निलंबन के बाद पटल पर रखा गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि दिल्ली में विवादास्पद आबकारी नीति के बारे में सिफारिश के लिए गठित विशेषज्ञ समूह के सुझावों को तत्कालीन उप मुख्यमंत्री एवं आबकारी मंत्री मनीष सिसोदिया ने नजरअंदाज कर दिया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि शराब के लाइसेंस वापस किए जाने –शेष पृष्ठ दो पर



- **विधानसभा में प्रस्तुत कैग की रिपोर्ट में खुलासा**
- **कोविड की पाबंदियों के नाम पर शराब की दुकान के लाइसेंस धारकों को दी गई दी 144 करोड़ की छूट नियमानुसार नहीं थी**

### आतिशी सहित 'आप' के 12 विधायक दिनभर के लिए निलंबित

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में उप–राज्यपाल वीके सक्सेना के अभिभाषण के दौरान हंगामे और नारेबाजी के कारण नेता विपक्ष आतिशी, गोपाल राय सहित 12 सदस्यों को दिन–भर के लिए निलंबित कर दिया गया। उप–राज्यपाल के अभिभाषण के शुरू होते ही आम आदमी पार्टी (आप) के विधायकों ने मुख्यमंत्री और मंत्रियों के कार्यालय से –शेष पृष्ठ दो पर

### सरकार लोगों की उम्मीदों के प्रति सजग : एलजी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मंत्र 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास, सबका सम्मान' मेरी सरकार की दिशा तय करेगी, मेरी सरकार लोगों की बढ़ती उम्मीदों और आकांक्षाओं के प्रति पूरी तरह सचेत है।

### कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने पीयूष गोयल के साथ फोटो शेयर की

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल के साथ की फोटो एक्स पर शेयर की। तस्वीर में उनके साथ ब्रिटेन के ट्रेड सेक्रेटरी जोनाथन रेनाल्ड्स भी नजर आ रहे हैं। शशि की ये पोस्ट तब सामने आई है, जब उनके और कांग्रेस पार्टी के रिश्तों में खटास की खबरें हैं। थरूर ने फोटो कैप्शन में लिखा कि ब्रिटेन के बिजनेस और ट्रेड स्टेट सेक्रेटरी जोनाथन रेनाल्ड्स के साथ उनके भारतीय समकक्ष वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की मौजूदगी में बातचीत करके अच्छा लगा। लंबे समय से रुकी हुई फी ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) वार्ता फिर से शुरू हो गई है, जो बहुत स्वागत योग्य है। दरअसल, 23 फरवरी को ही शशि ने कहा था कि मैं कांग्रेस में हूं, लेकिन अगर पार्टी को मेरी जरूरत नहीं है, तो मेरे पास भी विकल्प मौजूद है। हालांकि थरूर ने पार्टी बदलने की अफवाहों का खंडन करते हुए कहा था कि भले ही विचारों में अंतर हो, लेकिन वह ऐसा नहीं मानते।

# विकल्प रहित संकल्प के साथ उत्तराखंड को बनाएंगे अग्रणी राज्यः पुष्कर धामी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**खटीमा (उधम सिंह नगर)।** मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं सहयोग से राज्य सरकार अपने विकल्प रहित संकल्प के साथ उत्तराखंड को देश के अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है।

अपने सम्मान समारोह में खटीमा पहुंचे सीएम ने जनता को सम्बोधित करते हुए कहा कि खटीमा मेरी कर्मभूमि रही है और यहां के लोग मेरे परिवार के ही सदस्य हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जहां एक ओर शहरों से लेकर सुदूर सीमावर्ती पर्वतीय गांवों तक सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पेयजल सहित सभी महत्वपूर्ण क्षेत्रों से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर प्रदेश के किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से दुग्ध उत्पादन, मधु उत्पादन, कृषि, बागवानी, सुगन्धित पौधों एवं फूलों की खेती आदि को प्रोत्साहित भी किया जा रहा है। राज्य के होम स्टे योजना, लखपति दीदी योजना और सौर स्वरोजगार योजना जैसी अनेकों योजनाएं लागू कर स्वरोजगार को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा वो सदैव खटीमा के चहुंमुखी विकास और जन–जन के कल्याण के लिए प्रयासरत रहेंगे।

- **कहा सदैव खटीमा के चहुंमुखी विकास और जन–जन के कल्याण के लिए प्रयासरत रहेंगे**

# 'आप' विधायक अमानतुल्लाह को मिली अग्रिम जमानत

**पुलिस पर हमले का आरोप, राउज एवेन्यू कोर्ट ने 25,000 के बांड और इतनी ही राशि पर दी राहत**

**नई दिल्ली।** 'आप' के ओखला से विधायक अमानतुल्लाह खान की अग्रिम जमानत याचिका पर सोमवार को राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने विधायक को राहत देते हुए 25,000 रुपये के बॉन्ड और इतनी ही राशि पर अग्रिम जमानत दे दी। बता दें कि खान पर जामिया नगर में दिल्ली पुलिस की टीम पर हमले का आरोप है। दिल्ली पुलिस ने 10 फरवरी की घटना के संबंध में ओखला विधायक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की और आरोप लगाया था कि उन्होंने हत्या के प्रयास के एक मामले में घोषित अपराधी को हिरासत से भागने में मदद करते हुए भीड़ का नेतृत्व किया। पुलिस ने कहा कि कथित घटना तब हुई जब दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने शाबाज़ खान नामक व्यक्ति को गिरफ्तार करने का प्रयास किया।

# सपा नेता अब्दुल्ला आजम 17 महीने बाद हरदोई जेल से रिहा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** समाजवादी पार्टी के नेता आजम खां के परिवार को बड़ी राहत मिली है। आजम के बेटे अब्दुल्ला आजम खां की हरदोई जेल से रिहाई हो गई है। वह काफिले के साथ रामपुर के लिए रवाना हो गए हैं। अब्दुल्ला आजम खां की 42 मामलों में जमानत होने के बाद सोमवार को कोर्ट से रिहाई के परवाने जारी हुए थे।

रिहाई के परवाने मिलते ही हरदोई जेल प्रशासन ने मंगलवार को दोपहर में अब्दुल्ला को जेल से रिहा कर दिया। वह 17 माह तीन दिन जेल में रहे थे। सपा के पूर्व जिला अध्यक्ष ओमेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि अब्दुल्ला आजम की रिहाई हो चुकी है। शत्रु संपत्ति की जमीन के रिकॉर्ड में –शेष पृष्ठ दो पर




- **आजम खां परिवार को मिली बड़ी राहत**









# मुस्लिम छात्राओं को एग्जाम देने से रोका

जौनपुर, वार्ता



आरोप- हिजाब पहनकर आई थीं, स्कूल में घुसने नहीं दिया

उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में एक मामला सामने आया है, जिसमें हिजाब पहनकर हाईस्कूल की परीक्षा देने गईं चार मुस्लिम छात्राओं को कथित तौर पर परीक्षा केंद्र में प्रवेश से रोका गया।

यह घटना सर्वोदय इंटर कॉलेज, खुदौली के परीक्षा केंद्र की बताई जा रही है, जो मॉडर्न कान्वेंट स्कूल समेत कई अन्य कॉलेजों के छात्र-छात्राओं के लिए परीक्षा केंद्र है। चारों छात्राओं का आरोप था कि वे सोमवार को हिंदी की परीक्षा देने हिजाब पहनकर केंद्र पर गई थीं, जहां चेकिंग पाइंट पर उन्हें हिजाब की वजह से अंदर जाने से रोक दिया गया। इसके बाद जब ए छात्राएं वापस लौटीं, तो इन्हें देखकर बाकी छह अन्य छात्राओं ने भी परीक्षा छोड़ दी। हालांकि इस मामले पर कॉलेज प्रशासन ने साफ इनकार किया और सभी आरोपों को झूठा बताया। माडर्न कान्वेंट स्कूल के प्रिंसिपल ने इस पूरे मामले का खुलासा करते हुए कहा कि उनकी खुद की पोती ने भी हिजाब में परीक्षा दी थी और उसे किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हुई। प्रिंसिपल के मुताबिक हिजाब पहनने पर कोई रोक नहीं थी और उनकी पोती ने परीक्षा अच्छे से दी। प्रिंसिपल ने आगे कहा कि आरोप लगाने वाली छात्राएं मौलवी साहब के घर से थीं और इस वजह से उन्होंने हिजाब हटाने से मना कर दिया। उनका मानना था कि इस मुद्दे को स्कूल प्रशासन के साथ बेहतर संवाद और समझदारी से हल किया जा सकता था। इस मामले ने एक महत्वपूर्ण सवाल उठाया है कि क्या धार्मिक पहनावे के कारण छात्रों को परीक्षा केंद्र में परेशानी का सामना करना चाहिए। शिक्षा संस्थानों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सभी छात्रों को बिना किसी भेदभाव के समान अवसर मिले। चाहे वे किसी भी धर्म, जाति या संस्कृति से संबंधित हों। इस घटना से यह भी स्पष्ट होता है कि धार्मिक मामलों में बातचीत और समझौते की आवश्यकता होती है। छात्र-छात्राओं को यह सिखाया जाना चाहिए कि उनके अधिकारों के लिए लड़ना आवश्यक है, लेकिन उन्हें यह भी समझना चाहिए कि स्कूल और कॉलेजों में नियमों का पालन करना एक समान महत्वपूर्ण है।

## महाशिवरात्रि के बाद शिव बारात निकालना परंपरा से खिलवाड़: अजय राय

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने काशी की परंपरागत शिव बारात की तिथि बदलने पर ऐतराज जताया है। राय ने मंगलवार को कहा कि विश्व प्रसिद्ध शिव-बारात इस बार शासन-प्रशासन के दबाव में महाशिवरात्रि के एक दिन बाद 27 फरवरी को निकालना काशी की मूल परंपरा से खिलवाड़ है। परंपरा के अनुसार बारात महामृत्युंजय मंदिर, दारानगर से उठकर मैदागिन, बुलानाला, चौक, बाबा धाम गोदौलिया होते हुए चित. रंजन पार्क तक जाती है। वहां वधू-पक्ष भांग ठंडई, माला-फूल से बारातियों की अगवानी करती है। उन्होंने कहा कि नगर में निकलने वाली विश्व प्रसिद्ध शिव-बारात 43वें वर्ष में प्रवेश करेगी। यह काशी की मूल परंपरा आस्था को समेटे हर काशीवासी के हृदय में बसती है।

# दुनिया भर से निवेशकों को आमंत्रण देने की होड़

## बाजार की गिरावट ने मध्य वर्ग के निवेश को लीला

लखनऊ, वार्ता



■ सपा प्रमुख ने कहा: डबल इंजन की सरकारें पहले अपने निवेशकों को तो सुरक्षित कर लें, 80 करोड़ लोग सरकारी अनाज पर जीवनयापन करने के लिए मजबूर हैं

सामाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भारतीय शेयर बाजार में जारी गिरावट मध्य वर्ग के निवेश को लील गई है।

यादव ने मंगलवार को जारी अपने बयान में कहा कि दुनिया भर से निवेशकों को आमंत्रण देने की होड़ में लगीं 'डबल इंजन' की सरकारें पहले अपने निवेशकों को तो सुरक्षित कर लें फिर किसी और को आश्वस्त करने के 'ढोंगी इवेंट' करें। कुछ महीनों से निफ्टी के लगातार खराब प्रदर्शन के कारण ए समाचार छप रहे हैं कि इस वर्ष इंडियन शेयर मार्केट दुनिया के उभरते बाजारों में थाईलैंड व फिलीपीन्स के बाद तीसरा सबसे कमजोर शेयर मार्केट हो गया है। यादव ने कहा कि एक तरफ 80 करोड़ लोग सरकारी अनाज पर जीवनयापन करने के लिए मजबूर हैं और दूसरी तरफ जिन्होंने बचत को शेयर में लगा दिया था वो भी कंगाल हो गए हैं, ऐसे हालातों में भी भाजपा सरकार लोगों को गलत बात करके बहलाना-फुसलाना चाहती है। ए आर्थिक ठगी बंद होनी चाहिए। दूसरी ओर समा. जवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार पार्टी का प्रतिनिधि मण्डल बुधवार को बुलन्दशहर जाएगा, जहां जाटव समाज के अरूण कुमार की घुड़चढ़ी जब ग्राम प्रधान के घर के सामने पहुंची, तो प्रभुत्ववादी लोगों ने घोड़ी से उतारकर अरूण को तथा उनके रिश्तेदारों को मारापीटा। सपा के मुख्य प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने यहां मंगलवार को कहा कि बुलन्दशहर विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम धमरावली से ग्राम दरियापुर शिकारपुर रोड पर जाटव समाज के अरूण की घुड़चढ़ी हो रही थी, जब घुड़चढ़ी ग्राम प्रधान के घर के सामने पहुंची, तो प्रभुत्ववादी लोगों ने अरूण को घोड़ी से उतारकर तथा उनके रिश्तेदारों को मारापीटा। जिसकी जानकारी तथा पीड़ित परिवार से मिलने के लिए पार्टी का प्रतिनिधिमण्डल बुलन्दशहर पहुंचेगा। चौधरी ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल के सदस्यगण हैं मतलूब अली जिलाध्यक्ष, बुलन्दशहर, योगेश वर्मा पूर्व विधायक, राहुल भारती राष्ट्रीय अध्यक्ष, समा. जवादी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ, डा. हरेन्द्र राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, समाजवादी बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी, महेन्द्र बाल्मीकि पूर्व विधायक, हाजी अख्तर विशेष आमंत्रित सदस्य, समाजवादी पार्टी, फिरे सिंह प्रजापति प्रदेश सचिव, समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, कुलदीप प्रधान राष्ट्रीय सचिव समाजवादी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ एवं जाकिर उर्फ बब्लू विधानसभा अध्यक्ष, बुलन्दशहर।

## संक्षिप्त समाचार

### सिंह ने महाशिवरात्रि के मौके पर लोगों को दी बधाई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद् के सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने महाशिवरात्रि के पावन पर्व के अवसर पर समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। सिंह ने मंगलवार को कहा कि यह पर्व भगवान शिव की आराधना, साधना और भक्ति का प्रतीक है, जो हमे आत्मचिंतन, शुद्धता और अध्यात्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि भगवान शिव, जिन्हें आदियोगी और विश्व के कल्याणकारी देवता के रूप में जाना जाता है। ईश्वर से प्रार्थना है कि यह त्योहार आपके जीवन में बुराई से दूर रहने, सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने तथा समाज में प्रेम, भाईचारे और सद्भाव को बनाए रखने की प्रेरणा दे।

### सम्भल में 46 साल बाद खोला गया शिव मंदिर

**सम्भल।** उत्तर प्रदेश के सम्भल में 46 साल से बंद मंदिर को खोला गया है। हिंदू संगठन के लोगों ने मंदिर में जलाभिषेक किया। साथ ही लोगों ने कहा कि भगवान शिव के मंदिर में 46 साल से जलाभिषेक नहीं किया था। मंदिर बंद होने के कारण लोग पूजा-अर्जना नहीं कर पा रहे थे। हिंदू संगठन के लोगों ने कहा कि महा. शिवरात्रि पर मंदिर में जलाभिषेक के लिए दूर-दूर से भारी संख्या में लोग आ सकते हैं। सम्भल के खगूसराय का प्राचीन कार्तिक शिव मंदिर 46 साल से बंद था, लेकिन अब उसे खोल दिया गया है।

### तमिलनाडु एक और भाषा युद्ध के लिए तैयार: स्टालिन

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने मंगलवार को कहा कि राज्य सरकार केंद्र की त्रि-भाषा नीति के खिलाफ एक और भाषा युद्ध के लिए तैयार है। राज्य मंत्रिमंडल की बैठक के बाद राज्य सचिवालय में पत्रकारों से बात करते हुए स्टालिन ने कहा कि निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन पर चर्चा के लिए पांच मार्च को एक सर्वदलीय बैठक होगी। तमिलनाडु, जो परिवार नियोजन को प्रभावी रूप से लागू कर रहा है, परिसीमन में 39 संसदीय सीटों में से आठ खो देगा। स्टालिन ने कहा कि इसका मतलब है कि तमिलनाडु को आठ सीटों का नुकसान होगा, जिससे कुल निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या 31 रह जाएगी।

## निर्धारित कोटे में अनारक्षित वर्ग के युवकों की भर्ती की गई

# उप्र शिक्षक भर्ती में हुआ बड़ा घोटाला

नई दिल्ली, वार्ता



■ संविधान का उल्लंघन में पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की जानी चाहिए: कांग्रेस
■ राज्य सरकार आरक्षित वर्ग के युवाओं के साथ धोखा कर रही


कांग्रेस ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में 69 हजार शिक्षकों की भर्ती में आरक्षित वर्ग के बच्चों के साथ अन्याय हुआ है और उनके लिए निर्धारित कोटे में अनारक्षित वर्ग के युवकों की भर्ती की गई है, जो संविधान का उल्लंघन है, इसलिए इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की जानी चाहिए।

कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में उप्र सरकार द्वारा की जा रही इस शिक्षक भर्ती को बड़ा घोटाला बताया और कहा कि राज्य सरकार आरक्षित वर्ग के युवाओं के साथ धोखा कर रही है और उन्हें मानकों के अनुसार भर्ती प्रक्रिया में आरक्षण नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उप्र में 69,000 शिक्षकों की भर्ती का एक नया घोटाला सामने आया है। एक मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि इस भर्ती में 18,500 आरक्षित सीटों में एससी, एसटी तथा ओबीसी वर्ग के लोगों को नौकरी मिलनी थी, लेकिन इसमें से केवल 2,637 सीटों पर ही आरक्षण लागू किया गया। इन आरक्षित सीटों में बाकी 15,863 सीटों पर अनारक्षित वर्ग के लोगों को नौकरी दी गई। यह फैसला संविधान में दिए गए आरक्षण पर हमला है और सामाजिक न्याय के खिलाफ है।

उप्र में 69,000 शिक्षक भर्ती में लिया गया यह फैसला संविधान और आरक्षण के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार दलित, अनुसू. चत समाज, ओबी ओबीसी समाज के लोगों को नौकरी से वंचित रखने का काम कर रही है। इस फैसले के खिलाफ जिन छात्रों और शिक्षकों ने आवाज उठाई, उन्हें भी सरकार ने दबाने और कुचलने का काम किया। बाबा साहेब अंबेडकर ने सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय की बात कही थी, लेकिन सरकार लोगों को इससे वंचित रख रही है। इसी न्याय की लड़ाई हमारे नेता लड़ते आए हैं और लड़ रहे हैं। हमारे नेता लगातार सामाजिक न्याय, हिस्सेदारी, जातिगत जनगणना की बात करते रहे हैं।

कांग्रेस पार्टी हमेशा वंचित वर्ग के साथ खड़ी है और आगे भी खड़ी रहेगी। कांग्रेस पार्टी इस भर्ती घोटाले में उच्च स्तरीय न्यायिक जांच की मांग करती है। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि आरक्षित वर्गों की 18,500 खाली सीटों पर दलित समाज, जनजाति समाज और ओबीसी समाज से योग्य उम्मीदवारों का चयन किया जाए, जो अभ्यर्थी इस अन्याय के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं, उन पर हो रहे अत्याचार और दमन पर रोक लगे, उनको भी न्याय मिले। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सामाजिक न्याय और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए हरसंभव प्रयास करेगी। इस घोटाले में लाखों युवाओं के अधिक. ारों पर प्रहार हो रहा है, उनके सपनों को तोड़ा जा रहा है। कई साल मेहनत कर युवा नौकरी पाने का प्रयास करते हैं, लेकिन इनको रोजगार नहीं मिल रहा है। इन्हें जल्द से जल्द न्याय मिले, रोजगार मिले।

## कमजोर वर्ग के बच्चों की छात्रवृत्ति में हुई है बड़ी कटौती: खड़गे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार पर दलित, आदिवासी, पिछड़ा और अल्पसंख्यक वर्ग के छात्रों की छात्रवृत्ति हड़पने का आरोप लगाते हुए कहा है कि जब तक उन्हें पर्याप्त संरक्षण नहीं मिलेगा वे आगे नहीं बढ़ सकते हैं। खड़गे ने प्रधानमंत्री को संबोधित करते हुए सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि नरेन्द्र मोदी जी, देश के एससी, एसटी, ओबीसी तथा अल्पसंख्यक वर्ग के युवाओं की छात्रवृत्तियों को आपकी सरकार ने हथियाने का काम किया है। ये शर्मनाक सरकारी आंकड़े बताते हैं कि सरकार ने लाभार्थियों के सभी वजीफों मे भारी कटौती तो की है साथ ही औसतम साल-दर-साल 25 प्रतिशत फंड भी कम खर्च किया है। उन्होंने कहा कि जब तक देश के कमज़ोर वर्ग के छात्रों को अवसर नहीं मिलेगा, उनके हुनर को प्रोत्साहन नहीं मिलेगा, तब तक हम अपने देश के युवाओं के लिए नौकरियां कैसे बढ़ा पाएंगे। आपका 'सबका साथ, सबका विकास' का नारा, रोज़ाना कमज़ोर वर्गों के अरमानों का मज़ाक उड़ाता है।

# केन्द्र की नई कृषि नीति को रद्द करने का प्रस्ताव पास

चंड़ीगढ़, वार्ता



■ पंजाब विधानसभा में सीएम मान ने बताया किसान विरोधी
■ कहा: तीन विवादास्पद कृषि कानूनों को नए रूप में लागू करने का प्रयास

भगवंत मान सरकार ने मंगलवार को पंजाब विधानसभा में केंद्रीय कृषि विधेयक को निरस्त करने का प्रस्ताव पेश किया, जिसे विधायकों ने सर्वसम्मति से पारित कर दिया।

राज्य सरकार ने पिछले महीने ही केंद्र सरकार की इस नीति पर विरोध जताया था। भगवंत मान सरकार का कहना है कि यह नीति 2021 में रद्द किए गए तीन विवादास्पद कृषि कानूनों को नए रूप में लागू करने का प्रयास है। वहीं पंजाब विधानसभा से केंद्र सरकार के कृषि पर पालिसी का ड्राफ्ट को रद्द करने का प्रस्ताव पास हो गया है। इसको लेकर शंभू बार्डर पर अपनी मांगों के लेकर बैठे किसान संगठनों की ओर से भी पंजाब सरकार पर दबाव बनाया जा रहा था। बीते दिन किसान मजदूर संघर्ष कमेटी के प्रदेश नेता सरवन सिंह पंधेर ने नई मंडी नीति के मसौदे के खिलाफ प्रस्ताव पारित कर इसका विरोध करने की मांग की थी। पंजाब सरकार का कहना है कि केंद्र की कृषि मार्केटिंग नीति किसान विरोधी है। केंद्र सरकार पुराने तीन कृषि कानूनों की जगह इसे लाकर किसानों को धोखा देना चाहती है। भगवंत मान सरकार ने पंजाब विधानसभा का दो दिवसीय विशेष सत्र बुलाया था। इसके दूसरे दिन यह प्रस्ताव पारित किया गया। जबकि इस दौरान बीजेपी के दो विधायक सदन से अनुपस्थित रहे। किसान संगठनों ने सरकार की नई कृषि नीति के मसौदे का विरोध भी किया था। किसानों का कहना है कि केंद्र सरकार की नई नीति रद्द किए गए तीन कृषि कानूनों को नए तरीके से लागू करने की को. शिश है। यह किसानों को कतई मंजूर नहीं है। नए कृषि बिल में भी पुराने प्रावधान को दोहराया गया है। इस कानून में किसानों को एपीएमसी मंडियों के बाहर भी अपनी उपज बेचने की अनुमति दी गई थी।

## अर्थ व्यापार

# लिवाली की बदौलत, सेंसेक्स चढ़ा, निफ्टी फिसला

मुंबई, वार्ता



विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारती एयरटेल, जोमैटो, मारुति, आईसीआईसीआई बैंक और इंफोसिस समेत 17 कंपनियों में हुई लिवाली की बदौलत आज सेंसेक्स में तेजी लौट आई, वहीं बिकवाली के दबाव में निफ्टी मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 147.71 अंक की तेजी लेकर 74,602.12 अंक पर पहुंच गया, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 5.80 अंक फिसलकर 22,547.55 अंक पर आ गया। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में जमकर बिकवाली हुई, जिससे मिडकैप 0.57 प्रतिशत लुढ़ककर 39,831.17 अंक और स्मॉलकैप 0.45 प्रतिशत कमजोर रहकर 45,052.21 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 4062 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1678 में लिवाली जबकि 2253 में बिकवाली हुई, वहीं 131 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 31 कंपनियां लाल जबकि 19 हरे निशान पर बंद हुईं। बीएसई के सात समूहों में तेजी का रुख रहा। इससे सीडी 0.04, एफएमसीजी 0. 26, दूरसंचार 0.66, ऑटो 0.43, बैंकिंग 0.02, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.37 और टेक समूह के शेयर 0. 01 प्रतिशत मजबूत रहे। वहीं, कमोडिटीज 0.98, ऊर्जा 1.10, इंडस्ट्रियल्स 0.71, आईटी 0.59, कैपिटल गुड्स 0.62, धातु 1.69, तेल एवं गैस 1.34, रियल्टी 1.27, सर्विसेज 1.27 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.70 प्रतिशत चढ़ गए। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। ब्रिटेन का एफटीएसई 0.43 और जर्मनी के डैक्स में 0.05 प्रतिशत की तेजी रही जबकि जापान का निक्केई 1.39, हांगकांग का हैंगसेंग 1.32 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.80 प्रतिशत गिर गया। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 14 अंक फिसलकर 74,440.30 अंक पर खुला और बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 74,400.37 अंक के निचले स्तर तक टूट गया। वहीं लिवाली होने से यह दोपहर से पहले 74,785.08 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 74,454.41 अंक के मुकाबले 0.20 प्रतिशत बढ़कर 74,602.12 अंक हो गया। वहीं, निफ्टी 37 अंक गिरकर 22,516.45 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,513.90 अंक के निचले, जबकि 22,625. 30 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 22,553.35 अंक की तुलना में 0.03 प्रतिशत फिसलकर 22,547.55 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान सेंसेक्स की तेजी पर रही कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.61, भारती एयरटेल 2.55, बजाज फाइनेंस 1.65, जोमैटो 1.37, नेस्ले इंडिया 1.34, बजाज फिनसर्व 0.99, अडानी पोर्ट्स 0.92, मारुति 0.88, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.80, टाइटन 0.80, आईटीसी 0.75, आईसीआईसीआई बैंक 0.60, एचडीएफसी बैंक 0.47, इंडसइंड बैंक 0.40, इंफोसिस 0.23, कोटक बैंक 0.14 और एक्सिस बैंक 0.04 प्रतिशत शामिल है। वहीं सन फार्मा 1.58, पावरग्रिड 1.25, टीसीएस 1.19, टेक महिंद्रा 1.15, एशियन पेंट 1.04, टाटा मोटर्स 0.97, एलटी 0.93, अल्ट्रासिम्को 0.93, रिलायंस 0.89, एसबीआई 0. 75, एचसीएल टेक 0.46, टाटा स्टील 0.44 और एनटीपीसी के शेयर 0.36 प्रतिशत गिरावट पर रहीं।

# उठाव बढ़ने से सरसों और वनस्पति तेल महंगा

नई दिल्ली, वार्ता



■ गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे

विदेशी बाजारों के मिलेजुल रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव बढ़ने से मंगलवार को दिल्ली थोक जिंस बाजार में सरसों तेल और वनस्पति तेल महंगा हो गया, वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहन:** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मार्च का पाम ऑयल वायदा नौ रिंगिट फिसलकर 4722 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.35 सेंट की तेजी के साथ 46.65 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में सरसों तेल 365 रुपए और वनस्पति तेल 292 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर अन्य खाद्य तेलों में टिकाव रहा। मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, और पाम ऑयल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:-

दाल-दलहन: चना 5950-6050, दाल चना 6950-7050, मसूर काली 7350-7450, मूंग दाल 9300-9400, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 7850-7950 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपए और चावल : 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4300-4400, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 16116 रुपए, मूंगफली तेल 18462 रुपए, सूरजमुखी तेल 16703 रुपए, सोया रिफाइंड 15751 रुपए, पाम ऑयल 13553 रुपए और वनस्पति तेल 16336 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**1984 के दंगों...** हुई, जिनमें लगभग 400 लोगों को दोषी ठहराया गया। सज्जन कुमार सहित लगभग 50 लोगों को हत्या के लिए दोषी ठहराया गया था। कांग्रेस के प्रभावशाली नेता और सांसद रहे सज्जन कुमार पर 1984 में एक और दो नवम्बर को दिल्ली की पालम कालोनी में पांच लोगों की हत्या के मामले में भी आरोप लगाया गया था। इस मामले में उन्हें दिल्ली उच्च न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। सजा को चुनौती देने वाली उनकी अपील सुप्रीम कोर्ट में अभी लंबित है। ट्रायल कोर्ट ने कुमार को बरी किए जाने के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट में एक और अपील लंबित है, जबकि चौथे मामले में दिल्ली की एक अदालत वर्तमान में सुनवाई कर रही है। सिख नेता गुरलाद सिंह ने कहा कि हमें मौत की सजा से कम कुछ भी मंजूर नहीं है। हम अदालत के फैसले से खुश नहीं हैं। हम सरकार से अपील करेंगे कि वे उच्च न्यायालय जाएं और सज्जन कुमार के लिए मौत की सजा की घोषणा करें।

**दिल्ली आबकारी नीति...** और शराब जोन की निविदा पुन: जारी करने के मामले में आबकारी विभाग की विफलता के कारण विभाग को 890.15 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। कैग की रिपोर्ट में कहा गया है कि कोविड-19 की पाबंदियों के नाम पर शराब की दुकान के लाइसेंस धारकों को दी गई दी 144 करोड़ रुपये की छूट नियमानुसार नहीं थी। छूट के इस प्रस्ताव पर वित्त विभाग की आपत्तियों के बावजूद श्री सिसोदिया ने व्यक्तिगत रूप से इसकी मंजूरी दी थी। विधानसभा अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता ने पिछली आप सरकार के रवैये की आलोचना करते हुए कहा कि यह जानकर आश्चर्य होता है कि 2017-18 के बाद विधानसभा में कैग की रिपोर्ट विधानसभा में पेश ही नहीं की गई। राज्य की वित्तीय स्थिति की जानकारी के लिए इसकी बहुत जरूरत होती है। दुर्भाग्य से पिछली सरकार ने कैग की रिपोर्ट पेश नहीं की और इस तरह संविधान का उल्लंघन किया।

**आतिशी सहित...** भीमराव अंबेडकर की फोटो हटाने का विरोध करना शुरू किया। आप के विधायक ने 'जय भीम और बाबा साहब का अपमान नहीं सहेगा' हिंदुस्तान के नारे लगाने लगे। विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने शुरू में जनरैल सिंह, विशेष रवि, अनिल झा, सोमदत्त, संजीव झा को निलंबित किया। नारेबाजी नहीं रुकने पर उन्होंने सुरेंद्र सिंह, वीर सिंह धिगान, मुकेश अहलावत, कुलदीप, जुबैर अहमद, आतिशी, गोपाल राय को दिनभर के लिए निलंबित कर दिया।

**सपा नेता...** हेराफेरी के मामले में सपा नेता आजम खां की पत्नी डा. तजीन फात्मा और बड़े बेटे अदीब आजम व उनकी बहन निकहत अखलाक सोमवार को कोर्ट में पेश हुईं। कोर्ट ने अब 5 मार्च तक के लिए अंतरिम जमानत स्वीकार कर ली है। शत्रु संपत्ति के अभिलेखों में रिकॉर्ड रूम के सहायक अभिलेखपाल मोहम्मद फरीद की ओर से सिविल लाइंस थाने में 9 मई 2020 को लखनऊ के पीरपुर हाउस निवासी सैयद आफाक अहमद व अज्ञात के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कराया था, जिसमें शत्रु संपत्ति के अभिलेखों में हेराफेरी करने का आरोप है। दरअसल, यह मामला मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी परिसर के अंतर्गत आने वाली भूमि का है, जो कि इमामुद्दीन कुरैशी पुत्र बदरुद्दीन कुरैशी के नाम दर्ज थी। इमामुद्दीन कुरैशी वर्ष 1947- 48 में भारत छोड़कर पाकिस्तान चले गए थे और यह संपत्ति शत्रु संपत्ति के रूप में सन 2006 में भारत सरकार के कस्टोडियन विभाग के अंतर्गत दर्ज कर ली गई थी। रिकॉर्ड की जांच करने पर यह मामला प्रकाश में आया कि राजस्व विभाग के रिकॉर्ड में जालसाजी कर शत्रु संपत्ति को हेराफेरी करने के लिए आफाक अहमद का नाम गलत तरीके से राजस्व रिकॉर्ड में अंकित कर दिया गया था तथा रिकॉर्ड के पन्ने फटे हुए पाए गए थे। इस मामले में विवेचना के बाद सपा नेता आजम खां, पत्नी डॉ. तंजीन फात्मा, बेटे अब्दुल्ला आजम, अदीब आजम, बहन निकहत अखलाक समेत ट्रस्ट के पदा. धिकारियों को आरोपी बनाया गया है। इस मामले में आजम की पत्नी डॉ. तंजीन फात्मा, बड़े बेटे अदीब आजम व बहन निकहत अखलाक को कोर्ट ने सोमवार तक की अंतः. रम जमानत दी थी। सोमवार को तीनों एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट ट्रायल कोर्ट में हाजिर हुए।

## प्रेमिका व परिवार के चार लोगों की हत्या, मां गंभीर

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के तिरुवनंतपुरम के वेंजारामूडू में सोमवार शाम 23 साल के युवक ने 5 लोगों की हत्या कर दी। आरोपी ने अपनी प्रेमिका, भाई, दादी, चाचा और चाची की चाकू-हथौड़ा से बेरहमी से हत्या की। इसके बाद आरोपी ने मां पर हमला कर उन्हें भी मारने की कोशिश की। युवक ने पूरी प्लानिंग के साथ तीन अलग-अलग जगह पर घटना को अंजाम दिया। फिर वेंजारामूडू पुलिस थाने जाकर सरेंडर किया और अपराध कबूला।

थाने में आरोपी ने बताया कि उसने अपनी मां, प्रेमिका समेत 6 लोगों की हत्या की है। आरोपी का नाम अफ्फान है। पुलिस ने अब तक 5 लोगों की मौत की पुष्टि की है, जिसमें आरोपी का भाई अहसन, दादी सलमा बीवी, चाचा लतीफ, चाची शाहिदा और उसकी प्रेमिका फरशाना शामिल हैं। आरोपी के खिलाफ 2 पुलिस स्टेशन में तीन मामले दर्ज किए गए हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

काले इल्म व सिपली इल्म की काली तांत्रिक शक्तियों का चमत्कार सात घंटों में अपनी आंखों से देखें।
पंडित जी शर्मा
9634608433
जैसे:- नौकरी, व्यापार, कारोबार, पति-पत्नी में झगड़ा, लव मैरिज में अड़चन, शादी में रुकावट, प्यार में धोखा खाये प्रेमी व प्रेमिका एक बार अवश्य फोन करें। आपका बेटा-बेटी, पति-पत्नी किसी के वश में हो महावशीकरण करवाएं या तुड़वाएं, सौतन-दुश्मन को अपनी आंखों के सामने तड़पता देखें, घर में खून के छींटे या प्रेत आत्माओं का साया।
My Promise आपका प्यार टूटने नहीं दूंगा। महावशीकरण व मुठकरनी के स्पेशलिस्ट
माताएं व बहनें घर बैठे गारंटीड समाधान करवाएं। 21 वर्षों से आपकी सेवा में
अजमेर शरीफ

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# वन्य जीवों के हमलों को लेकर जल्द बनेगा कानून: सीएम

### पौड़ी के दुगड्डा में शहीद मेले के उद्घाटन के अवसर पर बोले मुख्यमंत्री धामी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून/कोटद्वार।** पौड़ी के दुगड्डा पार्क में तीन दिवसीय शहीद मेले का मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को शुभारंभ किया। कार्यक्रम से पहले मुख्यमंत्री ने दुगड्डा में अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद, स्व. बलदेव सिंह आर्य और स्व. भवानी सिंह रावत की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि मानव वन्यजीव संघर्ष और विकास बनाम वन संरक्षण के संबंध में केंद्र सरकार के साथ चर्चा की जाएगी। इससे चुनौतियों का समाधान होगा और जो विकास कार्य नहीं हो पाते हैं उन पर काम हो सकेगा। साथ ही वन्यजीव हमलों के सबंध में संबंधित अधिकारियों को विधि सम्मत कार्यवाही को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सबकी जान बचाना हमारी प्राथमिकता है। वन्य जीवों के हमलों को लेकर भी जल्द कानून बनाया जाएगा।

शहीद मेले में रीप परियोजना, बाल विकास, वन विभाग, कृषि विभाग, उद्यान, सहकारिता, समाज कल्याण, डेयरी विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा लगाए स्टॉल लगाकर लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम में विधायक महंत दिलीप रावत, विधायक यमकेश्वर रेनू बिष्ट,मेयर कोटद्वार शैलेंद्र सिंह रावत, अध्यक्ष नगर पालि. का परिषद दुगड्डा शांति बिष्ट, जिला अध्यक्ष भाजपा वीरेंद्र सिंह रावत, जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लोकेश्वर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत, एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधाममंत्री के नेतृत्व में स्वतंत्रता संग्राम की गौरवशाली गाथाओं का नई पीढ़ी को पुन: स्मरण कराने के लिए पूरे देश में स्मारकों और संग्रहालय का निर्माण कराया जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा ऐसे वीर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, सैनिकों व उनके परिवारों के कल्याण के लिए कई योजनाओं की शुरुआत की गयी है। इस कड़ी में उत्तराखंड का पांचवा धाम सैनिक धाम देहरादून के गुनियाल गांव में बनाया जा रहा है। सरकार स्वतंत्रता सेनानियों के आश्रितों को स्वास्थ्य सेवाओं और आवासीय योजना में भी प्राथमिकता दे रही है।

## मुख्यमंत्री ने की घोषणाएं

मुख्यमंत्री ने क्षेत्र के विकास के लिए कई घोषणाएं की गई। जिसमें नगर पालि. का दुगड्डा के क्षेत्रान्तर्गत एक आधुनिक बहुउद्देशीय भवन का निर्माण। नगर पालिका के लिए एक आधिकारिक वाहन की व्यवस्था।

भवानी सिंह रावत शहीद स्मृति स्थल का संरक्षण, सौंदर्यीकरण एवं पुनर्निर्माण नगर पालिका द्वारा किया जाएगा। नगर पालिका परिषद दुगड्डा क्षेत्रान्तर्गत निराश्रितों के लिए एक स्थायी रैन बसेरा का निर्माण किए जाएगा। दुगड्डा नगर में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का विकास एवं इसका नाम स्व. मोहनलाल बौंठियाल के नाम पर रखा जाएगा। दुगड्डा ब्लॉक में एक मिनी स्टेडियम की स्थापना की जाएगी। फतेहपुर में सिलगाड नदी पर पुल का निर्माण कराया जाएगा। मटियाली में सिद्धबाबा मंदिर का सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्य कराए जाने की घोषणाएं की।

## शहीदों का बलिदान देता है मार्गदर्शन: धामी

सीएम ने अमर शहीदों के योगदान को याद करते हुए कहा कि उनका साहस और बलिदान हमें देश की सेवा में समर्पण और कर्तव्य का मार्गदर्शन देता है। इस प्रकार के आयोजन हमारे इतिहास और संस्कृति के प्रति युवाओं को जागरूक करते हैं,जिनसे हमें शहीदों के आदर्शों को अपनाने की प्रेरणा मिलती है।

# भू कानून जन हित और आम जन की मंशा के अनुरूप:चमोली

**मुख्य संवाददाता**

**देहरादून ।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और विधायक विनोद चमोली ने राज्य के भू कानून को जरूरी और आम जन की मंशा के अनुरूप बताया। उन्होंने कहा कि राज्य मे विकास योजनाओं के लिए एक लाख करोड़ से अधिक का बजट पारित किया गया है और यह विकास मे मील का पत्थर साबित होगा।

चमोली ने कहा कि कांग्रेस को जन हित के हर मुद्दे से समस्या है। राज्य की बदल रही डेमोग्राफी तथा संस्कृति के सरंक्षण के लिए धामी सरकार निर्णय ले रही है और कांग्रेस उस पर सवाल उठा रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान मे भू कानून और बजट पर सर्वाधिक चर्चा की जरूरत है।पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों के सवालों का जबाब देते हुए चमोली ने पहाड़ और मैदान की राजनैतिक बयानबाजियों को उत्तराखंड के साथ अन्याय बताया।

उन्होंने इस मुद्दे पर विवाद समाप्त करने की अपील करते हुए कहा कि सदन के अंदर सभी को अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना होता है और स्पीकर ने भी वही किया। लेकिन जिस तरह क्षेत्रवाद की आड़ में गैरजिम्मेदारी से उनके योगदान को नकारा जा रहा है वह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।सदन में कैबिनेट मंत्री की टिप्पणी को लेकर पूछे गए सवाल जबाब देते हुए उन्होंने कहा कि किसी ने भी दोनों तरफ से हुई टिप्पणियां को उचित नहीं ठहराया है। पार्टी नेतृत्व ने भी उसका संज्ञान लेते हुए प्रदेश अध्यक्ष और महामंत्री संगठन मंत्री द्वारा उन्हें बुलाकर समझाया गया है। उन्हें सख्ती और संवेदनशीलता से सभी आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। वहीं स्वयं मंत्री ने भी अपने व्यक्तत्व पर खेद जताया है, लिहाजा इस पर की जारी चर्चा पर अब विराम लगना चाहिए।चमोली ने कहा कि आज हमारी प्राथमिकता सशक्त भू कानून पर चर्चा की होनी चाहिए। 1 लाख करोड़ से अधिक का बजट राज्य के विकास के लिए आया है चर्चा उसके पहलुओं पर होनी चाहिए।

# गैरसैंण पहुंची विधानसभा अध्यक ऋतु खंडूड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गैरसैंण** (भराड़ीसैंण) से उत्तराखंड की ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण, भराड़ीसैण स्थित विधानसभा भवन में मंगलवार को उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण ने अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन, शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान के मुख्यालय का विधिवत उद्घाटन किया।

इस संस्थान की स्थापना का उद्देश्य राज्य के शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों और नीति-निर्माताओं को एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करना है, जहां उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर की शोध एवं प्रशिक्षण सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएंगी। यह संस्थान उत्तराखंड को ज्ञान-विज्ञान और नीति-निर्माण के क्षेत्र में अग्रणी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

उद्घाटन समारोह के दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने कहा, ष्यह संस्थान उत्तराखंड के विकास को नई दिशा देने का कार्य करेगा। शोध और प्रशिक्षण के माध्यम से नीति-निर्माण की प्रक्रिया अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ होगी, जिससे राज्य के विकास को गति मिलेगी। उद्घाटन कार्यक्रम के उपरांत, विधानसभा अध्यक्ष ने ई-विधान एप्लिकेशन के माध्यम से विधानसभा में हो रहे कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की और इस डिजिटल प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन पर संतोष व्यक्त किया।

विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि ई-विधान प्रणाली के तहत विधानसभा की कार्यवाही अब पूरी तरह से पेपरलेस, तेज और पारदर्शी होगी। इस प्रणाली से विधानसभा की सभी प्रक्रियाओं का डिजिटल रिकॉर्ड रखा जाएगा, जिससे विधायकों को अपनी भूमिका को और अधिक प्रभावी बनाने में सहायता मिलेगी।

उन्होंने कहा, ष्उत्तराखंड विधानसभा को डिजिटल रूप से सशक्त बनाना हमारा लक्ष्य है। देहरादून विधानसभा भवन की तरह ही हम गैरसैंण विधानसभा भवन को भी डिजिटल बनाएंगे।

# राज्य में प्राकृतिक आपदाओं से निपटना बड़ी चुनौती: राज्यपाल

## राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने किया राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के डैशबोर्ड का लोकार्पण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को राजभवन में राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा बनाई गई कॉफी टेबल बुक 'श्री केदारनाथ जी क्षेत्र में आपदा प्रबंधन पर एक और प्रयास' का विमोचन और यूएसडीएमए के डैशबोर्ड का लोकार्पण किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य प्राकृतिक आपदाओं के दृष्टिगत एक संवेदनशील राज्य है। भौगोलिक और पर्यावरणीय परिस्थितियों के कारण यहां भूस्खलन, बाढ़, बादल फटना, भूकंप जैसी आपदाएं समय-समय पर आती रहती हैं। इन आपदाओं से निपटना हमारे लिए एक बड़ी चुनौती रहती है।

उन्होंने कहा कि 31 जुलाई 2024 को श्री केदारनाथ क्षेत्र में आई आपदा एक बड़ी चुनौती बनकर सामने आई थी। इस कठिन परिस्थिति में उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (यूएसडीएमए) ने सभी रेखीय विभागों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए त्वरित राहत एवं बचाव कार्य किए।

राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश सरकार ने केंद्र से समन्वय बनाते हुए इस आपदा की घड़ी में त्वरित निर्णय लेकर राहत एवं बचाव कार्य शुरू किए, जो कि सराहनीय है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उक्त घटना का संज्ञान लेते हुए चारधाम यात्रा मार्गों पर श्रद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिगत सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने एवं यात्रियों को सुरक्षित स्थानों पर रोकने के निर्देश दिए। उनकी निगरानी में युद्ध स्तर पर राहत एवं बचाव कार्य किए गए।

इस अवसर पर विधायक रुद्रप्रयाग भरत चौधरी, उपाध्यक्ष आपदा प्रबंधन सलाहकार समिति विनय रोहिला, मंडी परिषद् के अध्यक्ष अनिल डब्बू, सचिव राज्यपाल रविनाथ रमन, सचिव आपदा प्रबंधन विनोद कुमार सुमन, अपर सचिव राज्यपाल स्वाति एस भदौरिया, एडीजी ए.पी. अंशुमान, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजकुमार नेगी, जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग डॉ. सौरभ गहरवार सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## शीतकालीन यात्रा के भी अच्छे अनुभव: मुख्यमंत्री

सीएम पुष्कर धामी ने कहा कि राज्य में किसी भी आपदा की चुनौती से पार पाने के लिए पीएम मोदी, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह और राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) का सहयोग हमें निरंतर मिलता है। कहा कि इस बार कि चारधाम यात्रा को सुव्यवस्थित बनाने के लिए पूरी तैयारियां की जा रही है। प्रदेश में 08-12-24 से शुरू हुई शीतकालीन यात्रा के भी अच्छे अनुभव सामने आ रहे हैं। प्रधानमंत्री का शीतकालीन यात्रा में कार्यक्रम प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुखवा में उनके लिए भी एक अलग प्रकार का अनुभव था। शीतकाल में उत्तराखण्ड का नैसर्गिक सौन्दर्य और भी अद्भुत होता है।

## मुख्यमंत्री धामी की मंत्री सौरभ ने की सराहना

कैबिनेट मंत्री और रूद्रप्रयाग जनपद के प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि 31 जुलाई 2024 का दिन केदारघाटी के लिए बहुत दुखद दिन था। लेकिन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आपदा के दौरान सबसे आगे खड़े होकर लोगों के अंदर का डर दूर कर यात्रा फिर शुरु करवाने में सफलता हासिल की। केदारनाथ और सिलक्यारा आपदा प्रबंधन इसका उदाहरण है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हर बार सरकार अपनी कार्यकुशलता से आपदा से निपटने में कामयाब रही। उन्होंने कहा कि जिस तरह से मुख्यमंत्री आपदा के दौरान काम करते हैं, एक कॉफी टेबल बुक तो मुख्यमंत्री पर भी बनाई जा सकती है।

# मानकों पर खरे विद्यालयों का होगा उच्चीकरण: डॉ. रावत

### कहा, जनपदों से मांगे जाय विद्यालयों के उच्चीकरण के प्रस्ताव, मुख्यमंत्री घोषणा में शामिल प्रस्तावों पर शीघ्र कार्रवाई के निर्देश



**मुख्य संवाददाता**

**देहरादून।** विद्यालयी शिक्षा विभाग के अंतर्गत मानकों को पूरा करने वाले विद्यालयों का उच्चीकरण किया जायेगा। इसके लिये विभागीय अधिकारियों को उच्चीकरण संबंधी प्रस्तावों पर कार्रवाई के निर्देश दे दिये गये हैं। मुख्य शिक्षा अधिकारियों को अपने-अपने जनपदों से उच्च प्राथमिक विद्यालयों एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के प्रस्ताव भी महानिदेशालय को उपलब्ध कराने को कहा गया है। इसके अलावा मुख्यमंत्री घोषण के संबंधित उच्चीकरण के प्रस्तावों पर भी शीघ्र कार्रवाही के निर्देश अधिकारियों को दे दिये गये हैं।

सूबे के विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने मंगलवार को अपने शासकीय आवास पर विद्यालयी शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। जिसमें उन्होंने विद्यालयों के उच्चीकरण के संबंध में विभागीय अधिकारियों से जानकारी हासिल करते हुये उच्चीकरण में हो रही देरी पर नाराजगी व्यक्त की। डॉ. रावत ने कहा कि प्रदेशभर के ऐसे राजकीय विद्यालय जो उच्चीकरण के मानकों को पूरा करते हो, शीघ्र उच्चीकरण किया जाय। इस संबंध में उन्होंने जनपद स्तर से मुख्य शिक्षा अधिकारी के माध्यम से जूनियर हाईस्कूल और हाईस्कूल स्तर के विद्यालयों के उच्चीकरण प्रस्ताव शीघ्र मांगे जाने के निर्देश दिये। ताकि समय पर विद्यालयों का उच्चीकरण कर स्थानीय छात्र-छात्राओं को शिक्षा ग्रहण करने में और अधिक सुगमता हो सके।

विभागीय मंत्री ने बताया कि वर्तमान में हाईस्कूल से इंटर स्तर पर उच्चीकरण हेतु मानक पूर्ण करने वाले नौ विद्यालय हैं। जिनमें चम्पावत जनपद का राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फुंगर, सल्ली और पल्सों शामिल है। इसी प्रकार रूद्रप्रयाग जनपद में स्व0 शहीद फते सिंह राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बाडव, टिहरी में रा0उ0मा0 वि0 मेड़, चामासारी, हरिद्वार में रा0उ0मा0 विद्यालय बेलड़ी, अल्मोड़ा में रा0उ0मा0 विद्यालय कांटली और नैनीताल में राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कैड़ागांव शामिल है जिनका शीघ्र ही उच्चीकरण कर आदेश जारी कर दिये जायेंगे। इसके अलावा उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि मुख्यमंत्री घोषणा में शामिल विभिन्न विद्यालयों के उच्चीकरण संबंधी प्रस्तावों पर तत्काल कार्रवाई की जाय तथा उच्चीकरण के मानक पूर्ण न करने की स्थिति में शिथिलीकरण हेतु प्रस्ताव माननीय मुख्यमंत्री को भेजे जाय।

बैठक में अपर सचिव विद्यालयी शिक्षा रंजना राजगुरू, महानिदेशक बंशीधर तिवारी, अपर सचिव एमएम सेमवाल, प्रभारी निदेशक प्राथमिक शिक्षा अजय कुमार नौडियाल, प्रभारी निदेशक माध्यमिक शिक्षा डॉ. मुकुल सती, अपर परियोजना निदेशक कुलदीप गैरोला, उप सचिव अनिल पाण्डेय, अनु सचिव विकास श्रीवास्तव, स्टॉफ ऑफिसर समग्र शिक्षा बी.पी.मंदोली सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री धामी ने महाशिवरात्रि पर्व की दी बधाई एवं शुभकामनाएं



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को महाशिव. रात्रि के पावन पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी है। इस अवसर पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पावन पर्व शिव एवं शक्ति की आराधना का पर्व है। यह पर्व हमें प्रेम, एकता और आध्यात्मिक जागरण की प्रेरणा देता है।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस पावन पर्व पर कामना की है कि भगवान शिव की असीम कृपा सभी प्रदेशवासियों पर हमेशा बनी रहे और प्रदेश उन्नति एवं खुशहाली के पथ पर हमेशा आगे बढ़ता रहे।

# भारत-नेपाल के बीच हवाई सेवाओं का विस्तार जरूरी: महाराज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** नेपाली यात्रियों के लिए भारत में प्रवेश करने की प्रक्रिया को यदि सरल बना दिया जाये तो इससे दोनों देशों के बीच सदभाव बढ़ने के साथ-साथ पर्यटन में वृद्धि हो सकती है।

यह बात उत्तराखंड के पर्यटन, धर्मस्व, संस्कृति, लोक निर्माण, सिंचाई, पंचायतीराज, जलागम एवं ग्रामीण निर्माण, मंत्री सतपाल महाराज ने नेपाल के महेंद्रनगर में ष16वें सुदूर पश्चिम प्रदेश स्तरीय औद्योगिक व्यापार मेला व कंचनपुर पर्यटन महोत्सवष में प्रतिभाग के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि नेपाल के पशुपतिनाथ मंदिर और भारत के केदारनाथ धाम, वाराणसी, हरिद्वार, और देहरादून जैसे धार्मिक स्थलों को जोड़ने वाले धार्मिक पर्यटन सर्किट की स्थापना से दोनों देशों के बीच धार्मिक पर्यटन में भी वृद्धि हो सकती है। महाराज ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से नेपाल के सुदूर पश्चिम प्रदेश में कृषि और दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में सहयोग से दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों में वृद्धि हो सकती है। इसके अलावा हवाई सेवाओं की स्थापना से दोनों देशों के बीच यात्रा में काफी सुविधा हो सकती होगी।

भारत और नेपाल के बीच पर्यटन आर्थिक संबंधों और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के लिए जरूरी है कि नेपाली यात्रियों के लिए भारत में प्रवेश प्रक्रिया को सरल बनाया जाए। महेंद्रनगर में ष16वें सुदूर पश्चिम प्रदेश स्तरीय औद्योगिक व्यापार मेला तथा कंचनपुर पर्यटन महोत्सवष नेपाल की विभिन्न विभागों के स्टॉल के साथ-साथ उत्तराखंड पर्यटन का स्टाल भी विशेष आकर्षण का केंद्र बना रहा। इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इस मौके पर नेपाल के उद्योग, वाणिज्य तथा आपूर्ति मंत्री दामोदर भंडारी, पूर्व मुख्यमंत्री राजेंद्र सिंह रावल, पूर्व उद्योग तथा वाणिज्य मंत्री अब्दुल खान, नेपाल प्रदेश सरकार के मंत्री बहादुर सिंह थापा, हीरा सार्की, कृषि एवं सहकारिता मंत्री वीर बहादुर थापा, पूर्व मंत्री ओम विक्रम, उद्योग वाणिज्य संघ नेपाल के अध्यक्ष पीतांबर जोशी, दुर्गा दत्त वोहरा आदि उपस्थित थे।

# घास काट रही महिला को गुलदार ने उतारा मौत के घाट

**रुद्रप्रयाग।** विकासखण्ड जखोली के अंतर्गत ग्राम पंचायत देवल की एक महिला को गुलदार ने अपना निवाला बना दिया। महिला घर से कुछ दूर अपने खेतों में घास काटने गई थी, जहां घात लगाए गुलदार ने अचानक से महिला पर जानलेवा हमला कर दिया। हमला करने के बाद गुलदार महिला को चार से पांच खेतों तक घसीटकर ले गया। जब तक गांव के अन्य लोग वहां पहुंचते, तब तक महिला की जान जा चुकी थी। दो माह के अंतराल में गुलदार ग्राम पंचायत की ही तीन महिलाओं पर जानलेवा हमला कर गंभीर घायल कर चुका है। घटना से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है और ग्रामीण लोग डर के साये में हैं। मंगलवार सांय पांच बजे के लगभग घर से कुछ दूर खेतों में घास लेने गई देवल गांव की सर्वेश्वरी देवी (77) पत्नी इन्द्र दत्त उनियाल पर घात लगाये गुलदार ने जानलेवा हमला कर दिया। हमला करने के बाद गुलदार महिला को कई खेतों तक घसीटकर ले गया। आस-पास मौजूद महिलाओं ने यह दृश्य देखा तो वे जोर-जोर से चिल्लाने लगी। जब तक अन्य ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंचते, तब तक महिला की मौके पर ही मौत हो चुकी थी।











# डीएम ने विभागाध्यक्षों को सभी कर्मचारियों का यूसीसी पंजीकरण शीघ्र करवाने के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोपेश्वर।** जिलाधिकारी संदीप तिवारी की अध्यक्षता में मंगलवार को समान नागरिक संहिता (यूसीसी) की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को अपने विभागीय कर्मचारियों का शत प्रतिशत पंजीकरण करवाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को प्रतिदिन कर्मचारियों के पंजीकरण की प्रगति सूचना निर्धारित प्रारूप में उपलब्ध कराने के आदेश दिए।

समान नागरिक संहिता की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी बताया कि सरकारी सेवा में कार्यरत कर्मचारियों के लिए यूसीसी पंजीकरण अनिवार्य है। एक्ट के तहत निर्धारित समय में पंजीकरण न करवाने पर दण्डात्मक कार्रवाई के प्रावधान किए गए हैं। ऐसे में सभी विभागाध्यक्ष अपने विभागीय

**विभागीय अधिकारियों को पंजीकरण की प्रगति रिपोर्ट प्रतिदिन उपलब्ध कराने के दिए आदेश, जिलाधिकारी बताया कि सरकारी सेवा में कार्यरत कर्मचारियों के लिए यूसीसी पंजीकरण अनिवार्य है**

कर्मचारियों का पंजीकरण समय से करवाना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने नगर पालिका के अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का निस्तारण व प्रमाण पत्र समय से जारी करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि पंजीकरण में आने वाली समस्याओं



के निस्तारण के लिए ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर से सम्पर्क किया जा सकता है। इस दौरान जिलाधिकारी ने बैठक से अनुपस्थित अधिकारियों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

बैठक में ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर ने यूसीसी की जानकारी देते हुए बताया कि पोर्टल पर 6 सेवाओं के पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। जिसमें विवाह, विवाह विच्छेद, लिव इन रिलेशन, लिव इन रिलेशन की समाप्ति, कानूनी उत्तराधिकार, वसीयत पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। पोर्टल के माध्यम से ही आवेदन अपील व शिकायत भी दर्ज करवा सकतें हैं। उन्होंने बताया कि जनपद में वर्तमान तक 627 दम्पति की ओर से विवाह पंजीकरण के लिए आवेदन किया गया है। जिनमें से 499 दम्पति को प्रमाण पत्र जारी कर दिए गए है। जबकि 69 मामलों में कार्रवाई की जा रही है।

विवाह पंजीकरण के 38 मामले रद्द किए गए है तथा 15 पुनः जांच के लिए भेजे गए हैं। वहीं 6 मामले उच्चाधिकारियों को अग्रसारित किए गए हैं। वहीं जनपद में वर्तमान तक लिव इन रिलेशन का 1 तथा उत्तराधिकार का 1 आवेदन प्राप्त हुआ है।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश, परियोजना निदेशक एएस भाकुनी, एपीडी केके पंत, सीएमओ डा. अभिषेक, समाज कल्याण अधिकारी धनंजय लिंगवाल सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# विस्थापित काश्तकारों को लॉटरी से भूखंड आवंटित

**■ टिहरी बांध प्रभावित 35 परिवारों को पुनर्वास भूखंड मिले, पारदर्शी प्रक्रिया से पुनर्वास भूखंडों का आवंटन सम्पन्न**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** टिहरी बांध परियोजना के अंतर्गत विभिन्न ग्रामों के 35 पात्र विस्थापित काश्तकारों को आवासीय भूखंडों का आवंटन लॉटरी प्रणाली के माध्यम से किया गया। यह प्रक्रिया शासन द्वारा गठित समिति के अधिकारियों की देखरेख में पुनर्वास निदेशालय में जिलाधिकारी एवं पुनर्वास निदेशक मयूर दीक्षित की उपस्थिति में पूरी की गई।

लॉटरी प्रक्रिया के तहत 200 वर्ग मीटर के भूखंड आवंटित किए गए। आवंटन के लिए दो डिब्बों का उपयोग किया गयाकृपहले डिब्बे में



काश्तकारों के नाम और दूसरे में आवासीय भूखंडों की पर्चियां रखी गई। उपस्थित काश्तकारों ने स्वयं पर्चियां निकालीं, जिन्हें पढ़कर वीडियोग्राफी के साथ अभिलेखों में दर्ज किया गया।

पुनर्वास के तहत उपलब्ध भूखंडों में से फूलसैणी, देहरादून में 2, भानियावाला अठूरवाला में 1 और घमंडपुर रैनापुर ग्रांट रानीपोखरी, देहरादून में 33 भूखंडों का आवंटन किया गया। जिलाधिकारी ने पुनर्वास और टीएचडीसी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि पुनर्वास नियमावली का पालन सुनिश्चित करते हुए पात्र लाभार्थियों को शीघ्र कब्जा दिलाया जाए। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता पुनर्वास आरके गुप्ता, महाप्रबंधक टीएचडीसी विजय सहगल, एसडीएम टिहरी अपूर्वा सिंह, अधिशासी अभियंता पुनर्वास अनूप कुमार डियूंडी सहित विभागीय अधिकारी और विस्थापित काश्तकार उपस्थित रहे।

## एक नजर .......

### महाशिवरात्रि पर शिवालयों में भक्तों का सैलाब

**नई टिहरी।** महाशिवरात्रि के अवसर पर जिले के प्रसिद्ध शिवालयों को भव्य रूप से फूलों से सजाया गया है। श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए मंदिर समिति और स्थानीय निवासी व्यवस्था बनाए रखने में जुटे हैं। जिले के प्रमुख शिवालयों में जलाभिषेक के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। बुधवार को महाशिवरात्रि पर्व के लिए कोटेश्वर, ओणेश्वर महादेव, देवलसारी महादेव, बूढ़ाकेदार समेत अन्य मंदिरों को भव्य रूप से सजाया गया। इन शिवालयों में स्थानीय श्रद्धालुओं के अलावा दूर-दराज से भी भक्त पहुंच रहे हैं, जिसे देखते हुए व्यवस्थाओं की तैयारी पहले से ही कर ली गई थी। मंदिर समिति ने श्रद्धालुओं से सहयोग की अपील करते हुए व्यवस्था बनाए रखने का अनुरोध किया है।

### शराब पीकर हुड़दंग मचाने पर सात पर कार्यवाही

**श्रीनगर।** नगर पुलिस ने शराब पीकर हुड़दंग मचाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की है। श्रीनगर पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने व हुड़दंग करने पर सात व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी श्रीकोट मुकेश गैरोला ने बताया कि एसएसपी पौड़ी लोकेश्वर सिंह द्वारा दिए गए निर्देश के तहत सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर हुड़दंग मचाने वालों और सत्यापन न कराने वाले ठेकेदारों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक ठेकेदार समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया। कहा कि ठेकेदार पर दस हजार का चालान किया गया, जबकि छह अन्य को सार्वजनिक स्थान पर शराब पीकर हुड़दंग मचाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। बताया कि गिरफ्तार व्यक्तियों में बिहार और उत्तर प्रदेश के मजदूर शामिल हैं।

# जिलाधिकारी ने जनपद रिवर ड्रेजिंग कार्यों की ली समीक्षा बैठक

**■ आपदा संभावित क्षेत्रों में शीघ्र रिवर ड्रेजिंग करवाने के दिए निर्देश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोपेश्वर।** जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने मंगलवार को चमोली में रिवर ड्रेजिंग कार्यों की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान चमोली जनपद में रिवर ड्रेजिंग के लिए चयनित स्थानों को लेकर चर्चा की गई।

जिलाधिकारी ने बैठक में आपदा प्रबंधन अधिकारी व सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता को आपदा का प्रभाव कम करने के लिये आपदा संभावित क्षेत्रों में रिवर ड्रेजिंग की आवश्यकता वाले स्थल चयनित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने चयनित आपदा संभावित क्षेत्रों में आवश्यक कार्रवाई पूर्ण कर शीघ्र



रिवर ड्रेजिंग कार्य करवाने के भी निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने बैठक से अनुपस्थित अधिकारियों के वेतन रोकने के साथ कड़ी कारवाई करने के आदेश दिए। उन्होंने रिवर ड्रेजिंग समीक्षा बैठक को आगामी गुरुवार को पुनः आयोजित करने व सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में भौतिक रूप से उपस्थित होने के आदेश दिए।

बैठक में खनन अधिकारी अकिंत चंद ने बताया कि चमोली जनपद में कुल 21 स्थान रिवर डेजिंग के लिए चयनित किए गए है। जिनसे 1 करोड़ से अधिक के राजस्व की प्राप्ति का अनुमान है। बताया कि चमोली तहसील के अन्तर्गत 6 स्थान रिवर ड्रेजिंग के लिए चयनित किए गए हैं। नंदानगर में 1, जोशीमठ 4, थराली में 6, कर्णप्रयाग में 2 और नंदप्रयाग में 2 स्थान चिन्हित किए गए है।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश, खनन अधिकारी अंकित चंद, आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदकिशोर जोशी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# रानीहाट में 21 मार्च से होंगी जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता

**श्रीनगर।** विकासखंड कीर्तिनगर के ग्राम रानीहाट के जगत विहार खेल मैदान में आगामी 21 से 23 मार्च तक जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। प्रतियोगिता में विभिन्न जनपदों से महिला टीमों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। पत्रकारों से वार्ता करते हुए महिला एवं बालि. का क्रिकेट प्रतियोगिता के संस्थापक देवेंद्र गौड़ ने कहा कि आगामी 21 से 23 मार्च तक तीन दिवसीय जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन जगत विहार खेल मैदान में किया जाएगा। बताया कि महिला क्रिकेट, कबड्डी, वालीबॉल एवं बैडमिंटन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। इन प्रतियोगिताओं में विभिन्न जिलों से महिला टीमों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। उन्होंने बताया कि जगत विहार रानीहाट खेल मैदान में प्रस्तावित विद्युत सब स्टेशन को अन्यत्र शिफ्ट किए जाने की मांग खेल मंत्री रेखा आर्य से की है।

# विधानसभा अध्यक्ष से तत्काल मंत्री अग्रवाल का इस्तीफा लेने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** विधानसभा सत्र के दौरान कैबिनेट मंत्री डा. प्रेमचंद अग्रवाल द्वारा पहाड़ के लोगों पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर स्थानीय लोगों और राज्य आंदोलनकारियों ने कड़ा रोष व्यक्त किया। इस दौरान उन्होंने कैबिनेट मंत्री डा.अग्रवाल के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। दरसल मंगलवार को विधानसभा अध्यक्ष ऋतु भूषण खण्डूड़ी का गैरसैंण में प्रस्तावित कार्यक्रम था। इस दौरान उन्होंने श्रीनगर में अल्प समय के लिए रूकना था, लेकिन विधानसभा अध्यक्ष के श्रीनगर में न रूकने पर खेद भी व्यक्त किया। इसके उपरांत आंदोलनकारियों ने ई-मेल के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित किया। प्रगतिशील जनमंच के संरक्षक अनिल स्वामी ने कहा कि उन्हें सूचना मिली थी कि विधानसभा अध्यक्ष चमोली जिले के दौरे पर हैं। इस दौरान वह मंगलवार को आधा घंटा श्रीनगर में रूकेंगी। कहा कि जब वह अपनी मांगों को लेकर जीएमवीएन पहुंचे तो उन्हें पता चला की अध्यक्ष सुबह ही श्रीनगर से आगे निकल चुकी है। इसके उपरांत नागरिकों ने प्रेम चंद्र अग्रवाल के इस्तीफे की मांग को लेकर जीएमवीएन गेस्ट हाउस के समीप प्रदर्शन किया। राज्य आंदोलनकारी प्रेम दत्त नौटियाल व विमला कोटियाल ने कहा कि विधानसभा सत्र के दौरान वित्त मंत्री द्वारा जो शब्द कहे गए उससे वह आहत हुए हैं। उन्होंने ऋतु खंडूरी से मांग करते हुए कहा कि तत्काल प्रभाव से प्रेमचंद्र अग्रवाल पर कार्यवाही हो। बिष्ट ने कहा कि प्रेम चंद्र का अर्मयादित बयान पर्वतीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की भावना को ठेस पहुंचा रहा है। बताया कि ऋतु खंडूरी के श्रीनगर में न रुकने के बाद ईमेल के माध्यम से उन्हें ज्ञापन भेजा गया है। ज्ञापन में मंत्री प्रेम चंद्र अग्रवाल के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। मौके पर रेशमा, मुकेश सेमवाल, प्रभाकर बाबुलकर, मोनिका, अनिल तिवारी आदि मौजूद रहे।

# 14 वर्ष की बालिका का 25 वर्ष के पुरुष से परिजन करा रहे थे विवाह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जिले में बाल विवाह की घटनाओं को रोकने को लेकर जिला प्रशासन स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत मंगलवार को दो बाल विवाह को रोका गया। प्रशासन की टीम ने समय से गांव में पहुंचकर बाल विवाह को रूकवाया। प्रशासन की इस कार्यवाही से क्षेत्र की जनता में भी खुशी देखने को मिल रही है और अन्य लोग भी इस अभियान का हिस्सा बन रहे हैं। अब तक की कार्यवाही में 14 बाल विवाह रुकवाए जा चुके हैं।

जिलाधिकारी डॉ सौरभ गहरवार के निर्देशन में जनपद को बाल विवाह मुक्त कराने की दिशा में चलाए जा रहे अभियान के तहत दो और बाल विवाह रुकवाए गए।

गुप्तकाशी थाने से मिली जानकारी के आधार पर महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास विभाग की टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए

**■ नाबालिग बालिका की शादी रोकने को लेकर गांव में पहुंची टीम, परिजनों को समझाया, पुनः ऐसा प्रयास करने पर होगी सख्त कार्यवाही, दो माह के भीतर रूकवाए गए 14 बाल विवाह**

अगस्त्यमुनि विकासखंड के ग्राम डमार में बाल विवाह को रूकवाया।

इसके अलावा ग्राम स्तर के संवाद सूत्र से मिली जानकारी के तहत जखोली विकास खंड के ग्राम भुनाल में नाबालिग बालिका की शादी होने से रोका गया। दोनों प्रकरणों में बालि. काओं की उम्र 14 वर्ष, जबकि जिन पुरुषों से इनके विवाह करवाए जाने की कोशिश हो रही थी, उनकी उम्र 24 और 25 वर्ष की थी।

टीम की ओर से ग्राम प्रधान एवं आंगनवाड़ी कार्यकत्री से कहा गया कि वे नियमित रूप से इन परिवारों पर नजर रखें और अगर भविष्य में इनके द्वारा पुनः इस तरह का प्रयास किया जाता है तो तत्काल चाइल्ड हेल्प लाइन के टोल फ्री नंबर 1098, वन स्टाप सेंटर के नंबर 01364 297373, अपने पटवारी चौकी या नजदीकी थाने पर तत्काल सूचित करें।

टीम में वन स्टॉप सेंटर से केंद्र प्रशासक रंजना गैरोला भट्ट, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना समन्वयक दीपिका कांडपाल, चाइल्ड हेल्पलाइन के सुपरवाइजर सुरेंद्र सिंह एवं केस वर्कर अखिलेश सिंह के साथ ग्राम पंचायत डामर की प्रधान गुड्डी देवी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता किरन देवी, ग्राम पंचायत भुनाल गांव की प्रधान सिमरन देवी और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुनीता शामिल थी।

# रजनीकांत सेमवाल और मंजू नौटियाल के गीतों पर थिरके मेलार्थी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** सिद्धपीठ माँ रेणुका देवी मंन्दिर परिसर, डुण्डा में आयोजित उत्तरकाशी जनपद स्थापना दिवस समारोह विकास मेले में रंगा-रंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। मंगलवार को मेले के दूसरे दिन श्री माँ रेणुका संस्कृति एवं पर्यावरण संरक्षण समिति के द्वारा आयोजित विकास मेले में स्थानीय स्कूल के छात्र छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सब का मन मौह लिया। मेले में विभिन्न क्षेत्रों से आई देव डोलियों के कुंभ लगा है मेलार्थियों का देव डोलियों के आशीर्वाद के लिए भारी भीड़ लगी रही है।

मेले में स्थानीय लोक गायक कीर्ति बंसल के खूदेड गितों की खूब धूम मचाई। बाद में देश विदेशों में अपनी आवाज का जादू बिखेर चुके उत्तराखंड के सुप्रसिद्ध लोक गायक रजनीकांत सेमवाल और लोक गायिका मंजू नौटियाल के गित खूब हिट रहे। लोग गायक ने अपने गितों की शुरुआत तेरा जलशा निराला मां, भोले शिव के शिवालय भजन से किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि चिन्यालीसौड़ के पालिक. ाध्यक्ष मनोज कोहली, सभासद सिद्धार्थ नौटियाल, सुमन बडोनी, अंकित रमोला, धनवीर रमोला आदि मौजूद रहे है। श्री परमार ने बताया कि मेले का मुख्य आकर्षण देव डोली नृत्य, सांस्कृतिक कार्यक्रम, चक्रव्यू एवं सरकार द्वारा चलाई जा रही जन उपयोगी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए विभागीय स्टॉल जिला प्रशासनिक द्वारा सहयोग दिया गया है। वहीं स्थानीय लोक गायक, स्कूल के छात्र, व उत्तराखंड के नामि लोक गायकों के कार्यक्रम लगायें गये है। उन्होंने बताया कि इस दौरान एक स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया हो रहा है। इस मौके पर सचिव पदम दत्त जोशी श्एडवोकेट, गीता राम पैन्यूली, पूर्ण सिंह रावत, पूर्व सैनिक अनिल सिंह बिष्ट, लाल सिंह बिष्ट, गंगाधर जोशी, दुर्गा प्रसाद जोशी, राजेश भट्ट, अभिषेक आदि मौजूद रहे है।

# अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण पर जिला प्रशासन सख्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** तहसील श्रीनगर क्षेत्र के अंतर्गत अवैध खन्न और भंडारण की शिकायतों को जिला प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। निरीक्षण के दौरान भंडारण स्थल पर खामियां पाई जाने पर खनन कार्य को स्थगित कर दिया है। जिला खान अधिकारी राहुल नेगी ने बताया कि गठित टीम द्वारा विभागीय कर्मचारियों के साथ कई स्थलों पर अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण को लेकर सघन निरीक्षण एवं कार्रवाई की गई है। बताया कि पट्टाधारक राजेन्द्र सिंह बिष्ट के पक्ष में स्वीकृत 2 हेक्टेयर चुगान लॉट में स्वीकृत क्षेत्र से बाहर खनन किया जाना पाया गया। इस पर संबंधित पट्टाधारक की ई-खनन पोर्टल आईडी को तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया गया तथा अग्रिम आदेशों तक खनन कार्य स्थगित करने के निर्देश दिए गए। इससे पूर्व भी अलकनंदा नदी में अवैध रूप से जेसीबी, पोकलैंड मशीन के संचालन के कारण मौके पर मशीनों को सीज किया गया था। इस तरह, पट्टाधारक




पर अर्थदंड एवं पूर्व बकाया सहित 6 करोड़ 32 लाख 96 हजार 8 सौ 48 रुपए की देयता निर्धारित की गई है। जिला खान अधिकारी ने बताया कि पट्टाधारक के पक्ष में स्वीकृत चमसैरा एवं श्रीकोट रिटेल भंडारण का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ई-रवन्ना पोर्टल पर दर्ज 1761.62 टन उपखनिज के सापेक्ष मौके पर कोई उपखनिज भंडारित नहीं पाया गया। साथ ही, भंडारण स्थल पर चारदीवारी, धर्मकांटा, कार्यालय एवं सीसीटीवी जैसी अनिवार्य सुविधाएं भी अनुपस्थित थीं।

इसे देखते हुए ई-खनन पोर्टल आईडी को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है एवं भंडारणकर्ता को स्थिति स्पष्ट करने हेतु नोटिस जारी किया गया है। यदि संतोषजनक जवाब नहीं मिला, तो अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी। वहीं ग्राम कंडोली में स्थित दीपांजली एसोसिएट स्टोन क्रेशर एवं ग्राम गहड़ में स्थित मां एसोसिएट स्टोन क्रेशर का स्थलीय निरीक्षण में खामियां मिलने पर ई-रवन्ना पोर्टल आईडी को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है तथा संचालकों को स्पष्टीकरण हेतु नोटिस जारी किया गया है।

# तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त, सकुशल

**श्रीनगर।** ऋषिकेश-बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर चौरास पुल के समीप तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। उप निरीक्षक मुकेश गैरोला ने बताया कि श्रीनगर से श्रीकोट की ओर जा रही कार चौरास पुल के समीप अचानक अनियंत्रित हो गई। बताया कि इस दौरान श्रीकोट से श्रीनगर की ओर आ रही ट्रक पर टकराने से बाल बाल बची व कार नीचे चौरास पुल की ओर दीवार से टकरा गई। कार के एयर बैग खुलने के कारण कार सवार युवकों को कोई चोटें नहीं आई है।

# ग्रामीणों ने तहसील थराली में दिया धरना, मुख्यमंत्री को भेजा पत्र



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थराली।** वर्षों से वन भूमि में निवासरत ग्रामीणों को अचानक वन भूमि को खाली करने के नोटिसों को वापस लेने एवं इन जमीनों के पट्टे जारी करने की मांग को लेकर मंगलवार दूसरे दिन थराली विकास खंड के कूनी के बूला गांव के ग्रामीणों ने तहसील कार्यालय पर धरना दिया।

विकासखंड देवाल के अंतर्गत बेराधार गांव के बमोटिया तोक निवासी ग्रामीणों ने पहले दिन वन भूमि को खाली करने के वन विभाग के द्वारा जारी नोटिसों को वापस लिए जाने, मैदानी भागों की मलीन बस्तियों की तरह ही वर्षों से वन भूमि में निवासरत भूमिहीनों को भी भूमि का मालिकाना हक दिए जाने की मांग को लेकर तहसील कार्यालय थराली में प्रदर्शन करते हुए धरना दिया था। इसी क्रम में दूसरे दिन थराली ब्लाक के कूनी गांव के नोटिस प्राप्तकर्ता आपदा पीड़ित बूला तोक के निवासियों ने तहसील कार्यालय पर धरना दिया।इस मौके पर सीपीएम नेता मदन मिश्रा एवं ललित मिश्रा ने कहा कि जबतक पीड़ितों की दो सूत्रीय मांगों को सरकार नही मानती हैं आंदोलन जारी रहेगा। आंदोलन के दूसरे दिन कूनी गांव के इंद्री राम, माधो राम, दरवान राम, केदार राम, प्रकाश राम, बलवंत राम, साबुली देवी, भवानी देवी, मानुली देवी, गजे सिंह, पानी राम, गोपाल राम, त्रिलोक सिंह आदि धरने पर बैठे रहे।

# लड़ाई, झगड़े और गालीगलौज, के आरोप में 3 युवकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थराली।** लड़ाई झगडे के आरोप में थराली थाना पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि उक्त प्रकरण में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में भ्रमण पोस्ट लिखने पर एक युवक द्वारा पुलिस को माफीनाम लिख कर देने पर उसे छोड़ दिया है।

थराली थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि 23 फरवरी को चौकी क्षेत्र नारायणबगड़ में रात्रि तीन युवकों के द्वारा जमकर हंगामा काटते हुए जमकर अभद्र भाषाओं का नारायणबगड़ बाजार में किया गया।जिस पर मौके पर पुलिस पहुंची और तीन युवकों को समझा बुझाकर शांति व्यवस्था बनाए रखने की हिदायत दी। किंतु 24 फरवरी को तीनों के द्वारा पुनः हुड़दंग किया गया।जिस पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने नारायणबगड़ के ग्राम टैटुडा आशु नेगी, सूरज सिंह



एवं राकेश सिंह हाल सेल्समैन अंग्रेजी शराब की दुकान नारायणबगड़ पर थाना में सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर तीनों को गिरफ्तार कर लिया है। बताया कि इस मामले में पुलिस कार्यवाही के दौरान जयवीर कंडारी हाल निवासी नारायणबगड़ के द्वारा अपने सोशल मीडिया अकाउंट से पुलिस कार्यवाही से संबंन्धित भ्रामक जानकारी पोस्ट की गयी। भ्रामक सूचना फैलाने पर पुलिस के द्वारा कार्यवाही करते हुए कंडारी को नोटिस जारी किया गया। जिस पर जयवीर कंडारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर गलती से गलत पोस्ट करने का गुनाह कबूल करते हुए लिखित माफीनामा देने के साथ ही पोस्ट को स्वयं हटाया तथा भविष्य में ऐसी गलती न दोहराने की बात कही जिस पर उसे छोड़ दिया गया हैं।

# एक कॉल करने पर होगा समस्या का तेजी से समाधान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** नगर पालिका क्षेत्र रुद्रप्रयाग की जन समस्याओं का समय से समाधान करने को लेकर नवनियुक्त पालिका अध्यक्ष संतोष रावत ने एक पहल की है, जिससे जनता को बेवजह परेशान ना होना पड़े। इसको लेकर उन्होंने जन शिकायत केन्द्र खोला है, जिसमें एक मोबाइल नम्बर जारी किया गया है। जहां कॉल करने पर त्वरित गति से समस्या का समाधान होगा, जबकि व्हाटसअप से फोटो भेजकर भी अपनी समस्या को बताया जा सकता है। मंगलवार को नगर पालि. का कार्यालय में नगर पालिका अध्यक्ष संतोष रावत ने सभासदों एवं स्थानीय नागरिकों की मौजूदगी में जन शिकायत केंद्र का शुभारंभ किया। शिकायत केंद्र के 8791041698 मोबाइल नम्बर पर न केवल शिकायत, जबकि व्हाटसअप से फोटो भी भेजी जा सकेगी। इस मौके पर नपा अध्यक्ष संतोष रावत ने कहा कि जनता को यह सुविधा इसलिए प्रदान की गई है ताकि जन समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान हो। हम 48 घंटे के भीतर समस्या हल करेंगे। बाद में इसे ऐप का स्वरूप दिया जाएगा। शिकायत केंद्र में एक महिला कर्मी तैनात है जो आफिस समय तक जनता की समस्याएं दर्ज करेंगी। पहले दिन जन शिकायत केंद्र में बिजली और सफाई से जुड़ी छः शिकायतें दर्ज हुई है। इस मौके पर नपा के ब्रॉड एम्बेसडर जसपाल भारती, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप जगवाण, कृष्णानंद डिमरी, श्यामलाल सुंदरियाल, अशोक चौधरी, ज्योत सिंह बिष्ट ने नपा की इस पहल का स्वागत किया। कहा कि यह प्रयास जनता के लिए काफी मददगार साबित होगा। इस मौके पर नपा सभासद नरेंद्र रावत, किरन पंवार, नमन शर्मा, अंकुर खन्ना, विनीता नेगी, रवीना देवी, पूर्व सभासद सुरेंद्र भंडारी, तरुण पंवार, मुबारक हुसैन सहित कई लोग मौजूद थे।

## खोया -पाया

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी हाईस्कूल की अंक तालि. का/प्रमाण पत्र वर्ष 2009 अनुक्रमांक 0043091 जन्म तिथि 10/09/1994 वास्तव में खो गई यदि किसी सज्जन को मिली है तो निम्न पते पर भेजने का कष्ट करें जी

**कुमारी मधुबाला पुत्री वीर सिंह**
**ग्राम - बन्द्राणी**
**पोस्ट आफिस -रैथल भटवाड़ी**
**तहसील -भटवाड़ी,**
**जनपद उत्तरकाशी**
**मोबाईल नम्बर....9520630381**

# सीएम के सकंल्प, शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं को सुगम बनाने में जुटे डीएम

## डीएम ने कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास त्यूनी का किया निरीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

**त्यूणी।** जिलाधिकारी सविन बंसल ने त्यूनी भ्रमण के दौरान कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीएम के निरीक्षण से जहां विद्यालय को कई सौगात मिली, वहीं विद्यालय की बालिकाओं ने डीएम को अपने बीच पाकर प्रसन्नता व्यक्त की। स्कूल में दसवीं कक्षा के बाद विज्ञान वर्ग में बायो तथा कॉमर्स न होने पर दसवीं के बाद इन विषयों हेतु विद्यार्थियों को शहर में दूर के स्कूलों में जाना पड़ता है जिस पर जिलाधिकारी ने संज्ञान लेते हुए मुख्य शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि उनकी ओर से सीबीएससी को प्रस्ताव बनाएं। जिलाधिकारी ने विद्यालय के



अध्यापकों से पूछा कि उनको उपकरण फर्नीचर आदि जो भी कमी है वह बताएं सभी आवश्यकताओं की पूर्ति की जाएगी। अध्यापिकाओं ने बताया की विद्यालय में 150 बालिकाएं हैं जबकि 50 स्टडी टेबल है, जिस पर डीएम ने 100 स्टडी टेबल मौके पर ही स्वीकृत की। वही स्कूल की भजन माता की सुविधा के लिए रोटी मेकर मशीन लगाने की भी निर्देश दिए इसके लिए बजट का प्रावधान किया।

### बालिकाओं की सुरक्षा को तीन नई महिला सुरक्षा गार्ड रखीं जाएंगी

स्कूलों में खेल अवस्थाना सुविधा विकसित करने तथा स्कूल में योग टीचर कंप्यूटर टीचर तथा कराटे कोच रखने की भी स्वीकृति दी। वही बालिकाओं की सुरक्षा हेतु तीन नई महिला सुरक्षा गार्ड रखने की भी निर्देश दिए जबकि पूर्व में तीन महिला सुरक्षा गार्ड कार्यरत हैं अब इनकी संख्या 6 हो जाएगी। वही स्कूल में पानी के उचित संयोजन के लिए एसडीएम चकराता को निर्देशित किया कि जल संस्थान से समन्वय करते हुए व्यवस्था बनाई जाए। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी चकराता योगेश मेहर, मुख्य शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार ढौंडियाल, प्रधानाचार्य अनोखे लाल, वार्डन शीला नौटियाल आदि उपस्थित रहे।

### डीएम ने स्कूल की लाइब्रेरी को स्मार्ट बनाने के दिए निर्देश

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए की स्कूल की लाइब्रेरी को स्मार्ट बनाने के निर्देश दिए, स्कूल लाइब्रेरी में एटलस, डिक्शनरी, कंपटीशन की मैगजीन, महापुरुषों की जीवनी अंग्रेजी समाचार पत्र आदि ज्ञानवर्धक पुस्तक रखने की भी निर्देश दिए।

## महाविद्यालय चकराता में करियर काउंसलिंग सत्र आयोजित

**चकराता (शाह टाइम्स)।** श्री गुलाब सिंह राजकीय महाविद्यालय, चकराता में आज करियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों को सही करियर पथ चुनने और अपने भविष्य को दिशा देने के महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। इस अवसर पर समाजशास्त्र के असिस्टेंट प्रो. यशवीर सिंह रावत ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि सफल करियर के लिए विषयों का सही चयन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यदि छात्र अपनी रुचि के अनुसार विषयों का चयन करते हैं और उसमें निरंतर परिश्रम करते हैं, तो सफलता निश्चित है। उन्होंने बताया कि सच्ची लगन, कड़ा परिश्रम और आत्मविश्वास सफलता की कुंजी हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आशुतोष शरण ने भी छात्रों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि छात्र जीवन ही हमारे पूरे जीवन की दिशा तय करता है, इसलिए इस दौरान किए गए निर्णय महत्वपूर्ण होते हैं। उन्होंने छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ नैतिक मूल्यों और व्यक्तित्व विकास पर भी ध्यान देने की सलाह दी।

## प्रगति की गति बढ़ाएगी समान नागरिक संहिता : प्राचार्य




शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** वीर शहीद केसरी चंद राजकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय डाकपत्थर कालेज में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी 2020) पर वाद-विवाद, समान नागरिक संहिता पर भाषण एवं युवाओं की राजनीति में भागीदारी पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वीर शहीद केसरी चंद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय डाकपत्थर कॉलेज के राजनीति विज्ञान विभागीय परिषद के तत्वाधान में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. राजकुमारी भंडारी चौहान ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा निति पर वाद-विवाद प्रतियोगिता में वाद पक्ष में प्रथम स्थान शुभम चौहान, द्वितीय नेहा एवं तृतीय स्थान कुनाल ने प्राप्त किया। प्रतिवाद पक्ष में प्रथम स्थान तुषार कपूर, द्वितीय आशीष बिष्ट एवं तृतीय स्थान एनम ने प्राप्त किया। वहीं भाषण प्रतियोगिता में समान नागरिक संहिता पर प्रथम स्थान शुभम चौहान, द्वितीय स्थान तुषार कपूर एवं तृतीय स्थान कुनाल ने प्राप्त किया।

युवाओं की राजनीति में भागीदारी पर निबंध प्रतियोगिता मैं प्रथम स्थान एनम द्वितीय स्थान शुभम चौहान एवं तृतीय स्थान तुषार कपूर प्राप्त किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डीएस नेगी ने कहा कि यूसीसी स्त्रियों को पर्याप्त अधिकार प्रदान कर देश को उन्नत बनाने में सक्षम होगा एवं देश प्रगति की गति बढ़ाएगा। कार्यक्रम का संचालन डा. अमित कुमार गुप्ता ने किया। इस अवसर पर राजनीति विज्ञान की डॉ. कृतिका नेगी उपस्थित रहीं।

## सेपियंस स्कूल में शिवरात्री पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** सेपियंस स्कूल विकासनगर में 'शिवरात्री' का त्योहार बड़े ही हर्ष और उल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर कक्षा 6: के छात्र-छात्राओं द्वारा विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की गई जिसमें विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गए। कक्षा 6 की छात्राओं द्वारा 'आदि देव शंकरा', 'पार्वती बोली शंकर से' गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया गया जिसे वहां उपस्थित सभी का मन मोह लिया तथा शिवजी पर अपना विषय प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रधानाचार्य नवीन तनेजा द्वारा 'शिव का प्राकटय लिंग के रुप में' बताया गया तथा सभी



अध्यापक तथा विद्यार्थियों को शिवरात्री की शुभकामनाएं दी गईं।

## शराब तस्कर को 60 टेट्रा पाउच देशी शराब बरामद कर गिरफ्तार किया

**सेलाकुई (शाह टाइम्स)।** थाना सेलाकुई ने आरोपी करण पुत्र बलवीर निवासी सेलाकुई के कब्जे से देशी शराब 60 टेट्रा पैक बरामद होने पर गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आबकारी अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया गया। वही थाना कालसी पुलिस ने ग्राम निछिया कालसी से एक वारंटी सुरेंद्र सिंह पुत्र दौलत सिंह निवासी ग्राम निछिया थाना कालसी को गिरफ्तार किया गया। जिसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। पुलिस टीम नीरज कठैत, जसमेर सिंह शामिल रहे।

## नशा तस्करों के विरुद्ध जारी है सेलाकुई पुलिस का एक्शन

**सेलाकुई (शाह टाइम्स )।** मादक पदार्थो की तस्करी में लिप्त 1 नशा तस्कर सागर पोखरियाल पुत्र राजेंद्र प्रसाद पोखरियाल निवासी ग्राम जुई थाना थालीसैण, जनपद पौड़ी गढ़वाल को सेलाकुई पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा सलाखों के पीछे। पुलिस आरोपी के कब्जे से 2 किलो 64 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया। पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर सारना नदी के किनारे स्थित राजा के ढाबा के पास से एक आरोपी सागर पोखरियाल को 2 किलो 64 ग्राम अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी के विरूद्ध थाना सेलाकुई पर एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया। पुलिस टीम में एसआई बबीता रावत, सिपाही शीशपाल, फरमान, संदीप व प्रवीण शामिल रहे।

## जनाधिकार मोर्चा ने पर्यावरण बचाने को शुरू की मुहिम

शाह टाइम्स संवाददाता

- मिलीभगत में शामिल लोगों का पदार्फाश करेगा संगठन
- विभाग, कुछ सफेदपोशों के मिलीभगत का लगाया आरोप

**विकासनगर।** बागानों के अंधाधुंध अवैध कटान और कृषि भूमियों पर हो रही अवैध प्लाटिंग के खिलाफ जनाधिकार मोर्चा ने मिलीभगत में शामिल लोगों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। जिसको लेकर उन्होंने उग्र आंदोलन की सख्त चेतावनी दी है। बता दें कि कभी फलपट्टी क्षेत्र के रूप में शुमार पछवादून क्षेत्र को भूफामियाओं की गिद्ध दृष्टि लग चुकी है। जिसके चलते न केवल कृषि भूमियों पर कंक्रीट के जंगल खड़े हो रहे हैं, बल्कि बागानों में फलदार पेड़ों की अंधाधुंध कटाई से पर्यावरण को जमकर नुकसान पहुंचाया जा रहा है। आलम यह है कि बीते करीब दो माह में आदूवाला, प्रतीतपुर, जस्सोवाला, शंकरपुर और बिधौली जैसे क्षेत्रों में परमिशन की आड़ में सैकड़ों फलदार आम के पेड़ों की बली चढ़ा दी गई, जिस पर विभाग महज खानापूर्ति वाली कार्रवाई ही करता रह गया है। यह कोई एक दो मामले नहीं बल्कि बीते सालों में दर्जनों मामले अवैध कटान के सामने आए हैं जिन पर सिर्फ खानापूर्ति के लिए या तो जुमार्ने की कार्रवाई की गई या फिर थाने में अज्ञात भूस्वामी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई गई। जिस पर क्या कार्रवाई हुई किसी को कुछ नहीं पता।



जिसको लेकर अब विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ जनाधिकार मोर्चा के अध्यक्ष आजाद अली ने संगठन के बैनर तले मिलीभगत में शामिल लोगों के खिलाफ आंदोलन की चेतावनी दी है। आजाद अली का कहना है कि पछवादून क्षेत्र में बड़े पैमाने पर आम व लीची के बागानों के साथ ही बासमती की लहलहाती फसलें हुआ करती थी, जिनकी जगह अब कंक्रीट के जंगल खड़े हो रहे हैं। आजाद अली ने आरोप लगाया कि इस पूरे गोरखधंधे में भूमाफियाओं के साथ साथ कुछ विभागीय अधिकारी व कर्मचारी शामिल हैं। जिन पर अंकुश लगाया जाना बेहद जरूरी है। आजाद अली ने संगठन की ओर से चेतावनी दी कि अगर समय रहते इन क्रियाकलापों पर विराम न लगा और हाल ही में सामने आए मामलों में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई न हुई तो वह उग्र आंदोलन करते हुए मिलीभगत में शामिल लोगों के खिलाफ मोर्चा खोल देंगे।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर क्विज प्रतियोगिता आयोजित



शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) को लेकर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विश्वविद्यालय के सभी स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतिभागियों से एमसीक्यू आधारित प्रश्न पूछे गए। क्विज समन्वयक डॉ. आलोक कुमार ने प्रतिभाग करने वाले सभी छात्र-छात्राओं के क्विज के नियम बताए। उन्होंने कहा कि श्री गुरु राम राय विश्व विद्यालय के माननीय प्रेजीडेंट श्रीमहंत देवेंद्र दास जी महाराज के आशीर्वाद और कुलपति प्रो. (डॉ.) कुमुद सकलानी के कुशल नेतृत्व में एनईपी के तहत काफी बेहतर कार्य हो रहा है। रजिस्ट्रार डॉ. लोकेश गंभीर एवं डीन स्टूडेंट वेल्फेयर प्रो. मालविका सती कांडपाल का भी इस आयोजन में काफी योगदान रहा है। इसी कड़ी में ये क्विज प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। उन्होंने कहा कि नेशनल एजुकेशन पॉलिसी आधारित इस क्विज का आयोजन केवल प्रतिभागियों के ज्ञान की परख करना नहीं है अपितु शिक्षा के क्षेत्र में नए विचार और नए परिप्रेक्ष्य में छात्रों की प्रतिभा को भी निखारना है। क्विज में भाग लेने वाले विश्वविद्यालय के सभी स्कूलों से आए 50 छात्र-छात्राओं को 10 समूहों में बांटा गया। जिसमें 'जी' समूह पहले, ( अंकिता रावत , विनीत थापा, सुखविंदर थापा) 'डी' दूसरे, ( अयंत तिवारी, मानस पाण्डेय, अमित शर्मा ) 'बी' तीसरे स्थान ( प्रियांशी, अक्षत सिंह, अर्पित कुकरेती) पर रहा। प्रतियोगिता में डिजिटल बोर्ड के माध्यम से एमसीक्यू आधारित 50 प्रश्न पूछ गए थे। इस मौके पर प्रो. विपुल जैन, डॉ. ब्रिज मोहन कांती, डॉ. मनोज रावत सहित कई शिक्षक उपस्थित थे।

## 27 स्कूलों में कंप्यूटर व प्रोजेक्ट किए वितरित

शाह टाइम्स संवाददाता

**लैंसडाउन।** सामाजिक संस्था उत्तराखंड मानव सेवा समिति की ओर से मंगलवार को पौड़ी गढ़वाल और टिहरी के राजकीय व सरकार की की ओर से अनुदानित 27 स्कूलों में कंप्यूटर व प्रोजेक्ट वितरित किए गए। लैंसडौन स्थित गढ़वाल रेजिमेंटल सेंटर के सुरजन ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ ब्रिगेडियर विनोद नेगी, समिति के अध्यक्ष बीएन शर्मा व जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक रणजीत सिंह नेगी ने दीप जलाकर किया। ब्रिगेडियर विनोद नेगी ने कहा कि आज का युग डिजिटल तकनीक का युग है और मानव सेवा समिति द्वारा दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों के विद्यार्थियों के लिए डिजिटल शैक्षिक उपकरण उपलब्ध कराना एक सराहनीय कार्य है। समिति के अध्यक्ष बीएन शर्मा ने कहा कि उनका लक्ष्य उत्तराखंड के पहाड़ी क्षेत्र के अधिकतर विद्यालयों में डिजिटल शैक्षिक उपकरण उपलब्ध कराना है। उनकी संस्था द्वारा प्रतिवर्ष इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित कर अलग-अलग विद्यालयों को शैक्षिक उपकरण प्रदान किए जाते हैं और अभी तक उनकी संस्था उत्तराखंड के विभिन्न जिलों में 100 से अधिक विद्यालयों को डिजिटल उपकरणों से लैस कर चुकी है।

## विभिन्न समस्याओं के संबंध में महापौर से की मुलाकात

**कोटद्वार (शाह टाइम्स)।** नगर की विभिन्न समस्याओं को लेकर मंगलवार को पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने महापौर शैलेंद्र सिंह रावत से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। परिषद ने समस्याओं के जल्द निराकरण की मांग उठाई। परिषद के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण बड़थ्वाल ने कहा कि विकास के नाम पर कोटद्वार की जनता को गुमराह किया जा रहा है। आधुनिक बस अड्डे के नाम पर मोटर नगर में आज भी केवल एक गड्ढा ही दिखाई दे रहा है और मेडिकल कालेज के लिए चिह्नित भूमि खुर्दबुर्द हो चुकी है। केंद्रीय विद्यालय के लिए लगातार मांग उठाई जा रही है। लेकिन, धरातल पर गंभीरता से कार्य नहीं हो रहा है।

## सुद्धोवाला कारागार में कैदियों को दिया गया हर्बल रंग बनाने का प्रशिक्षण



शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** बसंत उत्सव के अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों द्वारा देहरादून के सुद्धोवाला कारागार में कैदियों को हर्बल रंग बनाने का विशेष प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में कैदियों ने अत्यंत उत्साह के साथ भाग लिया और प्राकृतिक रंग बनाने की विधि सीखी। प्रशिक्षण का संचालन डॉ. किरण पंत और डॉ. बिजेता द्वारा किया गया। उन्होंने कैदियों को जैविक एवं पर्यावरण के अनुकूल रंग तैयार करने की तकनीक सिखाई, जिससे होली जैसे पर्वों को और अधिक सुरक्षित और प्राकृतिक रूप में मनाया जा सके। जेल प्रशासन की ओर से यह प्रशिक्षण कैदियों के कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किया गया था। जेल प्रभारी ने बताया कि इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रमों से कैदियों को नए कौशल सीखने और भविष्य में आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलेगा।

इस पहल को जेल प्रशासन और कृषि विज्ञान केंद्र के संयुक्त प्रयास के रूप में देखा जा रहा है, जिससे कैदियों को न केवल एक रचनात्मक गतिविधि में शामिल होने का मौका मिला, बल्कि पर्यावरण अनुकूल उत्पादों के प्रति जागरूकता भी बढ़ी।

# सेपियंस के विद्यार्थियों ने अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड प्रतियोगिता में लहराया परचम

## प्रतियोगिता में पांच हजार से अधिक स्कूलों के छात्रों ने लिया भाग

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** 23 फरवरी 25 को सीडी देशमुख ऑडिटोरियम, इंडिया इंटरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 2024 का भव्य पुरस्कार वितरण समारोह एवं अमृत कुंभ सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन, नई दिल्ली द्वारा संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में 5000 से अधिक स्कूलों के 2,14,500 छात्रों ने भाग लिया, जिनमें से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 9वां स्थान प्राप्त करने वाली सेपियंस विद्यालय हरबर्टपुर की कक्षा 4 की प्रतिभाशाली छात्रा आराध्या मथाल




को विशिष्ट उपलब्धि सम्मान एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। द्वितीय सत्र के पश्चात ऑनलाइन साक्षात्कार के द्वारा आराध्या का विशिष्ट उपलब्धि श्रेणी में चयन किया गया तथा यह उत्तर पश्चिम भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली एकमात्र प्रतिभागी थी। हिंदी ओलिंपियाड फाउंडेशन दिल्ली द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड प्रतियोगिता में सेपियंस विद्यालय हरबर्टपुर के लगभग 370 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया था जिसमें कक्षा एक और दो के विद्यार्थियों को विद्यालय स्तर की परीक्षा में प्रतिभाग करना था तथा कक्षा 3 से 10 तक के विद्यार्थियों द्वारा द्वितीय सत्र में भी प्रतिभाग किया गया जिसमें 72 विद्यार्थियों ने स्वर्ण, रजत तथा कांस्य पदक प्राप्त किये। सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर विद्यालयों के प्रधानाचार्यों और शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य सम्मान से रश्मि गोयल को नवाजा गया, जबकि शिक्षण क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए गीता नेगी को विशिष्ट योगदान पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या रश्मि गोयल तथा समस्त विद्यालय परिवार के सदस्यों ने आराध्या मथाल को हार्दिक बधाई दी तथा उसके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रदान की।

## पालिकाध्यक्ष ने गुरूद्वारे में नवनिर्मित निर्माण कार्य का लिया जायजा



शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** नगर पालिका परिषद हरबर्टपुर की चेयरमैन नीरू देवी ने अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के अधिकारियों के साथ गुरूद्वारा साहिब में नवनिर्मित निर्माण कार्य का जायजा लिया। गुरूद्वारा साहिब में विश्राम ग्रह, पुरूष और महिलाओं के लिए अलग अलग स्नान गृह और 48 लाख धनराशि का हाईटेक शौचालय का निर्माण किया गया। चेयरमैन नीरू देवी ने इस कार्य के लिए मुख्यमंत्री धामी, विकासनगर विधायक मुन्ना सिंह चौहान का आभार जताया।

## संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन समाजसेवा में निभाता है अग्रणी भूमिका - मेयर रावत

**कोटद्वार (शाह टाइम्स)।** संत निरंकारी चौरिटेबल फाउंडेशन द्वारा मिनिस्ट्री ऑफ कल्चर भारत सरकार के सहयोग से जल संरक्षण और स्वच्छता को समर्पित प्रोजेक्ट अमृत स्वच्छ जल, स्वच्छ मन के तृतीय चरण का सफलतापूर्वक समापन हुआ। सिद्धबली मंदिर के तट पर खोह नदी में आयोजित इस महाअभियान में सैकड़ों सेवादारों ने सेवा भाव से भाग लिया और जल संरक्षण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर शैलेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि निरंकारी मिशन केवल आध्यात्मिक उत्थान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज सेवा में भी एक अग्रणी भूमिका निभा रहा है। आज के समय में जल संरक्षण और स्वच्छता केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं हो सकती। जब तक समाज के प्रत्येक नागरिक को इसमें सहभागी नहीं बनाया जाता, तब तक इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं निकाला जा सकता। नगर आयुक्त वैभव गुप्ता ने मिशन का आभार प्रकट करते हुए कहा कि विगत कई वर्षों से संत निरंकारी मिशन नगर निगम के विभिन्न अभियानों में महत्वपूर्ण योगदान देता आ रहा है और हमें पूर्ण विश्वास है कि भविष्य में भी यह मिशन इसी सेवा भाव से समाज हित में कार्य करता रहेगा।

## स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

**कोटद्वार (शाह टाइम्स)।** राजकीय बेस अस्पताल के ब्लड बैंक में दर्पण वेलफेयर सोसायटी की ओर से आयोजित रक्तदान शिविर में 40 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन सोसायटी के अध्यक्ष त्रिलोक दत्त जुयाल ने किया। कहा कि संस्था समाजसेवा के लिए निरंतर कार्य करती रहेगी। उन्होंने कहा कि रक्तदान से जरूरतमंद लोगों का जीवन बचाया जा सकता है और रक्तदान करने से शरीर में किसी प्रकार की कमी भी नहीं होती है। बताया कि शिविर में 50 लोगों ने रक्तदान के लिए पंजीकरण करवाया, जिसमें से 40 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया।

## सीएमओ ने कार्यदायी संस्था को दिए 3 माह में सीएमएसडी भवन का निर्माण पूर्ण करने के निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मनोज कुमार शर्मा द्वारा जनपद में सीएमएसडी एवं टीकाकरण स्टोर के निमार्णाधीन भवन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यदायी संस्था एवं विभागी कनिष्ठ अभियंता से कार्य की प्रगति के संबंध में अद्यतन जानकारी ली। सीएमओ ने निर्देश दिये कि निर्माण कार्य को गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण करें।



मुख्य चिकित्सा अधिकारी देहरादून ने किया निर्माणधीन भवन का निरीक्षण

उन्होंने कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य में तेजी लाते हुए आगामी तीन माह में कार्य पूर्ण करें भवन हस्तांतरण की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

# आयुर्वेद केवल चिकित्सा पद्धति नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली का आधार : राज्यपाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** उत्तराखण्ड आयुर्वेद विश्वविद्यालय के ऋषिकुल परिसर, हरिद्वार में आयोजित द्वितीय दीक्षांत समारोह में उत्तराखण्ड के राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को उपाधियाँ प्रदान कर उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। दीक्षांत समारोह में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्रों को स्वर्ण पदक प्रदान किए गए जिनमें अधिकांश संख्या बालिका छात्रों की थी। राज्यपाल ने इस उपलब्धि को नारी सशक्तीकरण का प्रतीक बताते हुए कहा कि यह दर्शाता है कि बेटियाँ हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं।

राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि आयुर्वेद केवल एक चिकित्सा पद्धति नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक वैज्ञानिक पद्धति है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को आयुर्वेद के क्षेत्र में नवाचार एवं अनुसंधान पर ध्यान केंद्रित करने का प्रयास करना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि आयुर्वेद में विभिन्न प्राकृतिक औषधियों और उपचार विधियों के माध्यम से संक्रमण से लड़ने की शक्ति होती है जो बिना किसी हानिकारक प्रभाव के रोग निरोगी गुण प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार और विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा आयुर्वेद के प्रचार-प्रसार के लिए किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं लेकिन यह हम सभी का कर्तव्य है कि हम आयुर्वेद के गुणों का अधिक से अधिक प्रचार एवं प्रसार करें।



राज्यपाल ने कहा कि देवभूमि उत्तराखण्ड, ज्ञान और आध्यात्मिकता का केंद्र होने के साथ-साथ चेतन के उत्थान की समृद्ध परंपरा का वाहक है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद दुनिया की प्राचीनतम चिकित्सा प्रणालियों में से एक होने के साथ-साथ विश्व को भारत की एक अमूल्य देन है। उन्होंने कहा कि आधुनिकता बढ़ने के साथ-साथ हमने इस पारंपरिक ज्ञान का उपयोग करना कम कर दिया था लेकिन अब जागरूकता बढ़ने और आयुर्वेद के लाभ की सटीक जानकारी मिलने से हमारी यह प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर जन-जन में लोकप्रिय हो रही है। राज्यपाल ने कहा कि आयुर्वेद केवल चिकित्सा पद्धति नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली का आधार है। उन्होंने वर्तमान समय में बढ़ते तनाव, चिंता और अवसाद जैसी मानसिक समस्याओं के समाधान में आयुर्वेदिक औषधियों, पंचकर्म एवं योग की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि योग और ध्यान, प्राचीन भारतीय परंपरा के वह अमूल्य उपहार हैं, जो व्यक्ति के मानसिक और शारीरिक संतुलन को बनाए रखते हैं। राज्यपाल ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे आयुर्वेद के क्षेत्र में नवीन शोध एवं अनुसंधान पर विशेष ध्यान दें। इस अवसर पर सचिव आयुष एवं आयुष शिक्षा श्री रविनाथ रामन ने कहा कि आयुर्वेद चिकित्सक होना गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि भारत की प्राचीन संहिताओं में वर्णित आयुर्वेद के ज्ञान को चिकित्सकों ने अपने अध्ययनकाल में ग्रहण किया है जिसका लाभ समस्त मानवता को प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में पीएचडी पाठ्यक्रम में प्रथम बार अभ्यर्थी पंजीकृत किए गए हैं, साथ ही व्यावहारिक उपयोगिता की दृष्टि से महत्वपूर्ण सर्टिफिकेट एवं डिप्लोमा कोर्स भी संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आयुष स्वास्थ्य पर्यटन, जड़ी-बूटियों की खेती एवं उनके विक्रय को गतिशीलता देने के लिए उत्तराखण्ड सरकार वचनबद्ध है। दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) अरुण कुमार त्रिपाठी ने विश्वविद्यालय की प्रगति आख्या प्रस्तुत करते हुए बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा युष मंत्रालय, भारत सरकार के अनुपालन में प्रकृति परीक्षण अभियान को बड़े पैमाने पर समन्वित किया गया है और साथ ही छात्र हित में विभिन्न फार्मा कंपनियों के साथ एमओयू किए गए हैं एवं विश्वविद्यालय में आयुर्वेदिक दवाओं के नैदानिक परीक्षण भी किए जा रहे हैं। इस अवसर पर अपर सचिव एवं निदेशक आयुष डॉ. विजय जोगदण्डे, उत्तराखण्ड आयुर्वेद विश्वविद्यालय के कुलसचिव रामजी शरण शर्मा सहित सभी प्राचार्यगण, संकाय अध्यक्ष, विद्यार्थी एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे।

# एसएसपी ने दिए रात दस बजे के बाद तेज आवाज में डीजे बजाने पर कार्रवाई के निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** डीजे की तेज आवाज से बोर्ड परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं की पढ़ाई में विघ्न ना आए। इसे देखते हुए एसएसपी प्रमेंद्र डोबाल ने सभी थाना प्रभारियों को रात दस बजे के बाद डीजे बजाए जाने पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। एसएसपी प्रमेंद्र डोबाल ने कहा कि बोर्ड परीक्षाओं के दौरान रात दस बजे के बाद भी तेज आवाज में डीजे बजाए जाने की शिकायतें पुलिस को निरंतर मिल रही हैं। डीजे की तेज आवाज से बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं को कोई असुविधा ना हो। इसके लिए एसपी सिटी, एसपी देहात, सभी थाना प्रभारियों को रात के समय होने वाले आयोजनों में डीजे बजाए जाने पर नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। रात दस बजे के बाद डीजे बजाने और निर्धारित डेसीबल का उल्लंघन किए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। ऊंची आवाज में डीजे बजाए जाने के साथ ही बिना साइलेंसर वाले वाहनों को भी चिन्हित कर कार्रवाई किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं। जिससे परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना ना करना पड़े।

# चोरों ने कंपनी से कॉपर शीट की चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** सिडकुल थाना क्षेत्र में एक कंपनी से कॉपर शीट पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया है। पुलिस ने कंपनी के मैनेजर की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिडकुल पुलिस को कंपनी मैनेजर मनोज कुमार ने शिकायत देकर बताया कि सिडकुल थाना क्षेत्र के सेक्टर चार में रेनॉल्ड इंडिया के नाम से कंपनी है। उनकी कंपनी ने नंदा मेटल एंड मिल स्टोर नई दिल्ली से कॉपर शीट मंगवाई थी। आरोप है कि कंपनी कैंपस से कॉपर की शीट चोरी कर ली गई। सिडकुल थानअध्यक्ष मनोहर सिंह भंडारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। कंपनी में लगे जसीसीटीवी कैमरे चेक किए जा रहे हैं। जल्दी ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

# झगड़ा कर रहे युवक को चाकू के साथ किया गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पथरी।** एक्कड़ खुर्द में झगड़ा कर रहे एक व्यक्ति को चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के खिलाफ तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा गया।

पुलिस के अनुसार एक्कड़ खुर्द निवासी मोहर्रम पुत्र सलीम ने तहरीर देकर बताया की नावेद पुत्र सुलेमान उसके साथ मारपीट व गालीगलौज कर रहा है साथ ही चाकू लेकर जान से मारने की धमकी दे रहा है। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से पुलिस ने चाकू भी बरमाद किया है। तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। एसओ पथरी रविन्द्र कुमार ने बताया आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायलय में पेश कर जेल भेजा गया है।

# पाकिस्तान के सिंध से 58 हिंदू श्रद्धालुओं का जत्था पहुंचा हरिद्वार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत से 58 हिंदू श्रद्धालुओं का जत्था मंगलवार को हरिद्वार पहुंचा। पाकिस्तान से आए हिंदुओं के उत्तरी हरिद्वार स्थित संत शदाणी देवस्थानम पहुंचने पर संत शदाणी देवस्थानम के मुख्य सेवादार अमरलाल शदाणी ने पुष्प वर्षा और माल्यार्पण कर स्वागत किया। अमर लाल शदाणी ने बताया कि श्रद्धालु सतगुरु संत राजाराम साहिब के मूर्ति अनावरण समारोह और महाशिवरात्रि जागरण कार्यक्रम में भाग लेने के लिए भारत आए हैं। सभी श्रद्धालु इसके अलावा भी कई धार्मिक अनुष्ठानों में शामिल होंगे। अमरलाल शदाणी ने बताया कि पाकिस्तानी हिंदू श्रद्धालु शदाणी दरबार के नवम पीठाधीश्वर संत डा.युधिष्ठिर लाल के सानिध्य में प्रयागराज महाकुंभ में गंगा स्नान करने के बाद हरिद्वार पहुंचे हैं। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि सभी श्रद्धालु बुधवार सुबह 8 बजे हरकी पैड़ी पर अस्थि प्रवाह कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके बाद 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक संत शदाणी गंगा घाट पर पिंडदान, हवन यज्ञ और गंगा स्नान करेंगे। धार्मिक क्रियाओं के उपरांत श्रद्धालु पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से पौधरोपण भी करेंगे। इसके बाद शाम को श्रद्धालु नवम पीठाधीश्वर संत डा. युधिष्ठिर लाल महाराज से आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। यात्रा पूर्ण करने के उपरांत जत्था हरिद्वार रेलवे स्टेशन से अमृतसर के लिए रवाना हो जाएगा। पाकिस्तान से हरिद्वार आए हिंदु श्रद्धालुओं ने कहा कि हरिद्वार आकर उन्हें दिव्य अनुभूति हो रही है। संत शदाणी देवस्थानम द्वारा किए गए स्वागत और सुविधाओं के लिए भी श्रद्धालुओं ने आभार व्यक्त किया। डा. मंशा राम, ओम प्रकाश, भावेश लाल, आर्यन मखीजा, शीला बाई, बेंकुट कुमार,



आकाश दोलतानी, सुनील कुमार, चेतन दास, शंकर लाल, राजा परीक्षित, सागर कुमार, भगत लाल, अशी माई, रजनी, रेखा बाई, मेहरचंद, वीजी बाई, दिया कुमारी, बलदेव, अंतर्राष्ट्रीय सेवादार बाबू लाल शदाणी आदि ने कहा कि इस धार्मिक और सांस्कृतिक यात्रा से दोनों देशों के बीच आपसी सौहार्द और धार्मिक सद्भाव को भी बढ़ावा मिलेगा।

# मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा पर भंडारे का हुआ आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाहदराबाद।** क्षेत्र के लक्ष्मी विहार कॉलोनी फेस-2 में कॉलोनी वासियों द्वारा भगवान सदा शिव भोले नाथ के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में भक्तो ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर में मूर्ति स्थापना से पूर्व मूर्तियों का नगर भ्रमण कराया गया। जिसमें कॉलोनीवासियों के अतिरिक्त बहादराबाद, रोहालकी, मीरपुर, औरंगाबाद से भक्तगण शामिल हुए। मंदिर समिति सदस्यो में वीरेंद्र सिंह, नितिन चौहान, सोनू चौहान, प्रतीक गौतम, अशोक चौहान, प्रदीप सांगवान, बलवान सिंह, सतीश चौहान औरंगाबाद, दिनेश चौहान, अजय सिंह कारणवाल, नविन चौहान, सतीश चौहान (करालटी), राहुल शर्मा, कमल कुमार शामिल रहे।

# पीडब्लयूडी में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले नटवरलाल को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** पीडब्लयूडी में नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रूपए की ठगी करने वाले शातिर को थाना कनखल पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने कम्प्यूटर, लैपटॉप, मोबाइल फोन, फर्जी मोहरे व दस्तावेज बरामद किए हैं। आरोपी मुख्यमंत्री के नाम के फर्जी लेटर पेड के साथ ही नकली स्टेम्प, नकली ईमेल आईडी का इस्तेमाल ठगी के लिए कर रहा था। पुलिस आरोपी के बैंक खातों की भी जानकारी जुटा रही है।

कृष्णानगर कनखल निवासी प्रतीक मदान ने 23 फरवरी को थाना कनखल पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया था कि लॉकडाउन के दौरान उनके मकान में किराये पर रह चुका हिमांशु कुमार नाम का युवक जो वर्तमान में जुर्स कंट्री में किराये के फ्लैट में रह रहा है, ने जुलाई 2024 में उसकी व उसके रिश्तेदारो की सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर लगभग 3,70. 000 रूपए हड़प लिए तथा नियुक्ति का भरोसा दिलाने के लिए लोक निर्माण विभाग चम्बा, लोक निर्माण विभाग देहरादून एवं मुख्यमंत्री के नोटपेड से समय समय फर्जी नियुक्ति पत्र देता रहा। शिकायतकर्ता ने बताया कि जानवरी में उसे पीडब्लूयडी चंबा की ईमेल आईडी से मुख्यमंत्री द्वारा जारी एक नियुक्ति पत्र प्राप्त हुआ। जिसमें उसे पीडब्लयूडी चम्बा टिहरी में अकाउंटेंट के पद पर नियुक्ति का आदेश था। जब उसने लोक निर्माण विभाग चंबा से जानकारी की तो नियुक्ति पत्र फर्जी पाया गया। इस पर उसने जब हिमांशु कुमार से संपर्क करने का प्रयास किया तो आरोपी अपना मोबाइल नंबर स्विच ऑफ कर घर से फरार हो गया। पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच पड़ताल करते हुए पुलिस ने आरोपी हिमांशु कुमार पुत्र सुंदर लाल निवासी ग्राम क्वाटोली कपकोट बागेश्वर हाल निवासी जुर्स कंट्री ज्वालापुर को गुरुकुल कांगड़ी के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम ने आरोपी की निशांदेही पर जुर्स कंट्री स्थित फ्लैट से उसका कम्प्यूटर, लेपटॉप, फर्जी नियुक्ति पत्र, चम्बा लोक निर्माण विभाग व देहरादून



लोक निर्माण विभाग की फर्जी मोहरे बरामद की। थानाध्यक्ष मनोज नौटियाल ने बताया कि पोस्ट ग्रेजुएट हिमांशु वर्ष 2017 में पीएचडी करने व नौकरी की तलाश में अपने गांव से हरिद्वार आ गया था। वर्ष 2017 से 2021 तक हिमांशु पीड़ित प्रतीक मदान के कृष्णनागर स्थित घर पर किराये पर रहा। मकान मालिक व उसके परिजनों के अच्छे संबंध स्थापित होने पर आरोपी को पता चला कि प्रतीक मदान सरकारी नौकरी की तलाश में है। इसका फायदा उठाकर हिमांशु ने जुलाई 2024 में प्रतीक को अपनी व अपने दोस्त गौरव कुमार की उत्तराखंड शासन व मुख्यमंत्री कार्यालय में अच्छी जान पहचान का हवाला देते हुए प्रलोभन दिया कि वह सरकार द्वारा समय समय पर बैकडोर से कुछ पदों पर की जाने वाली भर्ती में उसकी, उसकी बहन, जीजा, चचेरे भाई, दोस्त आदि की सरकारी नौकरी लगा देगा। बैकडोर भर्ती एवज में आरोपी ने 3,70,000 एडवांस ले लिए। आरोपी ने मोटी रकल तो ले ली। लेकिन उत्तराखंड शासन में जान पहचान की बात झूठी होने के चलते जब शिकायतकर्ता और उसके रिश्तेदारों की काफी समय तक कोई नौकरी नहीं लगी और वह अपना पैसा वापस मांगने लगे तो आरोपी हिमांशु कुमार ने अपना शातिर दिमाग चलाया और इंप्रेशन जमाने के साथ ही गुमराह करने के मंसूबे से समय समय पर मुख्यमंत्री के फर्जी लेटर पैड व लोक निर्माण विभाग चम्बा की फर्जी की फर्जी मेल आईडी तैयार कर प्रतीक मदान को लेटर भेजता रहा। आरोपी ने बैकअप प्लान भी तैयार किया था। प्लान के अनुसार वह प्रतीक मदान व अन्य लोगों को पीडब्लयू डी की फर्जी ईमेल आईडी से हाईकोर्ट की एडिट की गयी मोहर का इस्तेमाल कर बैक डोर नियुक्तियों पर कुछ समय के लिए रोक लगाए जाने का लैटर भेजने वाला था। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष मनोज नौटियाल, एसआई अमित नौटियाल, हे.कां. जितेंद्र, कां. संजू सैनी, सतेंद्र शामिल रहे।

# भेल हरिद्वार के नए कार्यपालक निदेशक रंजन कुमार ने संभाला कार्यभार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** बीएचईएल हरिद्वार के नवनियुक्त महाप्रबंधक एवं प्रमुख (एचईईपी एवं सीएफएफपी) रंजन कुमार ने मंगलवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया। पूर्व कार्यपालक निदेशक टी.एस. मुरली की सेवानिवृत्ति के बाद रंजन को यह बेहद महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। इससे पूर्व वह महाप्रबंधक (ऑपरेशन्स) एचईईपी एवं महाप्रबंधक एवं प्रमुख (सीएफएफपी) के रूप में कार्यरत थे। कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात संस्थान के नाम अपने सम्बोधन में रंजन कुमार ने कहा कि हरिद्वार इकाई के नेतृत्व की जिम्मेदारी, मेरे लिए बेहद सम्मान का विषय है। उन्होंने बताया कि बीएचईएल हरिद्वार की गिनती कंपनी की बड़ी एवं महत्वपूर्ण इकाइयों में की जाती है और हमें अपनी इस पहचान को



बरकरार रखना है। रंजन कुमार ने कहा कि सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग से संस्थान को उन्नति के पथ पर और आगे लेकर जाएंगे ।

उल्लेखनीय है कि रंजन कुमार ने बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मेसरा (रांची) से, मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक की उपाधि प्राप्त की है। वर्ष 1990 में उन्होंने बीएचईएल की तिरुचिरापल्ली इकाई से अपने करियर की शुरूआत की। प्रशिक्षण अवधि पूरी करने के बाद दो साल उन्होंने, इंजीनियरिंग तथा डिजाइनिंग के क्षेत्र में कार्य किया। वर्ष 1993 में रंजन कुमार बीएचईएल हरिद्वार की सीएफएफपी इकाई से जुड़े। रंजन कुमार के पास मेंटीनेंस सर्विसेज, सेंट्रल डिस्पैच, मैटेरियल मैनेजमेंट, प्रोडक्शन, मैन्यूफैक्चरिंग, प्लानिंग एवं डेवलपमेंट आदि अनेक क्षेत्रों में काम करने का गहन एवं व्यापक अनुभव है। कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कर्मचारियों के साथ संवाद किया तथा विभिन्न मुद्दों पर उनके प्रश्नों के उत्तर भी दिए। इस अवसर पर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) अगस्टिन खाखा सहित अन्य महाप्रबंधकगण, वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी तथा यूनियन एवं एसोसिएशन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# दहेज के लिए प्रताड़ित होकर आत्महत्या करने के आरोप में पति को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** रानीपुर कोतवाली क्षेत्र में पत्नी को दहेज के लिए प्रताडित होकर आत्महत्या करने के आरोप में पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते रविवार को शिवालिक नगर में एक महिला रश्मि पत्नि हरित सिंह निवासी एच-113 शिवालिक नगर 32 वर्ष ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने नायब तहसीलदार हरिद्वार द्वारा मृतका के शव का पंचायतनामा एवं पोस्टमार्टम की कार्यवाही के बाद शव को मृतक के परिजनो के सुपुर्द किया गया था। एसपी सिटी पंकज गैरोला ने बताया कि 23 फरवरी को मृतका महिला के भाई कपिल पुत्र चन्दर सिंह निवासी आदर्श नगर, सरधना जिला मेरठ उ0प्र0 ने रानीपुर कोतवाली में लिखित तहरीर देकर बताया कि मृतका रश्मि की शादी वर्ष 2019 में की गयी थी। शादी के बाद उसका पति हरित उर्फ बिट्टू पुत्र शीशपाल, ससुर शीशपाल, सास सुमन निवासीगण एच-113 शिवालिक नगर रानीपुर हरिद्वार। उसे दहेज के लिये प्रताडित किया जा रहा था। पति द्वारा उसके साथ कई बार मारपीट भी की गयी। बार-बार दहेज में पैसो की मांग भी की जा रही थी। आरोप लगाया था इसी कारण से उसके ससुरालवालो ने उसकी हत्या की है। पुलिस ने मृतक महिला के भाई की तहरीर के आधार महिला के पति व सास, ससुर के खिलाफ दहेज व हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। जिसकी विवेचना एएसपी सदर हरिद्वार जितेन्द्र चौधरी द्वारा की गई। सबूतों के आधार पर मंगलवार को रानीपुर कोतवाली प्रभारी कमल मोहन भंडारी कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा आरोपी हरित उर्फ बिट्टू पुत्र शीशपाल म.न. एच- 113 शिवालिक नगर एच क्लस्टर शिवालिक नगर से गिरफ्तार



कर लिया गया है। एएसपी सदर हरिद्वार जितेन्द्र चौधरी मेहरा ने बताया कि आरोपी को मेडिकल के बाद न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया है।

पुलिस टीम में जितेन्द्र चौधरी, एएसपी सदर हरिद्वार (विवेचक), कमल मोहन भण्डारी, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रानीपुर, व.उ.नि. मनोहर सिंह रावत, उ.नि. विकास रावत, हे.कां. गोपीचन्द शामिल रहे।

# मेरे मन में गहरा सागर फिर भी प्यास लिए फिरता हूं : भूदत्त शर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** भारत विकास परिषद की पंचपुरी शाखा के तत्वाधान में ऋतुरंग काव्य प्रणेता संगम के सुअवसर पर बीती शाम एस एम जे एन (पी जी) कालेज के सभागार में श्रृंगार रस और वीर रस से ओतप्रोत काव्य संगोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। काव्य संगोष्ठी की शुरुआत सांसद प्रतिनिधि विमल कुमार, डॉ रवि कांत शर्मा और मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। प्रसिद्ध गीतकार भूदत्त शर्मा ने श्रृंगार रस पर काव्य पाठ से करते हुए कहा कि मेरे मन में गहरा सागर फिर भी प्यास लिए फिरता हूं, इसकी खुशियां उसके दुखड़े हर अहसास लिए फिरता हूं, ना कोई रूठे ना कोई छुटे मुझ से किसी का दिल ना टूटे, संबंधों को पुष्पित करने मैं मधुमास लिए फिरता हूं। कवि अमन शुक्ला 'शशांक' ने वीर रस पर काव्य पाठ कर सभी में जोश भर दिया। उन्होंने कहा कि देश पर जो मर मिटे, वही जवानी होनी चाहिए। कवि 'अंबर' खरबंदा ने परिवार वाद पर कटाक्ष करते हुए कहा कि अपने दिल की कभी न कहता हूं, उनकी हर एक बात सहता हूं, बेटे रहते थे मेरे घर में कभी, अब मैं बेटों के घर में रहता हूं। दिव्यांश कुमार 'दुष्यन्त' ने कहा कि एक जमाना आएगा कलम चलेगी रास्ते पर और लेखक कैद हो जाएगा। महिला कवि नेत्री राजकुमारी 'राजेश्वरी' ने नारी का सजीव चित्रण करते हुए कहा कि दुनिया वालों कद्र करो कुछ औरत के उद्‌गार की। यही भारती है जग-जीवन में रंगत अपने प्यार की। इसके अथक प्रयासो से ही सजती है गृह वाटिका। बिन नारी तस्वीर अधूरी रह जाती संसार की।। कवयित्री महिमा श्री ने श्रृंगार रस पर काव्य पाठ तो किया ही उन्होंने पतियों की भी जमकर क्लास लगा कर सभी को लोटपोट कर दिया। सबसे अंत में श्रीकांत श्री ने वीर रस और भक्ति रस के साथ ही पन्ना धाय पर काव्य पाठ कर सभी में देश भक्ति का जोश भर दिया। मुख्य अतिथि महंत अनिल गिरी, विशिष्ट अतिथि विशाल गर्ग, विमल कुमार और डॉ रविकांत शर्मा व राज्य महिला आयोग की सदस्य कमला जोशी ने भी अपने विचार रखे और सुन्दर काव्य संगोष्ठी का आयोजन करने के लिए भारत विकास परिषद की पंचपुरी शाखा को साधुवाद दिया। शाखा अध्यक्ष निखिल वर्मा ने अपनी शाखा के कार्यक्रमों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस साल का 65वां आयोजन है। जिला समन्वयक कुशल पाल सिंह चौहान और जिला सह समन्वयक अमित कुमार गुप्ता और पंचपुरी शाखा के अध्यक्ष निखिल वर्मा और महिला सहभागिता श्रीमती आभा वर्मा ने सभी कवियों और अतिथियों का पटका पहना कर और स्मृति चिह्न देखकर सम्मानित किया। इस अवसर पर भेल शाखा, शिवालिक शाखा, संस्कार शाखा, देवभूमि और अलकनंदा शाखा के दायित्व धारी भी उपस्थित रहे।



**सूचना ( संबंध विच्छेद )**

मेरा पुत्र नौशाद मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने में नहीं है। आये दिन झगड़ा करता है तंग आकर अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में नौशाद के किसी भी कृत्य व लेन-देन की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। श्रीमती सदीकन पत्नी स्व. शौकत, निवासी ग्राम ग्राम गढ़, गढ़मीरपुर, रानीपुर, हरिद्वार।

## एक नजर

### पशु प्रबंधन के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा

**पन्तनगर।** विश्वविद्यालय में केन्द्रीय गोवंश अनुसंधान संस्थान, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा वित्त पोषित अखिल भारतीय समन्वित शोध परियोजना-फ्रिजवाल के अंतर्गत ग्राम खुरियाखत्ता में पशु स्वास्थ्य शिविर एवं कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिविर का उद्घाटन डा. डी. कुमार, विभागाध्यक्ष पशु प्रजनन एवं कार्यवाहक अधिष्ठाता पशुचिकित्सा महाविद्यालय ने किया। उन्होंने गोपालकों एवं परियोजना टीम को उत्साहित करते हुए पशु प्रबंधन के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की। शि. विर में 15 गोपशुओं का स्वास्थ्य निरीक्षण और उपचार डा. संजय चौधरी, सह-परियोजना अधिकारी ने किया। कार्यक्रम के दौरान, डा. चन्द्र भान सिंह ने परियोजना के उद्देश्यों और लाभों पर प्रकाश डाला, जबकि डा. बृजेश सिंह, डा. बीएन शाही, और डा. रिपूसुदन कुमार ने उन्नत पशुपालन के लिए तकनीकी जानकारी दी। शिविर में 70 पशुपालकों ने भाग लिया।

### शारीरिक दक्षता के बाद 235 अभ्यर्थी सफल

**बागेश्वर।** पुलिस लाइन बागेश्वर में आयोजित पुलिस भर्ती के लिए शारीरिक मानक दक्षता परीक्षा चल रही है। सोमवार से चल रही भर्ती प्रक्रिया 28 फरवरी तक चलेगी। पहले दिन 500 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। इसमें से 367 पहुंचे। 133 अनुपस्थित रहे। शारीरिक दक्षता के बाद 235 अभ्यर्थी सफल रहे। दूसरे दिन सुबह से परीक्षा चल रही है। यह प्रक्रिया 28 फरवरी तक जारी रहेगी। पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोड़के ने बताया कि भर्ती प्रक्रिया निष्पक्ष चल रही है। कोई भी अभ्यर्थी किसी के लालच में न फंसें। दूसरे दिन भर्ती चयन में लंबी कूद, बाल थ्रो, दस्तावेज की जांच सहित ने गतिविधियां चलती रही।

### पीएनबी ने वित्तीय साक्षरता कैम्प लगाया

**बागेश्वर।** पंजाब नेशलन बैंक बागेश्वर शाखा ने खांकर में वित्तीय साक्षरता कैंप आयोजित किया। ग्रामीणों को सरकार की स्वरोजगारपरक योजनाओं की जानकारी दी। राजकीय प्राथमिक विद्यालय खांकर में 25 बच्चों को गणवेश वितरित किए। उन्हें हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। शाखा प्रबंधक हेम चंद्र पंत ने कहा कि पीएनबी उपभोक्ताओं के साथ ही ग्रामीणों को भी सरकार की योजनाओं का लाभ दे रहा है। उन्होंने ग्रामीणों को प्रधानमंत्री मंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, अटल पेंशन योजना सहित कन्या बचत योजना आदि की जानकाी दी। स्वरोजगारपरख योजनाओं का लाभ उठाने को कहा। उन्होंने बैंक सीएसआर फंड के तहत विद्यालय और आंगनबाड़ी केंद्र के 25 बच्चों को गणवेश वितरित किए। इस अवसर पर राकेश बिष्ट, भगवती प्रसाद पांडेय, दीवान सिंह रौतेला, कैलाश चंद्र, कविता देवी, जानकी देवी, प्रभा जोशी आदि उपस्थित थे।

### डीडीए समाप्ति की मांग को लेकर धरना

**अल्मोड़ा।** जिला विकास प्राधिकरण को लेकर सर्वदलीय संघर्ष समिति के धरना प्रदर्शन को प्रशासन की ओर से निराधार बताने पर आक्रोश भड़क गया है। नाराज समिति के सदस्यों ने विरोध में जमकर प्रदर्शन किया। डीडीए समाप्ति का शासनादेश जारी नहीं होने तक आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी। नगर के मालरोड स्थित गांधी पार्क में सर्वदलीय संघर्ष समिति ने मंगलवार को साप्ताहिक प्रदर्शन किया। सरकार के खिलाफ जमकर नारेबा. जी की। यहां धरना प्रदर्शन में समिति के सयोजक व पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी, प्रताप सिंह सत्याल, शहाबुद्दीन, रोबिन मनोज भंडारी, वैभव पांडे, गोविंद राम, ललित मोहन पंत, प्रत्येश कुमार पांडे, भारत पांडे समेत विभिन्न संगठनों से जुड़ों लोग मौजूद रहे।

### पालिकाध्यक्ष, सभासदों का स्वागत किया

**नैनीताल।** भीमताल ब्लाक के भवाली नगर पालिका के नव निर्वाचित पालि. काध्यक्ष पंकज आर्या समेत नव नियुक्त पालिका सभासदों क्रमशः किशन सिंह अधिकारी तथा मनोज तिवारी (प्रशासनिक अधिकारी) का भवाली नगर के समाजसेवियों की ओर से स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम में भगवती सुयाल, आचार्य कैलाश चंद्र सुयाल तथा उपस्थिति अतिथियों का अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया। इस आयोजन में भवाली के विकास पर विस्तृत रूप में चर्चा भी की गयी। इस मौके पर महेश चंद्र जोशी, घनश्याम त्रिपाठी, अनुराग त्रिपाठी, तारा भट्ट आदि मौजूद रहे। इस मौके पर नव नियुक्त पालिकाध्यक्ष पंकज आर्या ने उनकी ओर से भवाली में होने वाले भावी विकास कार्यो के बारे में मौजुद गणमान्य लोगों को जानकारी दी गयी।

### पेयजल समस्याओं के निराकरण की मांग

**अल्मोड़ा।** लमगड़ा बाजार में पेयजल समस्याओं को लेकर व्यापार मंडल मुखर हो गया है। मंगलवार को देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल से जुड़े व्यापारियों ने डीएम को ज्ञापन सौंप क्षेत्र में जल्द पानी की समस्या को दूर करने और अवैध कनेक्शनों की जांच की मांग उठाई। मांग पूरी नहीं होने आंदोलन की चेतावनी दी। ज्ञापन में व्यापारियों ने कहा कि लंबे समय से लमगड़ा बाजार समेत पूरे क्षेत्र में पेयजल की समस्या बनी हुई है। गर्मी के दिनों में यहां पेयजल की समस्या और भी अधिक विकराल हो जाती है। कहा कि मामले को लेकर पूर्व में प्रशासन को अवगत कराया गया था, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। वहीं, व्यापारियों ने आरोप लगाया कि पानी की लाइन में कई अवैध कनेक्शन लगे है। जिस कारण पानी की समस्या और अधिक बढ़ गई है। यहां ज्ञापन सौंपने वालों में लमगड़ा व्यापार मंडल अध्यक्ष शुभम कपकोटी, महामंत्री संजय सिंह बिष्ट समेत कई व्यापारी मौजूद रहे।

# यूसीसी के कई बिन्दुओं पर आक्रोश

## प्रावधानों को बदलने व सरल बनाने की मांग, अधिवक्ताओं का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** यूसीसी के कुछ बिदुंओं के खिलाफ अधिवक्ताओं ने सवाल उठाते हुए मोर्चा खोल दिया है। मंगलवार को नाराज अधिवक्ताओं ने जिला बार एसोसिएशन के बैनर तले न्यायालय परिसर के कलक्ट्रेट तक विरोध जुलूस निकाला। इस दौरान शासन प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

यूसीसी में बदलाव करने और पेपरलैस रजिस्ट्री विधेयक को रद करने की मांग उठाई। अधिवक्ताओं ने कहा कि उत्तराखंड सरकार ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू की है। इसमें विवाह व लिव इन रिलेशनशिप पंजीकरण, तलाक, वसीयत आदि की प्रक्रिया को और जटिल बना दिया है। जिससे आम लोगों को परेशानी का सामना करना



पड़ रहा है। कहा कि लिव इन रिलेशनशिप के पंजीकरण से सामा. जिक दुष्प्रभाव पड़ने के साथ महिला अपराधों में बढ़ोत्तरी होने की संभावना है। प्रदेश की सामाजिक संरचना को बनाए रखने के लिए इसे रद करना जरूरी है। कहा कि विवाह, तलाक व वसीयत आदि की प्रक्रिया को सरल व सुगम बनाने व ऑनलाइन के साथ ऑफलाइन पंजीकरण की सुविधा जरूरी हैं। वहीं, अधिवक्ताओं ने सरकार की पेपरलैस रजिस्ट्री की व्यवस्था की योजना के विरोध का फैसला किया है। उन्होंने यूसीसी के प्रावधानों को बदलने व सरल बनाने की मांग की है। मामले को लेकर प्रशासन के खिलाफ से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भी भेजा। जल्द मांग पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। विरोध प्रदर्शन में जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष महेश चंद्र सिंह परिहार, उपाध्यक्ष कवींद्र पंत, महिला उपाध्यक्ष भावना जोशी, संयुक्त सचिव प्रेमा आर्या, कोषाध्यक्ष रोहित बिष्ट, केवल सती, सह सचिव प्रेम आर्या, सह कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार, सुनील तिवारी, एचडी पांडे, वंदना कोहली, हिमांशु मेहता, इन्तेखाब कुरैशी, पल्लव गस्याल, विवेक तिवारी, पीसी तिवारी, जमन सिंह बिष्ट, निखिलेश पवार, मोहन देवली, अखिलेश टम्टा, मनोज पंत, केवल सती, निर्मल रावत, संजीव समेत कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

## वनाग्नि रोकथाम को लेकर जिलाधिकारी ने ली बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** वनाग्नि रोकथाम को लेकर मंगलवार को कलेक्ट्रेट के वीसी कक्ष में जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडेय की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि ऐसे संवेदनशील वन क्षेत्र जहां पानी की पाइप लाइन बिछी हुई हैं वहां प्रत्येक 500 मीटर पर पानी का प्वाइंट बनाया जाए, जिससे वनाग्नि के दौरान उसका उपयोग करके आग पर काबू पाया जा सके। जिलाधिकारी ने पूर्व में दिए निर्देशों की समीक्षा करते हुए इस संबंध में अपेक्षित कार्य नहीं होने पर नाराजगी जताई। उन्होंने आगामी दो दिन में उपरोक्त के दृष्टिगत सर्वेक्षण पूर्ण करने तथा जहां जहां प्वाइंट बनाएं जाएंगे, उन प्वाइंट को जीआईएस पर भी मैप करने के निर्देश दिए।

विदित हो कि यह पहल जिलाधिक. ारी द्वारा वनाग्नि रोकथाम के लिए प्रयोगात्मक रूप से प्रारंभ की गई है। इसके तहत लगभग 100 किलोमीटर के क्षेत्र में जहां जहां वन क्षेत्र से पेयजल लाइन बिछाई हुई हैं, वहां प्रत्येक 500 मीटर पर पानी की लाइनों में प्वाइंट बनाए जाएंगे तथा पानी के अंडर ग्राउंड टैंक भी बनाए जाएंगे। यह टैंक रिसाव रोधी होंगे तथा लंबे समय तक इनमें पानी की उपलब्धता बनी रहेगी, जिससे जंगली जानवरों को भी पीने का पानी जंगल में ही मिल सकेगा। फॉरेस्ट फायर के दौरान उन टैंकों एवं प्वाइंट से पानी लेकर आग पर काबू पाया जा सकेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि यह कार्य प्रयोगात्मक रूप से किया जा रहा है, यदि यह कार्य सफल रहा तो अगले वर्ष से पूरे जनपद में इसे लागू किया जाएगा। जिलाधिकारी ने सख्त लहजे में कहा कि यह काम प्राथमिकता से किया जाना है। चूंकि शासन ने फॉरेस्ट फायर को आपदा घोषित कर दिया गया है। अतः आपदा जैसी परिस्थितियों से निपटने में लाप. रवाही कतई बर्दाश्त नहीं होगी।

### अनर्सा गांव में विधिक जागरूकता शिविर

**बागेश्वर।** जिला विधिक प्राधिकरण के तत्वावधान में कपकोट के अनर्सा गांव में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्राधिकरण के सचिव जयेंद्र सिंह ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को कानूनी सेवा योजना 2015 विषय पर जानकारी दी। इस दौरान विधिक सहायता, लोक अदालत के फायदे, डिजिटल अरेस्ट/साइबर क्राइम, सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाएं, सड़क सुरक्षा के नियम एवं नालसा हेल्प लाइन नम्बर 15100 एवं असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए कानूनी सेवा योजना विषयों पर जानकारी दी गई। शिविर में श्रम पर्वतन अधिकारी ने श्रम विभाग द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं जानक. ारी दी। शिविर में मोहन राम, असिस्टेन्ट, लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल भी उपस्थित रहे।

## किन्नरों की बेतहाशा वसूली से ग्रामीण परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** गरुड़ क्षेत्र के ग्रामीणों में किन्नरों की बेतहाशा वसूली के खिलाफ आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने खुशी के मौके पर आने वाले किन्नरों को दी जाने वाली राशि तय करने की मांग तहसील प्रशासन से की। इस आशय का एक ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। मंगलवार को क्षेत्र के लोग तहसील मुख्यालय पहुंचे। एक ज्ञापन एसडीएम जितेंद्र वर्मा को सौंपा। वक्ताओं ने कहा कि गरुड़ क्षेत्र में किन्नरों के अपने एजेंट भी हैं, जो उनको ग्रामीण क्षेत्र में शादी, जनेऊ, नामकरण कार्यक्रम होने की खबर देते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अपनी खुशी से कोई परिवार किन्नरों को जितना नजराना दें, उसे किन्नरों को स्वीकार करना चाहिए, लेकिन किन्नर दस से बीस हजार तक की मांग करते हैं। गरीब परिवार के लिए इतनी रकम देना संभव नहीं हो पाता है। नहीं देने पर ये लोग अभद्रता पर उतर आते हैं। ग्रामीण चाहते हैं कि एक प्रस्ताव प्रशासन को भी सौंपा जाए और एक फिक्स रेट तय किया जाए। किन्नरों की मनमानी के खिलाफ बैठक में सरपंच कैलाश मेहरा, निवर्तमान प्रधान पुष्पा देवी, ठाकुर मेहरा, कमला देवी, भोपाल दोसाद, दयाल सिंह, महेंद्र मेहरा आदि शामिल रहे। इधर एसडीम जितेन्द्र वर्मा ने कहा कि किन्नर यदि मनमानी करेंगे, हंगामा करेंगे तो प्रशासन उनके खिलाफ एक्शन लेगा। शुभ अवसरों पर वसूली का कोई लीगल प्रावधान नहीं हैं। इस तरह की किसी भी घटना की खबर ग्रामीण त्वरित रूप से नजदीकी पुलिस स्टेशन में या राजस्व केंद्र में दें।

# छात्रों ने बनाई सुंदर फेस पेंटिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पंतनगर।** विश्वविद्यालय के साम. ुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के संसाधन प्रबंधन एवं उपभोक्ता विज्ञान विभाग द्वारा ड्राइंग और फेस पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ड्राइंग प्रतियोगिता 'ब्लूमिंग इमेजिनेशन' थीम पर आधारित थी, जिसमें कक्षा 3 से 12 तक के 158 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में 'माई ग्रीन प्लैनेट', 'इन्क्रेडिबल इंडिया' और 'नेशनल गेम्स' जैसे विषयों पर रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का मूल्यांकन पीएचडी शोधार्थियों ने किया। वहीं, फेस पेंटिंग प्रतियोगिता 'नवरस' थीम पर आधारित थी, जिसमें 82 प्रतिभागियों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। निर्णायक मंडल में डा. नीतू डोभाल और डा. रीतिका भट्ट



शामिल थीं। दोनों प्रतियोगिताओं में छात्रों ने अपनी कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिससे उनके सृजनात्मक विकास को बल मिला। यह आयोजन डा. अल्का गोयल और डा. अदिति वत्स के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के प्रभारी टीए खस्तगीर, डा. दिव्या सिंह और डा. संध्या रानी रहे। कार्यक्रम का प्रबंधन और संचालन स्टूडेंट रेडी प्रोग्राम (एसआरपी) के तहत अंतिम वर्ष के छात्रों द्वारा किया गया। विज. ेताओं को प्रमाण-पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। आयोजन की सफलता के लिए विभाग और आयोजक टीम की सराहना की गई।

# बीएसएनएल की लचर संचार व्यवस्था पर डीएम नाराज़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** जिले में बीएसएनएल की संचार सेवाओं में आ रही दिक्कतों को लेकर नागरिकों की शिकायतों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी, आशीष भटगांई ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की है।

उन्होंने मंडल अभियंता, बीएसएनएल, आशीष निगम को कड़े निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आम जनता को निर्बाध संचार सुविधा उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। संचार सेवाओं में व्यवधान से आमजन को हो रही परेशानी पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि यह न केवल नागरिकों के दैनिक जीवन को प्रभावित कर रहा है, बल्कि आपातकालीन सेवाओं, स्वास्थ्य सुविधाओं, ऑनलाइन शिक्षा और व्यापार पर भी प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है।

उन्होंने बीएसएनएल अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिकायतों का त्वरित समाधान किया जाए और सभी बाधाओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाए। जिले में 48 मोबा. इल टावर लगाए जाने थे, जिनमें से 33 में कार्य पूर्ण हो चुका है। हालांकि बैठक में सामने आया कि उनमें से भी कई सुचारू रूप से कार्य नहीं कर रहे हैं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि यह स्थिति अस्वीकार्य है, क्योंकि सुचारू संचार व्यवस्था न केवल प्रशासनिक कार्यों बल्कि नागरिकों की सुविधा और सुरक्षा के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। जिलाधिकारी ने बीएसएनएल अधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित टावरों का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा किया जाए और चालू टावरों की कार्यप्रणाली को दुरुस्त कर नागरिकों को निर्बाध सेवा प्रदान की जाए। साथ ही जिले के विभिन्न क्षेत्रों में नेटवर्क की गुणवत्ता का नियमित निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि संचार सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जनता को बेहतर सेवाएं देने के लिए कड़े कदम उठाए जाएंगे।

## जंगलों को बचाने के लिए रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** ब्लॉक स्तरीय वनाग्नि सुरक्षा समिति के तहत विकास खण्ड कपकोट के अनतर्गत जन जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रशासक गोविन्द सिंह दानू एवं एसडीओ तनुजा परिहार द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। विकास खण्ड कार्यालय से सरयू पुल बाजार तक जंगलों को आग से बचाने के लिए जन जागरुकता रैली निकाली गई। कार्यक्रम में अल्मोडा शीतलाखेत में वनाग्नि से सुरक्षा के सफल मॉडल को लागू करने हेतु आई टीम प्रशिक्षक ने बीपीटी वीडियो क्लीप से कार्यक्रम में पहुंचे महिला मंगल दल, वन सरपंचों को प्रशिक्षित किया। इस मौके पर प्रशासक ने कहा कि जंगलो में आग से बचाने के लिए जन जागरुकता एव जन सहभागिता जरूरी है। क्योंकि वन विभाग में फील्ड कर्मचारी व स्टाफ की कमी के कारण जंगलो में लगी आग नियंत्रित करना संभव नहीं है। इसलिए जन-तंत्र मिलकर ही जंगलो की आग को नियंत्रित किया जा सकता है। खासकर महिला मंगल दल, सरपंच सहित गांव में गठित ग्राम पंचायत स्तरीय वनाग्नि सुरक्षा समितियों को वन विभाग और एसडीआरएफ द्वारा समय समय पर प्रशिक्षित करना जरूरी है। साथ ही नुक्कड़ नाटक, स्लाइड शो, लोकनृत्यों, जंगलो में पैदल मार्च कर भी जन जागरुकता जरूरी है। एसडीओ तनुजा परिहार ने बताया कि ग्लेशियर रेंज में 12 ग्राम पंचायत स्तरीय वनाग्नि सुरक्षा समितियों का गठन किया गया। इस अवसर पर निर्वतमान ज्येष्ट उप प्रमुख हरीश मेहरा, वन क्षेत्राधिकारी कपकोट धमेन्द्र पाण्डे, ग्लेशियर वन क्षेत्राधिकारी पवन मेहरा, प्रताप ऐंठानी, प्रभा गड़िया, गोविन्द कोरेगा, दीपक आर्या, प्रकाश जोशी, किशन सिंह दानू आदि मौजूद थे।

### डाक कांवर लाने रवाना हुए शिवभक्त

**काशीपुर।** डाक कांवर में हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लाने हेतु पुराना आवास विकास से शिवभक्तों की टोली शिवशंकर के जयकारे लगाते हुए हरिद्वार रवाना हुई। पूर्व पार्षद राजकुमार सेठी के पुराना आवास विकास स्थित आवास से शिवभक्तों की टोली ने सोमवार देर सायं हरिद्वार के लिए प्रस्थान किया। इस दौरान पूर्व पार्षद राजकुमार सेठी ने कहा कि क्षेत्र एवं प्रदेश की खुशहाली एवं सुख समृद्धि के लिए वे शिवभक्तों के साथ डाक कांवर लेने हरिद्वार जा रहे हैं तथा गंगाजल लेकर यहां पहुं. चने के बाद महाशिवरात्रि की मध्य रात्रि श्री मोटेश्वर महादेव मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। हरिद्वार प्रस्थान करने वालों में पूर्व पार्षद राजकुमार सेठी, पुलकित सेठी, पारस कपूर, रिषभ, पुलकित भल्ला आदि तमाम शिवभक्त थे।

# एक मेडिकल स्टोर सील, दो कराए बंद

## प्रतिबंधित दवा की बिक्री की शिकायत पर छापामारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** क्षेत्र में एविल वायल नामक औषधि का अधिकता में दुरुपयोग किये जाने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने संज्ञान लेते हुए एसडीएम काशीपुर को कार्यवाही के निर्देश दिये गये।

डीएम के निर्देश पर एसडीएम की अध्यक्षता में ड्रग इंस्पेक्टर ने पुलिस के साथ क्षेत्र के विभिन्न मेडिकल प्रतिष्ठानों में एविल वाइल के संबंध में छापेमारी की कार्रवाई की, जिसमें कुमाऊँ मेडिकल एजेंसी से निकट चामुंडा मंदिर से क्रय विक्रय के अभिलेख प्राप्त कर सबसे ज्यादा क्रय किए गए मेडिकल स्टोर मैसेज राज मेडिकल स्टोर टांडा काशीपुर पर छापेमारी कार्यवाही की गई। मौके पर



प्रतिष्ठान द्वारा 375 एविल वायल के सापेक्ष विक्रय का अभिलेखों का सत्यापन नहीं पाया, साथ ही फर्म के लाइसेंस निलंबित होने के फलस्वरूप फर्म द्वारा क्रय विक्रय का कार्य करते हुए पाए जाने पर फर्म को जनहित में सील करने की कार्रवाई की गई। साथ ही टीम द्वारा उत्तरांचल मेडिकल स्टोर व सुशील मेडिकल स्टोर चीमा चौराहे पर भी छापेमारी की कार्रवाई की गई जिसमें लाइसेंस व प्रोपराइटर का सत्यापन न होने की दशा में उत्तरांचल मेडिकल स्टोर को मौके पर बंद कराया गया व सुशील मेडिकल स्टोर की वैधता का सत्यापन न पाए जाने की स्थिति में मेडिकल स्टोर को बंद कराया गया। एसडीएम ने बताया कि कोई भी मेडिकल स्टोर बिना वैध प्रिस्क्रिप्शन के ऐविल वायल अगर अनाधिकृत रूप से बेचता हुआ पाया जाता है तो उसके विरुद्ध जिलाधिक. ारी के निर्देशानुसार नियमों में प्रावधानित व्यवस्था के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। टीम मे उपजिलाधिकारी अभय प्रताप सिंह, तहसीलदार पंकज चन्दौला, ड्रग इंस्पेक्टर नीरज दिवाकर, पटवारी गौरव चौहान, दौलत सिंह, मनीष सिंह, चौकी इंचार्ज टांडा सुनील सुतेड़ी मौजूद रहे।

### नव नियुक्त मंडल अध्यक्ष संजय बिष्ट का स्वागत

**अल्मोड़ा।** भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की ओर से नवनियुक्त हवालबाग मंडल अध्यक्ष संजय बिष्ट का भव्य स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं ने कोसी बाजार में मिष्ठान वितरित कर आतिशबाजी की। नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष बिष्ट ने भाजपा शीर्ष नेतृत्व का आभार। कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए कार्य करेंगे। यहां मेयर अजय वर्मा, ललित लटवाल, बिट्टू कर्नाटक, धर्मेंद्र बिष्ट, गोकुल मेहता, आनंद डंगवाल, विनीत बिष्ट, प्रताप बिष्ट, पूरन मुसयूनी, लोकेश कालाकोटी, देवस्थल महाराज ब्रहस्पति गिरी, सुनील बिष्ट, कुंदन कुमार बिष्ट, सुंदर मटियानी, मनीष बिष्ट, प्रमोद जोशी, रवि चौहान, अमित बिष्ट, सुनील नेगी, कृष्ण बहादुर सिंह, अमित शाह मोनू, अर्जुन बिष्ट, किशन बिष्ट, अर्जुन बिष्ट, कुंवर बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# कांवरियों के स्वागत में शिवमय हुआ नगर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** महाशिवरात्रि पर्व पर अपने अराध्य शिव शंकर का जलाभिषेक करने के लिए हरिद्वार से कांवर में पवित्र गंगाजल लेकर आ रहे कांवरिये हर-हर महादेव, बोल



बम-बोल बम के जयकारों के साथ गंतव्य की ओर बढ़ रहे हैं। उत्तराखण्ड की सबसे बड़ी कांवर भी आज काशीपुर पहुंच गयी। यहां पहुंचने पर उनका स्वागत किया गया। बताया गया कि इस कांवर का बजन ढाई कुंतल है। कांवरियों के स्वागत के लिए जगह-जगह पंडाल सजाए गए हैं। श्मशान घाट के समीप, गैंबिया के समीप चाचा की बगिया में, गंगे बाबा मंदिर में, मुंशीराम चौराहा पर, मुल्तानी मोड़ पर, श्री अग्रवाल सभा भवन में, रतन रोड पर शिव डेयरी के सामने, मेन चौराहा व रोडवेज बस स्टैंड आदि विभिन्न स्थानों पर कांवरियों के लिए फल, पेय पदार्थ और भोजन की व्यवस्था की गई है। उक्त स्थानों पर कांवरिया जलपान व भोजन कर विश्राम कर गंतव्य की ओर प्रस्थान कर रहे हैं। महाराणा प्रताप चौक पर ख़ालसा फाउंडेशन द्वारा कांवरियों को फल वितरित किये गये इस दौरान खालसा फाउंडेशन के पदाधिकारी व साथ हैं एसपी अभय सिंह तथा एसडीएम अभय प्रताप सिंह भी मौजूद रहे। जनजीवन उत्थान समिति के तत्वाधान में ढेला पुल पर कांवरियों को फल वितरण किया गया। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार मिश्रा, भास्कर त्यागी, देवांग मिश्रा, विवेक मिश्रा, शालिनी मिश्रा, कर्तव्य मिश्रा, ममता मिश्रा, जया मिश्रा आदि उपस्थित रहे। ठेला-खोखा-फड़ एसोसिएशन की ओर से भी कांवरियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर अनिल शर्मा, इलियास माहीगीर, सोम शर्मा, आयुष शर्मा, सुरेश कुमार आदि उपस्थित थे।

## ट्राला अनियंत्रित होकर घर में घुसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शांतिपुरी।** देर रात्रि शांतिपुरी गेट के पास सोमवार को एक ट्राला अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने घरों में जा घुसा। जिसमें मकान स्वामी और उनके बच्चे बाल बाल बच गए। इस दौरान चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। सोमवार



रात लगभग एक बजे ट्राला संख्या यूपी 21/सीटी 1073 बगास भरकर लाल. कुआं की ओर जा रहा था। जैसे ही शांतिपुरी गेट के पास ट्राला पहुंच तो लालकुआं की ओर से आ रहा डंपर रॉन्ग साइड आ गया जिससे वाहन चालक ने ट्राले को दूसरी ओर अनियंत्रित होकर तारा सिंह पुत्र किशन सिंह के मकान में किचन की दीवार तोड़ता हुआ घुस गया। जिससे किचन का सामान क्षतिग्रस्त हो गया। इतना ही नहीं प्रदीप सिंह पुत्र स्व. गोपाल सिंह के मकान में टक्कर लगने से उसमें भी दरारें आ गई। इसके अलावा चपेट में आने से सड़क किनारे 11 हजार लाइन का पोल भी क्षतिग्रस्त होकर तीन हिस्सों में टूट गया। जिसके चलते रात एक बजे से अभी तक क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित है। गनीमत रही कि ट्राले की गति अधिक नहीं होने से वह रुक गया, अन्यथा घरों में सो रहे लोगों को जान माल का नुक़सान हो सकता था।

# बसंतकालीन गन्ना बुवाई को लेकर बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** राज्य में बसंतकालीन गन्ना बुवाई एवं अन्य बिन्दुओं पर आयुक्त गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग



उत्तराखण्ड की अध्यक्षता में जूम मीटिंग आहूत की गई, जिसमें आयुक्त गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग उत्तराखण्ड चन्द्र सिंह धर्मशक्तू द्वारा आगामी बसन्तकालीन गन्ना बुवाई की तैयारी की समीक्षा की गई। आयुक्त ने निर्देशित किया कि सभी जनपदों एवं जोन को बसन्तकालीन गन्ना बुवाई के जो लक्ष्य आवंटित किये गये है, उस लक्ष्य की शत प्रतिशत पूर्ति अनिवार्य रूप से किया जाना सुनिश्चित किया जाये। बसन्तकलीन गन्ना बुवाई के आवंटित लक्ष्य की पूर्ति हेतु ज्येष्ठ गन्ना विकस निरीक्षकों तथा सहायक गन्ना आयुक्त द्वारा दैनिक रूप से बुवाई कार्य की प्रगति की समीक्षा की जाये। सहायक गन्ना आयुक्तों द्वारा अवगत कराया गया कि रेड रॉट से प्रभावित गन्ना प्रजाति को. 0238 का प्रतिस्थापन किया जा रहा है तथा आगामी बसन्तकालीन गन्ना बुवाई में इस प्रजाति की बुवाई को हतोत्साहित करते हुए नई उच्च शर्करायुक्त प्रजातियों की बुवाई कराई जायेगी। आयुक्त ने निर्देशित किया कि जिन क्षेत्रों में गन्ना बुवाई नहीं की जा रहीं है, वहां सघन रूप से गन्ना कृषक गोष्ठियों का आयोजन किया जाए। बैठक में अपर आयुक्त गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग चन्द्र सिंह इमलाल, संयुक्त गन्ना एवं चीनी आयुक्त हिमानी पाठक, अधिशासी निद. ेशक चीनी मिल किच्छा त्रिलोक सिंह मर्तोलिया, कार्यकारी प्रबन्धक हरवीर सिंह, प्रचार एवं जनसम्पर्क अधिकारी नीलेश कुमार, सहायक गन्ना आयुक्त आशीष नेगी व ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक उत्तराखण्ड सहित निजि क्षेत्रों की चीनी मिलों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## शिव मंदिर में अखण्ड रामायण पाठ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय स्थित शिव मंदिर में शिवरात्रि के पावन अवसर पर मंगलवार से अखंड रामायण पाठ, भजन कीर्तन के कार्यक्रम शुरू हो गए हैं।



जिनका पारायण बुधवार को शिवरात्रि के मौके पर होगा। मंगलवार को अखंड रामायण पाठ से पूर्व गणेश पूजा व अन्य धार्मिक अनुष्ठान कुमाऊं विश्व विद्यालय के कुल. पति प्रो. दीवान सिंह रावत की मौजूदगी में सम्पन्न हुए। इस मौके पर कुलपति प्रो.रावत सहित दीपक बिष्ट, पदम् सिंह बिष्ट, पुष्कर घनस्याल, नवीन उप्रेती, हयात सिंह मुख्य जजमान थे। जबकि पण्डित महेश जोशी, राजेश लोहनी, कमल जोशी ने विधि विधान से धार्मिक अनुष्ठान कराए। इन अनुष्ठानों के बाद अखंड रामायण पाठ शुरू हो गया। यहां अपरान्ह बाद प्रसाद वितरण भी हुआ। इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में कैलाश बिष्ट, कुंदन बिष्ट, नवल बिनवाल, दीपक जोशी, बलवंत बिष्ट, गोपाल नाथ गोस्वामी, महेंद्र पाल, राजेन्द्र जोशी, पीताम्बर मधुसूदन रतूड़ी, धीरज बिष्ट, दीपक मेलकानी, पवन सिंह, हिम्मत सिंह, सचिन बिष्ट, सुरेश चंद्र बिनवाल सहित मंदिर समिति के पदाधिकारी व सदस्य सहित कुमाऊं विश्वविद्यालय का समस्त स्टाफ जुटा है।

### चंद्रेक बिष्ट, सुखीजा व जगदीश की नियुक्ति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पत्रकार प्रेस परिषद ने कुमाऊं के वरिष्ठ पत्रकार चंद्रेक बिष्ट को कुमाऊं मंडल अध्यक्ष और प्रभारी नियुक्त किया है। साथ ही, परम पाल सुखीजा को उत्तराखंड का वरिष्ठ उपाध्यक्ष और जगदीश चंद्र को महामंत्री नियुक्त किया गया है। पत्रकार प्रेस परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष आसिफ अली और उत्तराखंड के अध्यक्ष अशोक गुलाटी ने इन नियुक्तियों का स्वागत करते हुए कहा कि परिषद पत्रकारों के हित में काम कर रही है, जिसमें हेल्थ बीमा योजना और एंबुलेंस सेवा जैसी सुविधाएं शामिल हैं। 9 मार्च को रुद्रपुर में होने वाला होली मिलन समारोह ऐतिहासिक होगा, जिसमें कई प्रमुख नेता और अधिकारी भाग लेंगे।

## भवन निर्माण में ग्रीन बिल्डिंग, सोलर पावर एवं रेन वाटर हार्वेस्टिंग जरूरी

# मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सभी नियमों के सख्ती से पालन के निर्देश दिए



**सीएस ने कार्यदायी संस्थाओं को स्कूल, कालेज एवं अन्य भवनों के निर्माण में उत्तराखण्ड की स्थानीय वास्तु शैली के उपयोग की हिदायत दी**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सचिवालय में आयोजित ईएफसी (व्यय वित्त समिति) में पौड़ी गढ़वाल के यमकेश्वर में 1044.94 लाख रूपये लागत के कौड़िया किमसार वन मोटर मार्ग के सुदृढ़ीकरण कार्यों, जी बी पंत इंस्टिटयूट आफ इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नोलॉजी, घुड़दौड़ी, पौड़ी के निकट 1516.13 लाख रूपये की बिल्केदार पम्पिंग पेयजल योजना के पुनर्गठन, 1617.03 लाख रू0 के लागत वाले राजकीय पालीटेक्निक, सल्ट के भवन निर्माण कार्य, नाबार्ड की आरआईडीएफ योजना के तहत 1061.17 लाख रू0 के राजकीय पॉलिटैक्निक, लोहाघाट तथा 1234.59 लाख रू0 की लागत के राजकीय पॉलिटैक्निक, दन्या के निर्माण, देहरादून में 1171.56 लाख रू0 की लागत के न्यू कैंट मोटर मार्ग के 1 किमी0 0.375 चौनेज से 1.625 चौनेज (सालावाला पुल से विजय कॉलोनी पुल) तक मार्ग को दो लेन से 10.50 मी0 चौड़ाई में अपग्रेड करने की योजनाओं को अनुमोदन दिया। इसके साथ ही आज की ईएफसी में भराड़ीसैंण में पशुपालन विभाग के तहत भराणीसैंण फार्म विकसित करने तथा निकटस्थ गांवों में डेयरी आधारित अर्थव्यवस्था तथा गाय आधारित पर्यटन विकास की 3003.05 लाख रू0 की महत्वपूर्ण योजना पर भी चर्चा की गई। योजना पर विस्तृत चर्चा के लिए उच्च स्तरीय बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने निर्देश दिए कि सभी भवन निर्माण कार्यों में ग्रीन बिल्डिंग, सोलर पावर तथा रेन वाटर हार्वेस्टिंग के नियमों का सख्ती से पालन किया जाए। उन्होंने स्कूल, कालेज एवं अन्य भवनों के निर्माण में उत्तराखण्ड की स्थानीय वास्तु शैली के उपयोग के निर्देश दिए हैं।

बैठक में प्रमुख सचिव आर के सुधांशु, सचिव डॉ बी वी आर सी पुरूषोतम, डॉ रंजीत कुमार सिन्हा, पंकज कुमार पाण्डेय सहित वित्त, सिंचाई, नियोजन विभागों के अपर सचिव एवं अधिकारी मौजूद रहे।

## फंदे पर लटका मिला युवक

**हल्द्वानी।** शहर के बनभूलपुरा क्षेत्र में एक युवक ने संदिग्ध हालत में फंदे से लटक कर जान दे दी। युवक की मौत से परिजन सदमे में हैं। वहीं पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। इंदिरानगर बनभूलपुरा निवासी 21 वर्षीय नदीम पुत्र मो. अनीस पेशे से पेंटर का काम करता था। सोमवार की रात खाना खाने के बाद वह टीनसेड के अंदर सोने चला गया। जब सुबह परिजन उसे उठाने के लिए पहुंचे तो वह लोहे की राड से फंदे से लटका मिला। उसे फंदे पर लटका देख परिजनों में कोहराम मच गया। आनन-फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## ई-रिक्शा चालकों का हुआ सत्यापन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** शहर में चल रहे ई-रिक्शा संचालकों के सत्यापन का कार्य मंगलवार को लगातार दूसरे दिन भी जारी रहा। जैसे ही दिन की शुरुआत हुई, ई-रिक्शा चालक और मालिक आरटीओ कार्यालय पहुंचने लगे, ताकि वे अपने दस्तावेजों का सत्यापन करा सकें। दोपहर तक करीब 35 से अधिक रिक्शा मालिक और चालक अपने दस्तावेजों के पूरे होने पर टोकन प्राप्त कर चुके थे। परिवहन विभाग ने एक दिन में अधिकतम 250 ई-रिक्शा मालिक और चालकों का सत्यापन करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस प्रक्रिया में सभी दस्तावेजों की जांच की जा रही है ताकि केवल सही और पंजीकृत रिक्शा ही सड़कों पर चल सकें। बता दें कि बीते सोमवार को सत्यापन के पहले दिन 75 ई-रिक्शा मालिक और चालकों का सत्यापन सफलतापूर्वक किया गया था, जो इस अभियान की गति और प्रभावशीलता को दर्शाता है। इस सत्यापन प्रक्रिया से जहां एक ओर शहर में ई-रिक्शा संचालन के नियमों का पालन सुनिश्चित हो सकेगा, वहीं दूसरी ओर यात्रियों की सुरक्षा भी बढ़ेगी।

# कुमाऊं प्रीमियर लीग 16 मार्च से

### युवाओं को नशे से दूर रखने की पहल



**हल्द्वानी स्टेडियम में एक और दो मार्च को होगा ट्रायल**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** 38वें नेशनल गेम्स में फुटबॉल की लोकप्रियता और दर्शकों में इसके प्रति जुनून को देखते हुए और खिलाड़ियों को नशे से दूर रखने तथा खेल के प्रति लगाव बढ़ाने के उद्देश्य से बिठौरिया यूनाइटेड फुटबॉल क्लब द्वारा कुमाऊं प्रीमियर लीग का आयोजन 16 मार्च से किया जा रहा है। मंगलवार को पत्रकार वार्ता करते हुए फुटबॉल लीग के आयोजक वीरू कालाकोटी ने बताया कि कुमाऊं प्रीमियर लीग में कुमाऊं मंडल के छह टीम भाग ले रही है। जिसमें नैनीताल, उधम सिंह नगर, चंपावत, पिथौरागढ़, बागेश्वर और अल्मोड़ा की टीमें है। इन सभी छह टीमों के खिलाड़ियों को फुटबॉल प्रेमी, उद्योगपति और समाजसेवी नीलामी के माध्यम से खरीदेंगे। प्रतियोगिता से पहले खिलाड़ियों का चैन ट्रायल आयोजित किया जाएगा। जिसका पहला ट्रायल 1 मार्च को सुबह 9 बजे से नैनीताल जिले के खिलाड़ियों के लिए होगा। वहीं दूसरा ट्रायल 2 मार्च को हल्द्वानी स्टेडियम में उत्तराखंड के सभी जिलों के खिलाड़ियों के लिए होगा। इन ट्रायल्स के बाद 6 टीमों का चयन किया जाएगा। टीम की घोषणा सोशल मीडिया के जरिए 8 मार्च को की जाएगी। 15 मार्च को जर्सी लॉन्च कार्यक्रम का आयोजन हल्द्वानी के वॉकवे मॉल, फॉर्चून होटल में 3 बजे किया जाएगा। प्रतियोगिता का ओपनिंग मैच 16 मार्च को खेला जाएगा, और इसके बाद प्रतिदिन तीन मैच खेले जाएंगे। लीग का समापन 23 मार्च रविवार को फाइनल मैच के साथ होगा। विजेता टीम को 2 लाख की राशि और उपविजेता को 1 लाख की राशि पुरस्कार स्वरूप दी जाएगी। इस लीग में 38वें राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखंड की फुटबॉल टीम से सिल्वर मेडल जीतने वाले खिलाड़ी भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। चयनित खिलाड़ियों को बिठौरिया यूनाइटेड फुटबॉल क्लब द्वारा निशुल्क आवास, भोजन और जर्सी किट प्रदान की जाएगी। पत्रकार वार्ता में क्लब के अध्यक्ष आनंद देव, सचिव वीरू कालाकोटी, कोषाध्यक्ष त्रिभुवन नितवाल, उपसचिव कौशिक नेगी, उपाध्यक्ष मोहित नौटियाल, संरक्षक किशोर पाल और संजय रौतेला, कोच चंदन दानू, क्लब मैनेजर योगेश कुमार, शैलेंद्र सिंह दानू, ललित पवार, राजेंद्र सिंह मालरा, शंकर लाल आर्य, दिनेश बिष्ट, दिनेश यादव, मनोज पाठक और नवीन पांडे सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

## महाशिवरात्रि पर्व पर आज रूट डायवर्जन

**हल्द्वानी।** महाशिवरात्रि पर शहर और गौलापार क्षेत्र में वाहनों के आने-जाने पर पाबंदी होगी। न तो शहर से पहाड़ की ओर कोई भारी वाहन जा पाएगा और न आ पाएगा। इस दौरान परिवहन करने वाले भारी वाहनों को विभिन्न स्थानों पर पार्क कराया जाएगा। डायवर्जन प्लान सुबह 6 बजे से शाम 7 बजे तक लागू रहेगा। रूट प्लान जारी करते हुए कहा कि सभी प्रकार के भारी वाहनों का आवागमन सुबह 6 बजे से रात्रि 8 बजे तक प्रतिबंधित रहेगा। आवश्यक सेवाओं के वाहन जैसे सब्जी, फल, ईंधन, गैस, दूध आदि भी 7 बजे से रात्रि आठ बजे तक यात्रा रूट में प्रवेश नहीं कर पाएंगे। इसके साथ ही कालाढूंगी से पर्वतीय क्षेत्र को जाने वाले भारी वाहन मंगोली होते हुए जाएंगे, जबकि अन्य वाहनों को थाना मुखानी क्षेत्र में रोका जाएगा। गौलापार तीनपानी से पर्वतीय क्षेत्र को जाने वाले इन वाहनों को गौलापुल के पास डिवाइडर के पास रोका जाएगा। चोरगलिया रोड से पर्वतीय क्षेत्र को जाने वाले इन वाहनों को कुँवरपुर तिराहा से खेडा चौराहा के बीच रोका जाएगा। पर्वतीय क्षेत्र से हल्द्वानी आने वाले भारी वाहन को 6 बजे से आठ बजे तक जनपद सीमा पर रोका जाएगा, और भवाली व भीमताल से आने वाले भारी वाहनों को नंबर 1 बैंड, सलड़ी क्षेत्र में पार्क किया जाएगा। जिन भारी वाहन चालकों का पर्वतीय क्षेत्र में जाना आवश्यक है, उन्हें अपनी यात्रा समय से पहले पूर्ण करनी होगी या वे कालाढूंगी, रामनगर के रास्ते से यात्रा कर सकते हैं।

# सपनों की उड़ान में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

### सपनों की दौड़, सपनों के चित्र, फैंसी ड्रेस, कविता पाठ प्रतियोगिताएं



शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** समग्र शिक्षा अभियान के तत्वावधान में सीआरसी नगर क्षेत्र हल्द्वानी में मंगलवार को सपनों की उड़ान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का इस कार्यक्रम में स्कूल के छात्रों ने अपनी विविध प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने सपनों की दौड़, सपनों के चित्र, फैंसी ड्रेस, और कविता पाठ जैसे विभिन्न आयोजनों में भाग लिया।

सपनों की उड़ान कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद खंड शिक्षा अधिकारी तारा सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। सपनों की उड़ान कार्यक्रम ने विद्यार्थियों को न केवल अपनी क्षमताओं को दिखाने का मंच प्रदान किया, बल्कि उन्हें अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित भी किया। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी तारा सिंह ने कहा कि सपनों की उड़ान कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को उनके भविष्य के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने शिक्षकों और अभिभावकों से अपील की कि वें बच्चों को अपने सपनों को देखने और उन्हें साकार करने के लिए सहयोग दें। उन्होंने कहा कि बच्चों को शिक्षण के साथ-साथ पाठ्य सहगामी गतिविधियों और खेलों में भी भाग लेने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। नगर क्षेत्र संकुल प्रभारी हरीश बिष्ट ने कहा कि इस प्रतियोगिता के विजेता ब्लॉक स्तर की सपनों की उड़ान प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। कार्यक्रम में नगर निगम क्षेत्र के 36 राजकीय विद्यालयों ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिताओं में सपनों के चित्र, सपनों की दौड़, कविता पाठ, आदर्श एसएमसी का चयन, और सभी विद्यालयों द्वारा लर्निंग टीचिंग मटेरियल स्टॉल लगाए गए थे। इस मौके पर भावना कांडपाल, मीतू मटेला, विनीता मेहता, भारती रावत, मुकुल जोशी, कुसुम लता जलाल, मीना लोहनी, रीता सूरी, गीता आर्य, राजीव लॉरेंस, हेमा पंत, मंजू लक्ष्मी आदि मौजूद रहे।

## मूर्छित अवस्था में मिला जलसंस्थान का कर्मी, अस्पताल में मृत घोषित



शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र में जल संस्थान का एक कर्मचारी संदिग्ध अवस्था में बाजार में मूर्छित अवस्था में मिला। जिला अस्पताल में पहुंचने के बाद मौजूद डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गैरखेत निवासी दिलीप राम पुत्र आनंद राम गैरीखेत जल संस्थान में कार्यरत है। मंगलवार को वह बड़ा बाजार में बेहोश गिरा पड़ा मिला। लोगों की सूचना के बाद पुलिस व स्थानीय लोगों ने उसको राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। मामले में कोतवाली के एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि परिजनों को सूचित कर शव को कब्जे में ले लिया है। पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही है। पोस्टमार्टम के बाद मौत के स्पष्ट कारणों का पता लग पायेगा।

# राज्य प्राथमिक शिक्षक के चुनाव 7-8 मार्च को



**ब्लॉक रामनगर करेगा मेज़बानी**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के जनपदीय चुनाव आगामी 7 और 8 मार्च को विकासखंड रामनगर में आयोजित किए जाएंगे। इन चुनावों में जनपद के 225 डेलिगेट्स मतदान प्रक्रिया में भाग लेंगे। यह निर्णय मंगलवार को छोई स्थित एक रिसोर्ट में आयोजित जनपद एवं क्षेत्रीय इकाइयों की संयुक्त बैठक में लिया गया। जिसमें आगामी चुनाव प्रक्रिया को लेकर सर्वसम्मति से कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक में विकासखंड ओखलकांडा के पांच अतिरिक्त डेलिगेट्स के काम करने के लिए लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से समाधान किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला तदर्थ समिति के अध्यक्ष नंदराम द्वारा की गई, जबकि संचालन जिलामंत्री डिकर सिंह पडियार ने किया। इस बैठक में जनपद की 10 निर्वाचित इकाइयों के अध्यक्ष, मंत्री, कोषाध्यक्ष और अन्य प्रांतीय एवं ब्लॉक स्तरीय पदाधिकारी मौजूद रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रांतीय तदर्थ समिति के सदस्य मनोज तिवारी ने कहा कि उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद और उप निबंधक सोसाइटी देहरादून के निर्देशन में प्रदेश के अधिकांश जनपदों में क्षेत्रीय इकाइयों के चुनाव संपन्न हो चुके हैं। इसी क्रम में मार्च के पहले सप्ताह में जनपद नैनीताल का जिला स्तरीय अधिवेशन भी होगा। बैठक में जनपद के सभी वक्ताओं ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि चुनाव रामनगर में आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा, विकासखंडों में उप शिक्षा अधिकारियों की कमी को लेकर शिक्षकों की कार्य समय पर न होने की समस्या पर भी काफी आक्रोश व्यक्त किया गया। इस मुद्दे को शीघ्र हल करने के लिए जनपद में जिला इकाई का गठन करने पर भी विचार किया गया। बैठक में प्रेम कांडपाल, मदन मोहन सिंह बिष्ट, दिनेश मनराल, सुरेश चंद जोशी, हरीश पाठक, हीरा बल्लभ बसानी, हेमचंद भट्ट, धर्मेंद्र कुमार पाल, हेमंत पांडे, मदनगरतवाल, सतीश नैनवाल, मनीता कटारिया, नवीन चंद, पूरन चंद्र पंत, जगमोहन पडियार, अनिल कुमार शर्मा, अनुपम बमेठा, बंशीधर कांडपाल, सुमन बिष्ट, प्रमोद कवि दयाल, संजय कुमार, कैलाश चंद पंथ, शिवराज सिंह, सतीश कफलटिया, सतीश, राजकुमार मौजूद रहे।

## डीएसए मैदान को खेल विभाग को सौंपने पर आपत्ति

**नैनीताल।** जिमखाना एवं डीएसए नैनीताल की कार्यकारिणी ने नगर पालिका ध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल से मिलकर डीएसए खेल मैदान को क्रीड़ा विभाग को स्थानान्तरित करने का कड़ा विरोध किया है। कार्यकारिणी ने कहा कि सन् 1883 से डीएसए ने नैनीताल में स्थानीय एवं राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की एवं स्थानीय खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय व अन्तराष्ट्रीय स्तर पर नैनीताल का नाम रोशन किया। स्थानीय ऐतिहासिक श्री मां नंदा देवी मेला एवं सांस्कृतिक गतिविधियां भी इसी खेल मैदान में आयोजित हो रही है। डीएसए एवं कार्यकारिणी ने कहा कि हल्द्वानी गौलापार के अन्तराष्ट्रीय खेल स्टेडियम जो कि करोड़ो की लागत से बना है। अभी तक खेल विभाग नहीं ले पाया है। डीएसए कार्यकारिणी ने इस बात पर कड़ा विरोध किया है कि स्थानीय खिलाड़ियों जनप्रतिनिधियों व जनता को विश्वास में लिए बिना नगर पालिका प्रशासक व जिला प्रशासन द्वारा एक सुनियोजित तरीके से एक तरफा कार्यवाही कर ऐतिहासिक खेल मैदान को क्रीडा विभाग को हस्तान्तरित किया जा रहा है।

## संकाय सदस्यों की नियुक्ति के साक्षात्कार



**हल्द्वानी।** मंगलवार को राजकीय मेडिकल कॉलेज के विभिन्न विभागों में संकाय सदस्यों की नियुक्ति के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी में साक्षात्कार संपन्न हुआ। विदित हो कि विगत दिनों विभिन्न विभागों में संकाय सदस्यों के रिक्त पदों को भरने हेतु समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित किया गया था। इसी क्रम में मंगलवार को विभिन्न शहरों से आए कुल 7 संकाय सदस्यों ने साक्षात्कार में प्रतिभाग किया। इनके द्वारा विभिन्न विभागों में संकाय सदस्य पद हेतु साक्षात्कार दिया। असिस्टेंट प्रोफेसर के पदों में विभिन्न विभागों जैसे जनरल मेडिसिन विभाग में 2, मानसिक रोग विभाग में 1, बाल रोग विभाग में 1 व सुपर स्पेशिलिटी प्लास्टिक सर्जरी में 1 ने साक्षात्कार दिया। वहीं एसोसिएट प्रोफेसर के पदों में फार्माकोलॉजी विभाग में 01 व जनरल मेडिसिन विभाग में 01 अभ्यर्थियों ने साक्षात्कार दिया। चयन समिति में डा. ओंकार सिंह कुलपति उत्तराखंड टेक्निकल यूनिवर्सिटी देहरादून व वर्तमान में प्रभारी कुलपति हेमवती नंदन बहुगुंणा चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय देहरादून और डा. महेन्द्र कुमार पंत संयुक्त सचिव चिकित्सा शिक्षा विभाग वर्चुअल उपस्थित थे तथा डा. अरुण जोशी प्राचार्य राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी, डा. उमेश विभागाध्यक्ष माइक्रोबायोलॉजी विभाग, डा. साधना अवस्थी विभागाध्यक्ष कम्युनिटी मेडिसिन विभाग, डा. हरिशंकर पांडे विभागाध्यक्ष पैथोलॉजी विभाग आदि शामिल थे। प्राचार्य डा. अरूण जोशी ने बताया कि विभिन्न विभागों में संकाय सदस्यों के रिक्त पदों को भरने के लिए विभिन्न शहरों से संकाय सदस्यों ने साक्षात्कार में प्रतिभाग किया।

## परिवहन विभाग की फर्जी मुहर बनाकर ठगे हजारों रुपए

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** एक जालसाज ने संभागीय परिवहन विभाग की फर्जी मुहर बनाकर हजारों रुपए की ठगी कर दी। ठगी का शिकार हुए युवक ने मामले की शिकायत एआरटीओ से की। जिसके बाद इस धोखाधड़ी का पर्दाफाश हुआ।

एआरटीओ ने मुखानी थाने में तहरीर सौंपी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार इंद्रा कालोनी फेस-टू कुसुमखेड़ा निवासी कुनाल पुत्र प्रकाश चन्द्र जोशी ने 10 फरवरी को आरटीओ कार्यालय पहुंचकर मौखिक शिकायत दर्ज कराई थी। मौखिक शिकायत पर कुनाल ने आरोप लगाया कि उन्होंने वाहन फिटनेस और लाइसेंस के लिए उमेश सूर्यवंशी नामक व्यक्ति को 15 हजार रुपए दिए थे। इसके बाद उमेश ने फार्म 38 पर विभागीय की फर्जी मुहर लगाकर उन्हें दस्तावेज दे दिए। संभागीय परिवहन विभाग में जब मामले की जांच की गई तो यह खुलासा हुआ कि उमेश सूर्यवंशी ने कूटरचित दस्तावेजों पर फर्जी मुहर लगाकर दस्तावेज तैयार किए थे। इस मामले में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) ने मुखानी पुलिस को तहरीर सौंपी।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

सम्पादकः
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
स्थानीय सम्पादक
चेतन गुरूंग
देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**देहरादून दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0, रायपुर रोड देहरादून।**
E-mail: dussltdddn@rediffmail.com Phone - 0135-2787225

पत्रांकः 4670/स्था0/निविदा पत्रा0/2024-25/ दिनांकः 25 फरवरी 2025

**कमीशन एजेण्ट की आवश्यकता**

आंचल ब्रांड के दूध एवं दुग्ध उत्पाद जनपद- देहरादून में प्रतिली0/ प्रति कि0ग्रा0 दर पर विपणन हेतु कमीशन एजेण्ट की आवश्यकता है। उत्तराखंड में स्थित एफ0 एम0 सी0 जी0 व्यवसाय में कार्यरत एवं समान कार्य में अनुभवी फर्मों से कमीशन एजेण्ट हेतु आवेदन आमंत्रित किया जाता है।
इच्छुक निविदाकर्ता आवेदन प्रपत्र देहरादून दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड रायपुर रोड देहरादून से दिनांक 10.03.2025 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 11:00 बजे से सांय 4:00 बजे तक मु0 600.00 रू0 में क्रय कर सकते है, तथा पूर्ण भरे हुए फार्म दिनांक 11.03.2025 को दोपहर 2:00 बजे तक इस कार्यालय में जमा करा सकते है।

प्रधान प्रबन्धक
मो0नं0-8630325103
आंचल दूध - शुद्धता का प्रतीक

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, नरेन्द्र नगर, टिहरी गढवाल।**

पत्रांकः- 613/कोटेशन/न0पा0प0/24-25/नरेन्द्र नगर दिनांक : 22/02/2025

**।। कोटेशन सूचना ।।**

नगर पालिका परिषद, नरेन्द्र नगर के द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत स्वच्छता सर्वेक्षण-2025 के दृष्टिगत नगर पालिका परिषद, नरेन्द्र नगर के द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में 65 ली0 के नीले एंवम् हरे रंग के डस्टबिनों का क्रय किया जाना है, इस हेतु इच्छुक कम्पनी/फर्म/डीलर से दिनांक 10 मार्च, 2025 को अपरान्ह 2:00 बजे तक सीलबन्द लिफाफे में कोटेशन नगर पालिका परिषद, नरेन्द्र नगर के कार्यालय में आंमत्रित किये जाते है, जो उसी दिन सांय 04:00 बजे उपस्थित कोटेशनदाताओं के समक्ष निविदा समिति द्वारा पालिका कार्यालय में खोले जायेगें। निर्धारित तिथी एंव समय के पश्चात् प्राप्त कोटेशनों पर विचार नही किया जायेगा। कोटेशन से सम्बन्धित नियम एंव शर्तो की जानकारी किसी भी कार्य दिवस को पालिका कार्यालय से ज्ञात की जा सकती है। कोटेशनों को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार प्रशासक, नगर पालिका परिषद, नरेन्द्र नगर को निहित होगा।

| क्र0सं0 | विवरण | मात्रा |
|---|---|---|
| 1 | 65 ली0 डस्टबिन (हरे एंवम् नीले, कस्टमाइज, डस्टबिन के आवरण पर नगर पालिका परिषद, नरेन्द्र नगर लिखा होना अनिवार्य है, स्थल पर फिक्सिंग सहित) | प्रति नग |

(एलम सिंह रावत)
अधिशासी अधिकारी,
नगर पालिका परिषद,
नरेन्द्र नगर, टि0ग0।

(देवेन्द्र सिंह नेगी)
प्रशासक,
नगर पालिका परिषद,
नरेन्द्र नगर, टि0ग0।

**नाम-परिवर्तन**

मैंने अपना नाम अजवीर से बदलकर अजवीर सिंह कर दिया है। भविष्य में मुझे अजवीर सिंह पुत्र पूर्ण सिंह गुसाईं के नाम से जाना पहचाना जाए।
अजवीर सिंह
ग्राम-चाह, पोस्ट-गडोलिया
जिला-टिहरी गढ़वाल।

**खोया-पाया सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी हाईस्कूल की अंक तालिका/प्रमाण पत्र वर्ष 2009 **अनुक्रमांक** 0043091 जन्म तिथि 10.09.1994 वास्तव में खो गई यदि किसी सज्जन को मिली है तो निम्न पते पर भेजने का कष्ट करें।
**कुमारी मधुबाला पुत्री वीर सिंह**
ग्राम-बन्द्राणी, पोस्ट आफिस-रैथल भटवाड़ी, तहसील-भटवाड़ी, जनपद-उत्तरकाशी, मोबाईल नम्बर-9520630381.

**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लिमिटेड**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कारपोरेट आईडेन्टीटी न० UA40109UP2001SGC025867
विक्टोरिया क्रास विजेता गबर सिंह ऊर्जा भवन, कांवली रोड, देहरादून - 248001,
wwbsite : www.upcl.org, दूरभाष संख्या 0135-2763672-75

**निविदा तिथि विस्तार सूचना**

इस कार्यालय द्वारा पूर्व में आमंत्रित निविदा संख्या **03 /EE (CM) / 2024-25** जो कि ऊर्जा भवन के ऑफिस फर्नीचर की रिपेयरिंग हेतु आमंत्रित की गयी थी को अपरिहार्य कारणों से विस्तारित किया जाता है। उक्त निविदा **05-03-2025** दिनांक के **14:00** बजे तक क्रय एवं जमा की जा सकती है। निविदा दिनांक **05-03-2025** को **15:00** बजे खोली जायेगी।
अन्य नियम व शर्त मूल निविदा के अनुसार रहेगी।

No.88/EE(CM)/UPCL/A-2/
Dated :25/02/2025
अधिशासी अभियन्ता(का०मे०)

राष्ट्र हित में बिजली बचायें,
बिजली बचाने हेतु एल०ई०डी बल्ब का प्रयोग करें। (टोल फ्री नं०1912) विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाइन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाए। (विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं० 1800 180 4185/फैक्स संख्याः 0135-2760911 पर दें।

**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लिमिटेड** (उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
विक्टोरिया क्रास विजेता गबर सिहं ऊर्जा भवन, कॉवली रोड़, देहरादून-248001,
कारपोरेट आईडेन्टीटी नं0. UA40109UP2001SGC025867/2358
दूरभाष संख्याः 0135-2763672-76, वैबसाइट www.uktenders.gov.in

**ई-निविदा विस्तार सूचना**

इस कार्यालय द्वारा पूर्व में प्रकाशित ई-निविदा विशिष्टीकरण संख्या सी.सी.पी.-II/19/2024-2025 जोकि 20 नग पोर्टेबल सी.टी.-पी.टी. संयुक्त परीक्षण उपकरण (द्वितीयक इंजेक्शन आधारित) की आपूर्ति हेतु आमंत्रित की गयी थी, को अपरिहार्य कारणों से विस्तारित किया जाता है। यह ई-निविदा क्रय एवं जमा दिनांक 06.03.2025 को 17:00 बजे तक की जा सकती है। ई-निविदा का भाग-एक दिनांक 07.03.2025 को 15:30 बजे खोला जायेगा।
अन्य नियम व शर्ते मूल ई-निविदा के अनुसार रहेंगी। अन्य विवरण के लिए कृपया वेवसाईट **www.uktenders.gov.in** को देखें।

No.: 92/EE(CM)/UPCL/A-2,
Dt. 25.02.2025
अधीक्षण अभियन्ता
कारपोरेट (अनुबन्ध एवं क्रय-द्वितीय)

"राष्ट्र हित में बिजली बचायें।" बिजली बचाने हेतु एल.ई.डी. बल्ब का प्रयोग करें। (टोल फ्री नं. 1912) "विद्युत बिलों के 24X7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें" (विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं. 18001804185/फैक्स नं0 0135-2760911 पर दें।)

# विराट कोहली की पारी अच्छे प्रदर्शन की क्षमता का प्रमाण रिकी पोंटिंग



■ कल रात से बड़ा कोई क्षण नहीं था, जब पाकिस्तान ने एक मुश्किल विकेट पर पहले बल्लेबाजी की थी

**दुबई, वार्ता।** पाकिस्तान के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी में विराट को. हली के शतक को असाधारण बताते हुए आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोटिंग ने कहा कि कोहली की पारी महत्वपूर्ण मैच में अच्छा प्रदर्शन करने की क्षमता का प्रमाण है। दुबई में एक हाई-वोल्टेज मुकाबले में विराट को. हली ने शानदार शतक लगाकर भारत को पाकिस्तान पर छह विकेट से जीत दिलाई थी।

पोटिंग ने कहा कि मैंने हमेशा कहा है कि बड़े खेल बड़े नामों के बराबर होते हैं। आपको उन बड़े क्षणों में खड़े होने के लिए अपने बड़े नामों की आवश्यकता है और भारत के लिए पाकिस्तान के खिलाफ मैच से बड़ा कोई खेल नहीं है। उन्होने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मंच पर सबसे बड़ी प्रतियोगिताओं में आप जो करते हैं, उससे आपकी प्रतिष्ठा बनती है। इसलिए मेरे लिए यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि ऐसा हुआ है।ह उन्होंने कोहली की 111 गेंदों पर नाबाद 100 रन की पारी को उनके स्वभाव और महत्वपूर्ण परिस्थितियों म अच्छा प्रदर्शन करने की क्षमता का प्रमाण बताया। पोंटिंग ने कहा कि 2022 में टी20 विश्वकप में और अब वह उस टीम (पाकिस्तान) के खिलाफ खड़ा हुआ जिसके खिलाफ खेलने के लिए वह शायद खुद को सबसे मजबूत करेगा और कल रात से बड़ा कोई क्षण नहीं था जब पाकिस्तान ने एक मुश्किल विकेट पर पहले बल्लेबाजी की थी। इस तरह की मैच जिताऊ पारी खेलने के लिए शीर्ष क्रम में किसी की जरूरत थी और एक बार फिर यह काम कोहली को ही पूरा करना था। पहले बल्लेबाजी करते हुए, पाकिस्तान ने 49.4 ओवरों में 241 रन बनाए, जो चुनौतीपूर्ण लग रहे थे मगर भारत की बल्लेबाजी ने इसे बौना कर दिया। पाकिस्तान के पास ऐसे कई बल्लेबाज़ थे जिन्होंने शुरुआत तो की लेकिन उसे बड़े स्कोर में बदलने में नाकाम रहे। सऊद शकील (62), मोहम्मद रिजवान (46) और खुशदिल शाह (38) सभी ने योगदान दिया, लेकिन इनमें से किसी ने भी मेजबान टीम के लिए निर्णायक पारी नहीं खेली। पोंटिंग ने कहा कि आप दो स्कोरकार्ड देखें, यह एक है, विराट 100 रन बना रहा है, और पाकिस्तान के बहुत से खिलाड़ी बिना किसी के आगे बढ़े और बड़ा स्कोर बना रहे हैं। मैंने हमेशा से कहा है, खेल के किसी भी प्रारूप में 50 या अर्धशतक कभी भी आपको या आपकी टीम को कुछ नहीं दिला सकता। आपको बड़े स्कोर हासिल करने होंगे और इसलिए व्यक्तिगत बड़े स्कोर नहीं थे, लेकिन बड़ी साझेदारियां भी नहीं थीं। अनुभवी जोड़ी कुलदीप यादव (3/40) और हार्दिक (2/31) ने पाक को रोकने में भारत के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि वे अधिक चुनौतीपूर्ण लक्ष्य निर्धारित नहीं कर सकें। 242 रनों का पीछा करते हुए, भारत ने शुरुआती विकेट खो दिए, लेकिन कोहली ने संयम और सटीकता के साथ पारी को आगे बढ़ाया। अय्यर (56) के साथ एक महत्वपूर्ण साझेदारी बनाते हुए, उन्होंने कई सही समय पर स्ट्रोक और नियंत्रित आक्रामकता के साथ भारत को जीत दिलाई।



# इंग्लैंड से मुकाबले के लिए हम तैयार: शाहीदी

● अगर हम इन टीमों को हराना चाहते हैं तो हमें मैदान पर कड़ी मेहनत करनी होगी और उस दिन अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेलना होगा: कप्तान

**लाहौर, वार्ता।** अफगानिस्तान के कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी ने अपनी टीम को आत्ममुग्धता से बचने की अपील करते हुए कहा कि उनकी टीम इंग्लैंड से मुकाबले के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने टीम के सदस्यों को आत्ममुग्धता से बचने की सलाह देते हुए मैदान में बने रहने के महत्व पर जोर दिया। टूर्नामेंट शुरू होने से पहले ही अफगानिस्तान की काफी प्रशंसा की गई, जिसमें कई क्रिकेटर्स भी शामिल थे। दक्षिण अफीका से हार के बाद इंग्लैंड के खिलाफ महत्वपूर्ण मुकाबले की तैयारी कर रहे कप्तान शाहिदी ने स्वीकार किया कि उनकी टीम को परिणाम देने पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है। शाहीदी ने कहा कि हां, यह अच्छा लगता है जब दिग्गज और क्रिकेट विशेषज्ञ आपके और आपकी टीम के बारे में सकारात्मक बातें करते हैं। इससे आपको आत्मविश्वास मिलता है लेकिन साथ ही, अगर कोई बात करता है और कहता है तो इसका मतलब यह नहीं है हम अच्छा प्रदर्शन करेंगे। अगर वे कहते हैं कि हम सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर लेंगे, तो हमें इसके लिए मैदान पर कड़ी मेहनत करनी होगी। उन्होने कहा कि जैसा कि मैंने कहा, चैंपियन ट्रॉफी में गुणवत्ता वाली टीमें हैं, दुनिया की शीर्ष आठ रैंकिंग वाली टीमें हैं। इसलिए एक-दूसरे का सामना करना कठिन चुनौती है। ये चीजें हमें आत्मविश्वास देती हैं लेकिन साथ ही, अगर हम इन टीमों को हराना चाहते हैं तो हमें मैदान पर कड़ी मेहनत करनी होगी और उस दिन अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेलना होगा। अफगानिस्तान की चैंपियंस ट्रॉफी की शुरुआत निराशा. जनक रही और उसे दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 107 रनों की भारी हार का सामना करना पड़ा। कप्तान शाहिदी से पूछा गया कि क्या अफगानिस्तान के लिए पहले बोर्ड पर रन बनाना और फिर अपने बेहतर गेंदबा. जी आक्रमण का उपयोग करके विपक्षी टीम को रोकना अधिक प्रभावी होगा। उन्होने कहा कि मुझे लगता है कि जब हम पहले बल्लेबाजी करते हैं, तो इससे हमें अधिक मौका मिलता है। लेकिन साथ ही, हमने पिछले विश्व कप में दूसरी बल्लेबाजी करते हुए टीमों को भी हराया था। उन्होने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के खेल में, मुझे लगता है कि विकेट तेज़ गेंदबाज़ी के लिए थोड़ा मददगार था। यह भी मानता हूं कि पहले 20 ओवरों में अफगानिस्तान की बल्लेबाजी में दम नहीं था। जब हमारे स्पिनर गेंदबाजी कर रहे थे, तो उनके लिए कोई समर्थन नहीं था। मैंने एक भी गेंद को टर्न होते नहीं देखा। इसलिए हम अच्छा नहीं खेल पाए, खासकर बल्लेबाजी में। हमने पहले 20 ओवरों में अच्छी शुरुआत नहीं की।

## ब्रायडन की जगह रेहान अहमद इंग्लैंड टीम में

**दुबई, वार्ता।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी की इवेंट तकनीकी समिति ने ब्रायडन कार्स के प्रतिस्थापन के रूप में रेहान अहमद के नाम की इंग्लैंड को मंजूरी दे दी है। पैर की अंगुली में चोट के कारण कार्से के बाहर होने के बाद छह एक दिवसीय मैच खेलने वाले अहमद को प्रतिस्थापन के रूप में नामित किया गया था। किसी खिलाड़ी के प्रतिस्थापन के लिए खिलाड़ी को आधिका. रिक तौर पर टीम में शामिल करने से पहले इवेंट तकनीकी समिति की मंजूरी की आवश्यकता होती है। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी की इवेंट तकनीकी समिति में वसीम खान (आईसीसी महाप्रबंधक - क्रिकेट), सारा एडगर (आईसीसी वरिष्ठ प्रबंधक - इवेंट्स), उस्मान वाहला (पीसीबी निदेशक - अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट संचालन), शॉन पोलक (स्वतंत्र प्रतिनिधि) शामिल हैं। टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में ऑस्ट्रेलिया से हारने के बाद इंग्लैंड इस समय ग्रुप बी में मुश्किल स्थिति में है।

### खेल विशेष

## बारिश की भेंट चढ़ा ऑस्ट्रेलिया-दक्षिण अफ्रीका मुकाबला

**रावलपिंडी, वार्ता।** लगातार बारिश के कारण इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच बहुप्रतीक्षित मुकाबला एक भी गेंद फेंके बिना रद्द हो गया, जिससे दोनों टीमों को एक-एक अंक से संतोष करना पड़ा। सुबह से जारी बारिश के चलते ग्राउंड स्टाफ के पास भारतीय समयानुसार 1932 बजे के कट-ऑफ समय से पहले मैदान को खेलने योग्य बनाने का कोई मौका नहीं बचा जिसके बाद मैदान अंपायरों ने मैच को रद्द करने का फैसला लेना पड़ा। मैच के रद्द होने से ग्रुप बी को और अधिक अनिश्चितता में डाल दिया है, जिससे कल इंग्लैंड और अफगानिस्तान के बीच खेला जाने वाला मैच नॉकआउट हो गया है।

## नीदरलैंड ने भारत को 4-2 से हराया

**भुवनेश्वर, वार्ता।** भारतीय महिला हॉकी को सोमवार को एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 में मौजूदा चैंपियन नीदरलैंड के खिलाफ 2-4 से हार का सामना करना पड़ा। आज यहां भुवनेश्वर के स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में नीदरलैंड के लिए एम्मा ने 7वें मिनट में गोलकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। हालांकि इसके बाद उदिता ने 18वें मिनट में गोलकर स्कोर 1-1 से बराबरी पर ला दिया।

# पाकिस्तान की हार के लिए चयनकर्ता जिम्मेदार:सना मीर



■ टीम का चयन खेल की परिस्थितियों को देखकर नहीं किया गया है, पाक झेल रहा आलोचनाएं

**कराची, वार्ता।** चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर होने पर वसीम अकरम और शोएब अख्तर समेत कई दिग्गजों की आलोचना झेल रही पाकिस्तानी टीम को राष्ट्रीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान सना मीर से भी खरी खोटी सुननी पड़ी है। सना मीर का कहना है कि पाकिस्तान की खस्ता हालत के लिए चयनकर्ता भी जिम्मेदार हैं। पाकिस्तान का खेल तो तभी खत्म हो गया था जब टीम घोषित की गई थी। इस टीम का कोई भी भला नहीं कर सकता। चाहे वह महेन्द्र सिंह धोनी जैसा करिश्माई कप्तान हो या फिर पाकिस्तान के सफल कप्तान युनुस खान ही क्यों न हो। चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी कर रहे मेजबान पाकिस्तान अपने दो शुरुआती मैच न्यूजीलैंड और भारत से हार कर चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो चुकाहै। उसे अपने आखिरी मैच में अब बांग्लादेश का सामना करना है। सना ने 'गेम ऑन है' कार्यक्रम में कहा कि चैंपियंस ट्रॉफी के लिए जिन 15 खिलाड़ियों का चयन किया गया है, उसे देखते हुए अगर आप महेंद्र सिंह धोनी या यूनुस खान को भी कमान सौंप दो तब भी कुछ नहीं होने वाला क्योंकि टीम का चयन खेल की परिस्थितियों को देखकर नहीं किया गया है। मोहम्मद रिजवान की अगुवाई वाली पाकिस्तानी टीम को भारत से छह विकेट से हार झेलने के बाद लगातार आलोचना का सामना करना पड़ रहा है।

## भारत बी टीम पाक की सर्वश्रेष्ठ टीम को दे सकती है चुनौती: सुनील




● भारत की मजबूत प्रतिभा पाइपलाईन का श्रेय IPL को जाता है: सुनील गावस्कर

**दुबई, वार्ता।** चैंपियंस ट्रॉफी में निराशाजनक प्रदर्शन के कारण पाकिस्तानी दिग्गजों के कोपभाजन का शिकार बनी रिजवान की टीम पर निशाना साधते हुए भारतीय क्रिकेट के दिग्गज सुनील गावस्कर ने कहा कि भारत की दूसरी पंक्ति की टीम पाकिस्तान की राष्ट्रीय टीम के लिए गंभीर चुनौती पेश कर सकती है।

एक खेल प्रसारण पर बोलते हुए, गावस्कर ने मौजूदा टीम से रुतुराज गायकवाड़, इशान किशन, रिंकू सिंह और यशस्वी जयसवाल जैसे खिलाड़ियों को बाहर करने का हवाला देते हुए भारत के प्रतिभा पूल की गहराई पर प्रकाश डाला। उन्होंने टिप्पणी की कि मौजूदा पाकिस्तान टीम के लिए भारत की बी टीम को हराना बहुत मुश्किल होगा, हालांकि मैं सी टीम के बारे में निश्चित नहीं हूं। गावस्कर ने भारत की मजबूत प्रतिभा पाइपलाइन का श्रेय इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को दिया, जिसने युवा खिलाड़ियों को उच्च दबाव वाले क्रिकेट का अनुभव प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि आईपीएल ने यह सुनिश्चित किया है कि भारतीय क्रिकेट लगातार मैच के लिए खिलाड़ियों को तैयार करता है। कई क्रिकेटरों ने आईपीएल से रणजी ट्रॉफी और फिर राष्ट्रीय टीम में आसानी से बदलाव किया है।

# ऐज फ्रॉड केस में लक्ष्य की याचिका खारिज

● हाईकोर्ट ने जांच के आदेश दिए, भारतीय शटलर पर 2 साल 6 महीने उम्र घटाने के आरोप



**बेंगलुरु, वार्ता।** भारतीय बैडमिंटन प्लेयर लक्ष्य सेन के ऐज फ्राड मामले में कर्नाटक हाई कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी है। दरअसल 2022 में लक्ष्य, उनके परिवार और कोच विमल कुमार पर जूनियर बैडमिंटन टूर्नामेंट्स में जन्म प्रमाण पत्र के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया गया था। लक्ष्य की याचिका का रिव्यू करने के बाद कर्नाटक हाई कोर्ट ने कहा, मामले में ऐसे सबूत मौजूद हैं जो जांच की आवश्यकता को दर्शाते हैं। आरोपियों ने लक्ष्य और चिराग सेन के जन्म प्रमाण पत्र में करीब दो साल छह महीने की उम्र घटा दी जिससे वे अंडर ऐज टूर्नामेंट में भाग ले सकें और सरकारी लाभ प्राप्त कर पाए। 23 साल के शटलर लक्ष्य सेन के ऊपर एम. जी. नागराज ने सूचना का अधिकार (आरटीआई) के तहत जन्म प्रमाण पत्र पर हेराफेरी कर फर्जी दस्तावेज पेश करने के आरोप लगाते हुए एक निजी शिकायत की थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि लक्ष्य सेन के माता-पिता धीरेंद्र और निर्मला सेन, उनके भाई चिराग सेन, कोच विमल कुमार और कर्नाटक बैडमिंटन संघ के एक कर्मचारी ने जन्म रिकार्ड में फर्जीवाड़ा किया है। शिकायत के बाद, एक मेट्रोपालिटन मजिस्ट्रेट ने जांच का आदेश दिया था और दिसंबर 2022 में आरोपियों के ऊपर एफआईआर दर्ज की गई थी। लक्ष्य सेन की याचिका क्या थी? लक्ष्य ने अपनी याचिका में कहा था, ऐज फ्राड का मामला तथ्यात्मक सबूतों के बजाय व्यक्तिगत शिकायतों पर बनाया गया था। शिकायतकर्ता एमजी नागराज 2020 में प्रकाश पादुकोण बैडमिंटन एकेडमी में अपनी बेटी के दाखिल न होने पर निराश थे। जिस वजह से उन्होंने लक्ष्य पर आरोप लगाए। सेन परिवार के अनुसार, आरोप में कोई सच्चाई नहीं है। पेरिस में शुरुआती 4 मैच 2-2 गेम में ही जीते पेरिस ओ. लिंपिक से पहले लक्ष्य ने बीडब्ल्यूएफ के ज्यादातर टूर्नामेंट खेले। इंडोनेशिया ओपन के रूप में उन्होंने आखिरी टूर्नामेंट खेला, जिसमें वह क्वार्टर फाइनल हार गए। वह एकेडमी पहुंचे और पेरिस ओलिंपिक की तैयारी में जुट गए। पेरिस में उन्होंने ग्रुप स्टेज में तीनों मैच 2 ही गेम में जीत लिए। प्री क्वार्टर फाइनल भी 2 गेम में जीता, फिर क्वार्टर फाइनल 3 गेम में जीतकर सेमीफाइनल में भी जगह बना ली। उन्हें सेमीफाइनल में फ्रांस के प्लेयर ने हराया था।

# मोटापे के खिलाफ लड़ाई में शामिल करने के लिए पीएम की शुक्रगुजार: मीराबाई चानू



**नई दिल्ली, वार्ता।** टोक्यो ओलंपिक में कुश्ती में रजत पदक विजेता सैखोम मीराबाई चानू मोटापे के खिलाफ लड़ाई में जागरुकता फैलाने के लिए प्रधानमंत्री द्वारा नामित किए जाने से बेहद उत्साहित हैं। उन्होने कहा कि दैनिक जीवन में छोटे-छोटे बदलाव करने से पूरे देश में एक बड़ा बदलाव आ सकता है और हमें फिट इंडिया बनाने के अपने सपने को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ने में मदद मिल सकती है। चानू ने एक्स के जरिए अपनी भावना का इजहार करते हुए कहा कि मोटापे के खिलाफ लड़ाई में जागरूकता फैलाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नामित किए जाने से उत्साहित हूं। हमारे दैनिक जीवन में छोटे-छोटे बदलाव करने से पूरे देश में एक बड़ा बदलाव आ सकता है और हमें फिट इंडिया बनाने के अपने सपने को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ने में मदद मिल सकती है। गौरतलब है कि रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम में मोटापे की समस्या पर अपने विचार रखते हुए कहा था कि नियमित दिनचर्या और खान पान से मोटापे को नियंत्रित किया जा सकता है। अगर हम अपने खाने में तेल का इस्तेमाल कम करेंगे तो इससे मोटापे की समस्या से निजात मिल सकती है। उन्होने कहा था कि वह दस लोगों को मोटापे के खिलाफ जागरुकता के लिए नामित करेंगे और उम्मीद करेंगे कि उन दस में प्रत्येक व्यक्ति अगले दस लोगों को मोटापे के प्रति जागरुक करेगा और हम फिट इंडिया के सपने को साकार करेंगे।



## भारत ने दृष्टिहीनों की टी-20 सीरीज जीती

**बेंगलुरु, वार्ता।** टीम इंडिया ने दृष्टिहीन पुरुषों की द्विपक्षीय टी-20 क्रिकेट सीरीज में शानदार प्रदर्शन करते हुए बांग्लादेश पर नौ विकेट से बड़ी जीत हासिल की। मणिपाल यूनिवर्सिटी कैंपस में इस जोरदार जीत के साथ भारत ने सीरीज 3-0 से अपने नाम कर ली। टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करते हुए भारत ने शानदार गेंदबाजी का मुजाहिरा किया और बांग्लादेश को 20 ओवरों में चार विकेट पर 173 रन पर रोक दिया। सलमान 38 गेंदों में 50 रन बनाकर बांग्लादेश के लिए सर्वाधिक योगदान देने वाले बल्लेबाज बने वहीं भारत की ओर से टी- दुर्गा राव ने तीन विकेट लेकर प्रभावित किया। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरे भारत के सुनील रमेश ने सिर्फ 46 गेंदों में नाबाद 96 रन बनाकर मैच को अपनी टीम के पक्ष में कर दिया। नकुल बदनायक ने 31 गेंदों में 50 रन बनाए। दोनो के बीच 100 रनों की साझेदारी ने लक्ष्य को 14-4 ओवरों में पाने में महती योगदान दिया। इस जीत के साथ, भारत ने ब्लाइंड क्रिकेट में अपना वर्चस्व कायम करते हुए दो मैच शेष रहते हुए श्रृंखला अपने नाम कर ली है।

## सेना की सेवा ने मेरी कबड्डी क्षमता को जगाया: देवांक दलाल

**कटक, वार्ता।** पटना पाइरेट्स और सर्विसेज के स्टार रेडर देवांक दलाल सीजन 11 ने अपने खेल में सुधार का श्रेय भारतीय सेना को देते हुए कहा कि उनके करियर में महत्वपूर्ण मोड़ सशस्त्र बलों में प्रवेश के साथ आया। हाल ही में 71वीं सीनियर नेशनल मेन्स कबड्डी चैंपियनशिप में 'बेस्ट प्लेयर' के सम्मान से नवाजे जाने के बाद देवांक ने कहा कि जब मैंने आर्मी ज्वाइन की, तब मुझे एहसास हुआ कि हां, मैं खेल सकता हूं। इस एहसास ने उन्हे एक ऐसी यात्रा को जन्म दिया जिसमें वह भारतीय कबढी के रैंकों में ऊपर उठेंगे, और अंततः जयपुर के लिए उनके चयन के बाद पीकेएल सीजन 11 से पहले पटना पाइरेट्स में शामिल हो गए। देवांक ने कटक के जवाहरलाल नेहरू में आयोजित चैंपियनशिप फाइनल में सर्विसेज टीम का नेतृत्व किया, जहां उन्होंने रोमांचक मुकाबले में रेलवे को हराया। दड्डी देखकर शुरुआत की। मैं परदीप नरवाल को खेलते देखकर प्रेरित हुआ। पटना पाइरेट्स के लिए उनके चयन ने उनके गांव में जश्न का माहौल बना दिया। उन्होने कहा कि घर पर एक अलग ही फीलिंग थी। मेरा परिवार और गांव वाले खुश थे कि मैं पटना टीम के लिए सिलेक्ट हुआ हूं। लोगों ने गांव में लड्डू और रसगुल्ले बांटे। 71वीं सीनियर नेशनल मेन्स कबड्डी चैंपियनशिप ने राष्ट्रीय मंच पर दलाल की असाधारण प्रतिभा को दिखाया। पूरे भारत से शीर्ष राज्य और संस्थागत टीमों की भागीदारी वाले इस टूर्नामेंट का समापन एक दिल थाम देने वाले फाइनल में हुआ, जहां सर्विसेज का मुकाबला एक मजबूत रेलवे स्क्वाड से हुआ।

## सहकारी समितियों में चुनाव प्रकरण में खामियों का मामला

# हाई कोर्ट ने चुनाव पर लगाई रोक

## जिन समितियों में रविवार को चुनाव हुए उनके परिणाम भी रोके गए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** सहकारी समितियों को हो रहे चुनाव पर उच्च न्यायालय की बैंच ने रोक लगा दी है। जिन समितियों में चुनाव हुए हैं वहां के परिणाम पर भी रोक लगा दी है। अब उक्त मामले में 27 फरवरी को बहस होगी जिसके बाद चुनाव संपन्न हुई समितियों में परिणाम पर निर्णय होगा ओर जिन समितियों के चुनाव नहीं हुए उनमें नया कार्यक्रम जारी होगा या नहीं यह भी न्यायालय के आदेश पर ही निर्भर होगा। फिलहाल न्यायालय ने समितियों में चुनाव के दौरान पाये जाने वाली खामियों को सही पाये जाने के बाद चुनाव पर रोक लगा दी है। लेकिन जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा कुछ जगह चुनाव करायें हैं अब उन समितियों के चुनाव परिणाम पर रोक लगा दी है।

गौरतलब है कि सहकारी समितियों में चुनाव स्थगित करने के आदेश उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए हैं। मामले में अगली सुनवाई 27 फरवरी तय की गई है। वहीं आदेश आने से पहले निदेशकों के चुनाव समितियों में संपन्न हो गए लेकिन जीते हुए निदेशकों को प्रमाण पत्र न्यायालय के अग्रिम आदेश के बाद देने की बात अधिकारियों द्वारा उन्हें बताई गई है। सहकारी समितियों के चुनाव इस बार लगातार हिचकोले खाता दिख रहा है। हरिद्वार जिले की सहकारी समितियों में 24 फरवरी को निदेशकों और 25 फरवरी को अध्यक्षों के चुनाव होने की तिथि निर्वाचन द्वारा जारी की गई थी

**❖हाई कोर्ट की डबल बैंच ने माना चुनाव घोषणा के बाद नियम बदलाव करना गलत**

लेकिन उससे पूर्व पनियाला निवासी अखलाक की रिट के बाद जहां 22 फरवरी को न्यायालय ने जिले की छह समितियों में चुनाव स्थगित करने के आदेश दिए थे। वहीं बाकी समितियों में आज निदेशकों के चुनाव हुए लेकिन आज न्यायालय ने मांगेराम सिरोही बनाम सरकार व अन्य में सुनवाई करते हुए समितियों के स्थगन के आदेश पारित किए हैं मामले में अग्रिम सुनवाई 27 फरवरी को होगी। वहीं यह आदेश आने के तक सहकारी समितियों में निदेशक पद पर मतदान प्रक्रिया लगभग अंतिम चरण में पहुंच चुकी थी ऐसे में चुनाव के बाद मतगणना की गई लेकिन फिलहाल विजई निदेशकों को प्रमाण पत्र नहीं दिए गए हैं और 25 फरवरी को होने वाले चुनाव भी नहीं होंगे। मामले में अगली सुनवाई 27 फरवरी को है उसके बाद न्यायालय के आदेश के बाद ही चुनाव में अगली प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

**जानिए क्यों हुए चुनाव स्थगित...उत्तराखंड** हाईकोर्ट ने राज्य में आज सोमवार 24 फरवरी को हो रहे सहकारी समितियों के चुनाव के मामले पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद वरिष्ठ न्यायमूर्ती मनोज कुमार तिवारी व न्यायमूर्ती आशीष नैथानी की खंडपीठ ने एकलपीठ के आदेश को बरकरार रखते हुए राज्य सरकार से कहा है कि चुनाव एकलपीठ के आदेश के अनुसार ही हों। बता दें कि इस मामले में आज एकलपीठ के आदेश के खिलाफ सोसाइटी की तरफ विशेष अपील के माध्यम से चुनौती दी गयी, जिसमें कहा गया कि सहकारी समितियों का चुनाव कराने हेतु राज्य सरकार ने इसमे कुछ संसोधन किए है, उसको भी लागू किया जाय और उसी के अनुसार चुनाव कराएं।

आपत्ति व्यक्त करते हुए आरटीआई एक्टिविस्ट भुवन पोखरिया व कई अन्य याचिकाकर्ताओं की तरफ से कहा गया कि कॉपरेटिव के चुनाव पूर्व के नियमों के तहत ही कराए जाय। राज्य सरकार ने चुनाव कार्यक्रम घोषित करने के बाद नियमावली को संशोधित किया है। वह अपने आप मे गलत है, जबकि चुनाव कराने की प्रक्रिया दिसंबर माह से प्राररम्भ हो चुकी है, अब इस मामले में राज्य सरकार संशोधन करा रही है, जो नियम विरुद्ध है। राज्य सरकार ने इसमे संशोधन करके उन लोगों को वोट का अधिकार दे दिया है, जो सेवानिवृत्त है या इस कमेटी के सदस्य नहीं है। नियम ये कहता है कि वही समिति के सदस्यों के का चुनाव में प्रतिभाग कर पाएंगे जो तीन साल से इसके सदस्य रहते आए।

## लंढौरा सहकारी समिति के चुनाव पर रोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** लंढौरा सहकारी समिति के डायरेक्टर चुनाव में निर्वचित होने सभी डायरेक्टर का चुनाव परिणाम सोमवार की देर रात घोषित कर दिया है। हांलाकि अभी निर्वाचित डायरेक्टरों को प्रमाण पत्र जारी नही किया गया है। शासन आदेश के बाद ही निर्वाचित डायरेक्टरों को प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा।

जानकारी के अनुसार सोमवार को लंढौरा किसान सेवा सहकारी समिति में डायरेक्टरों का चुनाव हुआ है। लंढौरा से निर्वाचित होने वाले डायरेक्टर कुलदीप सिंह ने 250 नूराआलम ने 210 और गुफरान ने 204 मत हासिल कर जीत दर्ज की है। गोपालपुर घोसीपुरा से गुड्डी ने 155 मत प्राप्त कर अपनी प्रतिद्वंदी जैबुन्निशा को 50 मतों से हराकर अपना परचम लहराया वही सिख्खर आमखेड़ी से उमा ने 59 मत हासिल मंजू को 15 वोट से हराया। हज्जरपुर से अक्षित ने 100 वोट प्राप्त प्रतिदंदी दिनेश शर्मा को 27 मतों से मात दी। बुक्कनपुर में रेशमा ने 61 वोट हासिल कर अपनी प्रतिदंदी शहनाज को 18 मतों से शिकस्त दी। शिकारपुर में सतीश चौधरी ने 164 वोट हासिल कर सुरेश कुमार को 14 वोट से हरा दिया। थिथौला खेमपुर में गगन ने 138 मत प्राप्त कर अपने प्रतिदंदी कश्मीरी को 70 वोट से करारी मात दी।

जैनपुर झंझेड़ी से जहिमा ने 211 मत हासिल कर अपनी प्रतिदंदी समरजहां को 15 वोट से हरा दिया। चुनाव अधिकारी प्रमोद कुमार मालिक का कहना है कि अभी शासन आदेश जारी नहीं हुआ है। शासन आदेश के बाद ही निर्वाचित डायरेक्टरों को प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा। बताते चले कि गाधारोणा से पहले करिश्मा को निर्विरोध निर्वाचित किया जा चुका है।

## सबरी उस्मानिया वेलफेयर सो. ने हज हाउस में लगाया रक्तदान शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** साबरी उस्मानिया वेलफेयर सोसायटी की ओर से साबिर पाक की याद में कलियर हज हाउस में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कलियर और आसपास के युवाओं ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया। सोसायटी के अध्यक्ष सभासद राशिद अली ने बताया कि साबिर पाक की याद में यह 56 वां रक्तदान शिविर लगाया गया हैं। शिविर में करीब सौ से अधिक युवाओं ने रक्तदान किया हैं। उन्होंने बताया कि सिटी चेरिटेबल ब्लड बैंक की टीम ने शिविर में सहयोग किया।इसके अलावा रुड़की ब्लडबैंक ,हिमालयन ब्लड बैंक जौलीग्रांट,एम्स ऋषिकेश समेत अन्य ब्लड बैंकों के सहयोग से यह कार्य किया जाता हैं। सिटी चौरिटेबल बैंक के निदेशक राहुल अरोड़ा ने बताया कि जीवन रक्षा के लिए रक्त अति



आवश्यक है।कोरोना काल में पूरे देश ने जो परेशानी झेली हैं।उसको देखते हुए रक्तदान करना महादान है। हमें समय-समय पर रक्तदान करते रहना चाहिए इससे एक और जहां शरीर में नया रक्त बनता है शरीर की प्रतिरोध क क्षमता बढ़ती हैं। वहीं दूसरी ओर हम जाने अनजाने में किसी दूसरे को जीवनदान भी दे रहे हैं। समय समय पर रक्तदान करना चाहिए। इस मौके पर सभासद नाजिम त्यागी,अमजद मलिक, जावेद साबरी, मुंतहिद राणा, परवेज मलिक, फारूक अली, इस्तिकार अली, मुराद साबरी, मोईन साबरी, परवेज आलम, मोईन साबरी अनस गाजी, आमिर कुरैशी,अलीम साबरी, मुकर्रम मलिक, मेहरबान साबरी, सद्दाम, लियाकत, शावेज आदि मौजूद रहें।

## शहजाद विधायक ने विधानसभा सत्र में उठाया लादपुर पुल का मुद्दा

# निरीक्षण को पहुंचे अधिकारी, जल्द होगा निर्माण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर विधायक हाजी शहजाद ने विधानसभा सत्र में लाडपुर कल के छत्तीसगढ़मार्ग पुल का मुद्दा उठाया तो अब संबंधित अधिकारी मुख्य पर पहुंचे और निरीक्षण कर जल्द निर्माण का आश्वासन दिया है।

जानकारी के अनुसार विधायक हाजी शहजाद के द्वारा विधानसभा बजट सत्र के दौरान अतिवृष्टि आपदा से हुए लादपुर कला पुल के क्षतिग्रस्त पहुंच मार्ग के पुनर निर्माण का मुद्दा सदन में उठाया गया। लक्सर विधायक हाजी मोहम्मद शहजाद के द्वारा बताया गया कि लादपुर कला में पूल के दोनों और जो पहुंच मार्ग बने हुए थे वह ज्यादा बरसात होने की वजह से बह गए थे वहां पर लोगों का निकलना व वहांन ले जाना बंद हो गया था। उन्होंने बताया आम जनता करीब 10 किलोमीटर घूम कर लंढौरा तक पहुंच पाती थी हमने पहले भी कई बार संबंधित विभाग के अधि



कारियों को लिखा उस पर कोई तवजह नहीं दी गई मजबूर होकर मेरे द्वारा लादपुर पुल के क्षतिग्रस्त पहुंच मार्ग के पुनर्निर्माण का मुद्दा बजट सत्र सदन में उठाया गया जिसके परिपेक्ष में मान्य सिंचाई मंत्री एवं लोक निर्माण विभाग द्वारा सदन में पहुंच मार्ग के शीघ्र पुनर्निर्माण का आश्वासन दिया गया है जिसके परिणाम स्वरूप आज संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण भी किया गया है।

लक्सर विधायक के द्वारा बजट सत्र में उठाए गए मुद्दे से ग्रामीणों ने लक्सर विधायक तारीफों के पुल बांध दिए निरीक्षण के दौरान वहां पर अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग लक्सर एवं सिंचाई विभाग के संबंधित अधिकारी एवं दर्जनों लादपुर सहित अन्य गांव के मुख्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## नगर पंचायत भगवानपुर की बोर्ड बैठक में पांच करोड़ के प्रस्ताव पास

# जन समस्याओं का निस्तारण पहली प्राथमिकता: गुलबहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** भगवानपुर नगर पंचायत की आजमें बोर्ड बैठक संपन्न हुई जिसमेंबोर्ड के सदस्यों यानी सभासदोंव अध्यक्ष द्वारा करीब 24345 प्रस्ताव रखे गए जिनमें से 243 प्रस्ताव पास किए गएवही 5 करोड रुपए के विकास कार्यों की भी स्वीकृति मिली है जल्द ही आपकस्बे का बुनियादी विकास किया जाएगा

बोर्ड बैठक में शिरकत करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष गुलबहार अली ने बताया किनगर पंचायत बोर्ड के सदस्यों व उन्होंने करीब 245 प्रस्ताव रखे थे जिनमें से 243 पास हो गए हैं विकास कार्य संबंधी प्रस्ताव को प्राथमिकता के साथ पास किए गए हैं और भी जो जरूरत की चीज हैं उन पर भी गंभीरता से विचार कर पास किया गया है उन्होंने कहा कि कस्बे के बुनियादी विकास के लिए बोर्ड के सहयोग से काम करेंगे सबको साथ लेकर कस्बे का चहुमुखी विकास किया जाएगा जो



भी कस्बे की जन समस्याएं हैं उन्हें भी प्राथमिकता से निस्तारण कराया जाएगा और बोर्ड के सदस्यों की भावनाओं का भी पूरा ख्याल रखा जाएगा। भगवानपुर नगर पंचायत बोर्ड की पहली मीटिंग आज नगर पंचायत भगवानपुर के कार्यालय में हुई जिसमें नवनिर्वाचित सभासद और चेयरमैन गुलबहार अहमद तथा स्थानीय विधायक ममता राकेश ने शिरकत की। बोर्ड बैठक में सफाई और खराब पड़ी लाइट्स का मुद्दा हावी रहा और सभासदों समेत चेयरमैन के कुल मिलाकर 245 प्रस्ताव रखे गए जिनमें से 243 प्रस्ताव पास हुए और दो प्रस्ताव निरस्त किए गए। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि लगभग 5 करोड़ के प्रस्ताव पास किए गए है जिनमें कुछ रुके हुए विकास कार्यों को भी पूरा किया जाएगा इस मौके पर भगवानपुर विधायक ममता राकेश सहित बोर्ड के सभी सदस्य मौजूद रहे।

## चमन लाल महाविद्यालय के दो छात्रों ने नेट की परीक्षा में की सफलता हासिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** चमनलाल स्नातकोत्तर (ऑटोनॉमस) महाविद्यालय, लंढौरा के दो छात्रों ने यूजीसी-नेट परीक्षा में सफलता हासिल की है, जिनमें से एक छात्रा को जूनियर रिसर्च फेलोशिप प्राप्त हुई है। यूजीसी-नेट परीक्षा में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने इस बार भी अपनी सफलता का सिलसिला जारी रखा है।

प्राचार्य डॉ. सुशील उपाध्याय ने बताया कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (छज्ञ) द्वारा घोषित परिणामों के अनुसार, महाविद्यालय के इतिहास विभाग के शिवांक शर्मा ने जूनियर रिसर्च फेलोशिप प्राप्त की है, जबकि योग विभाग के मनीष शर्मा ने नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर पीएच.डी. की पात्रता प्राप्त की है। शिवांक शर्मा इससे पहले भी दो बार नेट उत्तीर्ण कर चुके हैं। यूजीसी-नेट की पिछली परीक्षा में भी महाविद्यालय के तीन





छात्र-छात्राओं ने सफलता प्राप्त की थी। प्राचार्य सुशील कुमार उपाध्याय ने बताया कि महाविद्यालय के प्रोफेसर द्वारा च्ळ उपाधियों के छात्राओं को यूजीसी नेट परीक्षा के लिए विशेष रूप से तैयार किया जा रहा है। महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष रामकुमार शर्मा ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में महाविद्यालय के 20 से अधिक छात्र-छात्राओं ने यूजीसी-नेट परीक्षा में सफलता प्राप्त की है, जो महाविद्यालय में प्रदान की जा रही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का प्रमाण है। उन्होंने यह भी बताया कि आगामी दिनों में महाविद्यालय में आयोजित होने वाले सम्मान समारोह में इन सभी मेधावी छात्रों को सम्मानित किया जाएगा। महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव अरुण हरित ने इस बात पर जोर दिया कि स्नातकोत्तर उपाधि में अध्ययन कर रहे सभी छात्र-छात्राओं को यूजीसी-नेट और सीएसआईआर-नेट परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए निरंतर प्रेरित किया जाना चाहिए।

## किशोरी लापता, महिला की तहरीर पर गुमशुदी दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** थाना क्षेत्र की एक महिला की तहरीर पर पुलिस ने उसकी किशोरी के लापता होने की गुमशुदगी दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी हैं।

पिरान कलियर थाना क्षेत्र एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 22 फरवरी की रात को उसकी किशोरी परिवार के साथ घर पर सोई थी।जब वह सुबह उठे तो किशोरी को घर ना पाकर वह परेशान हो गए। उन्होंने उसे आसपास और रिश्तेदारियों में तलाश किया लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल पाया।उन्हें अंदेशा है कि कोई अज्ञात युवक उसकी किशोरीको घर से बहला फुसलाकर अपने साथ लेकर गया हैं।महिला ने पुलिस को तहरीर देकर अपनी किशोरी को तलाश करने की मांग की हैं।एसओ दिलवर सिंह नेगी ने बताया कि महिला की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी हैं।

## रामनगर व सिविल लाइन भाजपा मंडल अध्यक्षों का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** भारतीय जनता पार्टी रुड़की के बूथ संख्या 11 गौरव त्यागी के कार्यालय पर नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों का स्वागत कार्यक्रम किया गया सभी कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष सिविल लाइन बृजमोहन सैनी वी मंडल अध्यक्ष रामनगर सुमित अग्रवाल को शुभकामनाएं प्रेषित की वह पार्टी संगठन के कार्यकर्ताओं ने अनौपचारिक रूप से आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों पर चर्चा की, स्वागत कार्यक्रम में मोहित राष्ट्रवादी प्रदेश प्रवक्ता, गौरव त्यागी कार्यक्रम संयोजक , अनुभव त्यागी, विकास प्रजापति, जिला सोशल मीडिया प्रभारी,कविश मित्तल आदि उपस्थित रहे ! सभी ने प्रदेश व जिला नेतृत्व का आभार व्यक्त किया रुड़की जिले में सभी मंडल अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय व अनुभवी बनाए गए हैं जिससे पार्टी को मजबूती मिलेगी। वहीं उत्तरांचल स्टेट प्राइमरी टीचर्स एसोसिएशन (उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ)शाखा हरिद्वार ने उच्च न्यायालय नैनीताल द्वारा दिये गए निर्देश के क्रम में तथा उप निबन्ध क फर्म्स एंड चिट्स सोसायटी देहरादून के निर्देशानुसार रुड़की कार्यकारिणी को रुड़की में निर्वाचन हेतु निर्देशित किया था परंतु रुड़की ब्लॉक इकाई द्वारा बार बार व्यवधान उत्तपन्न किये जा रहे थे।

## आईआईटी रुड़की में मल्टी बाजरा डीहस्किंग मशीन पर प्रशिक्षण सह कार्यशाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** आईआईटी रुड़की ने बहु बाजरा डीहस्किंग मशीन पर प्रशिक्षण. सह. कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया। जिसका उद्देश्य कुशल बाजरा प्रसंस्करण तकनीकों को बढ़ावा देना था। इस कार्यक्रम में कई गैर सरकारी संगठनों जैसे कि पर्वतीय जन शिक्षा एवं विकास संगठन एनजीओए सिरमौरए हिमाचल प्रदेशए उत्तरांचल युवा एवं ग्रामीण विकास केंद्र एनजीओए चमोलीए उत्तराखंडए भिलंगना वैली प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड ;एफपीओद्धए उत्तराखंडए बालाजी सेवा संस्थान एनजीओए देहरादून के किसानए शोधकर्ताए उद्यमी और उद्योग विशेषज्ञ शामिल हुए। कार्यशाला में उन्नत मल्टी.बाजरा डीहस्किंग मशीन के कार्य सिद्धांतों परिचालन प्रक्रियाओं और रखरखाव पहलुओं को प्रदर्शित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। जिसे विभिन्न बाजरा अनाज जैसे कि फिंगर बाजरा ;रागीद्धए फॉक्सटेल बाजरा ;कागनीद्धए बार्नयार्ड बाजरा ;सांवाद्ध और कोदो बाजरा की डीहस्किंग की दक्षता बढ़ाने के लिए विकसित किया गया है। मशीन को अनाज के टूटने को कम करने और प्रसंस्करण गुणवत्ता में सुधार करने के लिए डिजाइन किया गया हैए जिससे यह छोटे पैमाने के बाजरा प्रोसेसर और ग्रामीण उद्यमियों के लिए एक मूल्यवान संपत्ति बन गई है। रुटैग आईआईटी रुड़की के प्रधान अन्वेषक प्रोण् सुनील कुमार सिंघल ने प्रतिभागियों का स्वागत किया और खाद्य सुरक्षा एवं पोषण सुनिश्चित करने में बाजरा प्रसंस्करण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने टिकाऊ कृषि पद्धतियों का समर्थन करने के लिए बाजरा आधारित प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर दिया। प्रोण् सोनल केण् थेंगने ने रुटैग द्वारा विकसित प्रौद्योगिकियों के लाभों पर चर्चा की।

## राज्य आंदोलनकारी समिति नेसोफा ज्वाइंट मजिस्ट्रेट को ज्ञापन

# मंत्री प्रेमचन्द अग्रवाल को बर्खास्त करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** उत्तराखंड के मूल निवासियों का अपमान करने वाले ऋषिकेश के विधायक उत्तराखंड सरकार के केबिनेट मंत्री प्रेम चंद अग्रवाल अब सत्ता सुग से पूर्ण रुप से सठिया गए हैं जिनका पतन शीध्र होने वाला है और वह भी ऐसा पतन होगा कि उनकी कई पीढ़ियां याद करेंगी । उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी संघर्ष समिति ने ज्वाइन मजिस्ट्रेट रुड़की के जरिए ज्ञापन सौंपते हुए अविलम्ब प्रेम चंद अग्रवाल को बर्खास्त नहीं किया गया और उनकी विधानसभा सदस्यता समाप्त नहीं की गई तो उत्तराखंड में 1994की तरह आन्दोलन किया जायेगा।

समिति के केन्द्रीय अध्यक्ष आंदोलनकारी हर्ष प्रकाश काला ने कहा कि देवभूमि के देवतुल्य निवासियों का जिसने भी अपमान किया उसको देवभूमि के देवता अवश्य ही सजा देते हैं।यह सजा केदारनाथ के भोले बाबा अवश्य और जल्दी देंगे। केन्द्रीय महासचिव एडवोकेट प्रेम दत्त शर्मा गोदियाल ने कहा कि उत्तराखंड उत्तराखंड के 42शहीदों के बलिदान के संघर्ष का परिणाम है प्रेम चंद अग्रवाल जहां से आया है वहीं चला जाय इसे उत्तराखंड में और ऋषिकेश जैसे तीर्थ स्थल पर रहने का कोई अधिकार नहीं है। आंदोलनकारी देवेश्वरी खंडूरी,अमृता



खनशाली, सरोज बड़थ्वाल ने कहा कि प्रेम चंद अग्रवाल को देव भूमि में रहने का कोई अधिकार नहीं है अगर सरकार ने 15दिन के अन्दर उसे सरकार से नहीं हटाया तो हमें उत्तराखंड से भाजपा सरकार को हटाने हेतु लड़ाई लड़नी पड़ेगी। आन्दोलनकारी प्रदीप बुडाकोटी,चक्रधर देवरानी, रमेश ध्यानी, सुरेंद्र सिंह बिष्ट,नन्दन सिंह रावत,योगम्बर सिंह रौथाण ने कहा जिन्होंने हमारा मूल निवास छीना, गैरसैंण राजधानी छीनी, भू कानून छीना, मूल निवासियों का अपमान किया, बेरोजगारों का रोजगार छीना, अंकिता भण्डारी के दोषियों को बचाने का कार्य किया।

## आशा वर्करों ने सीडीओ को सुनाई समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** आज आशा वर्कर दर्जनों की तादाद में सरकारी सीएससी सेंटर पहुंचे और उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी लक्सर के सामने अपनी पीड़ा रखी।

चिकित्सा अधिकारी लक्सर डॉक्टर सैयद रफी अहमद ने कहा कि यह जो आशा वर्कर आज आई हुई है इनको पहले रजिस्टर चेक करने होते थे अब सरकार के द्वारा नियम में कुछ फेर बदल कर दिया गया है अब इनको एक फोटो स्टेट रजिस्टर की भी विभाग को देनी होती है क्योंकि सरकार के द्वारा दिए गए आदेश को हमें भी मानना पड़ता है उन्होंने यह भी कहा कि आशा वर्करो के सामने भी परेशानी है क्योंकि उनको फोटो स्टेट करने के पैसे नहीं मिलते और बड़ी मशीन पर उन्हें फोटो स्टेट करनी होती है पहले केवल रजिस्टर चेक किए जाते थे अब विभाग को फोटो स्टेट भी देनी पड़ती है उन्होंने कहा देखते हैं आगे किस तरह से सरकार के द्वारा आदेश दिया जाता है अभी तो सरकारी आदेश पर ही काम किया जा रहा है उनकी परेशानी को भी ध्यान में रखा जाएगा।



# हादसों पर भारी आस्था

**धर्म** प्रेमियों ही नहीं, सभी देशवासियों के लिए यह तथ्य सुखद है कि महाकुंभ में देश विदेश के 60 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने पहुंच कर रिकॉर्ड बना डाला, पर यह भी कटु सत्य है कि इसमें बहुत से ऐसे लोग रहे, जो घर नहीं लौट पाए, इस सब के बावजूद भी कहा जा सकता है कि हादसों पर आस्था भारी पड़ रही है। महाकुंभ के 43 दिन में 100 से ज्यादा रोड एक्सीडेंट में 150 लोगों की मौत हो गई। हादसों में 385 लोग घायल हुए हैं। इनमें से कई लोगों को अब अपंग जैसी जिंदगी जीनी पड़ेगी। सबसे ज्यादा एक्सीडेंट राष्ट्रीय राजमार्ग-2 पर हुए। दिल्ली से वाया आगरा-कानपुर-प्रयागराज-वाराणसी होते हुए कोलकाता को जोड़ने वाले इस नेशनल हाईवे पर 40 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। सबसे बड़ा एक्सीडेंट प्रयागराज-मिर्जापुर रोड पर हुआ, जिसमें 10 लोगों की मौत हुई और 19 लोग घायल हो गए। प्रयागराज महाकुंभ 13 जनवरी से शुरू हुआ था, जो महाशिवरात्रि (कल) तक चलेगा। अभी इस आयोजन के समापन में दो दिन बाकी हैं। 43 दिनों में ही 60 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं का आंकड़ा पार हो गया। यानी औसतन रोज करीब डेढ़ करोड़ लोग त्रिवेणी में स्नान करने पहुंचे। इसमें ज्यादातर लोग सड़क मार्ग से पहुंच रहे हैं। प्रयागराज को जोड़ने वाले 6 प्रमुख मार्गों पर हो रहे हादसे प्रयागराज को 6 प्रमुख मार्ग, देश के दूसरे शहरों और राज्यों से जोड़ते हैं। प्रयागराज-वाराणसी हाईवे आगे बिहार, झारखंड होते हुए कोलकाता तक जाता है। वहीं, प्रयागराज से कौशांबी, फतेहपुर, कानपुर होते हुए यही हाईवे वाया आगरा-मथुरा होकर दिल्ली को जोड़ता है। 43 दिनों में अकेले इस हाईवे पर 40 लोगों की मौत हुई। इनमें प्रयागराज से कानपुर हाईवे पर 14, तो प्रयागराज-वाराणसी हाईवे पर 15 लोगों की मौत शामिल है। अन्य मौतें इसी हाईवे पर आगे के जिलों और प्रदेशों में हुई हैं। प्रयागराज-मिर्जापुर स्टेट हाईवे पर 15 फरवरी को छत्तीसगढ़ के श्रद्धालुओं की बोलेरो और मध्यप्रदेश के राजगढ़ जा रही श्रद्धालुओं की बस टकरा गई। इस हादसे में बोलेरो में सवार सभी 10 लोगों की मौत हो गई। वहीं, बस में सवार 19 लोग घायल हो गए। हादसे के बाद 4 घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। बोलेरो में कोरबा जिले के लोग सवार थे। वे महाकुंभ स्नान करने आ रहे थे। प्रयागराज मेला क्षेत्र में हुए इस हादसे में बोलेरो बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई थी। बोलेरो को काटकर शवों को किसी तरह से निकाला जा सका था। इस हादसे पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 'एक्स' पर पोस्ट में करते हुए लिखा था-उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में मिर्जापुर हाईवे पर हुए सड़क हादसे में कई लोगों की मृत्यु की खबर अत्यंत दुखद है। मैं मृतकों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करती हूं। मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं। श्रद्धालुओं में बड़ी संख्या ऐसे लोगों की रही, जो सड़क मार्ग से संगम स्नान करने पहुंचे। इसका नतीजा ये निकला कि प्रयागराज को जाने वाले ज्यादातर मार्गों पर श्रद्धालुओं को लंबे जाम में 7 से 9 घंटे तक फंसना पड़ा। इसे बाद जब वे जाम से निकलते, तो थक कर चूर हो चुके होते थे। इसीलिए ज्यादातर हादसे लंबी दूरी तय करने वाले वाहनों के हुए। ड्राइवरों की अत्यधिक थकान, घंटों तक ट्रैफिक जाम में फंसने से मानसिक तनाव और रात में सफर के दौरान वे झपकी आने से नियंत्रण खो दे रहे हैं। प्रयागराज को जोड़ने वाले सभी प्रमुख हाईवे फोर-लेन या सिक्स-लेन के हैं। अच्छी सड़क के चलते ड्राइवर तेज रफ्तार में वाहन चलाते हैं। इस दौरान एक छोटी-सी भी नींद की झपकी या चूक हादसे की वजह बन जाती है। 22 फरवरी को इस तरह का हादसा प्रयागराज-कानपुर हाईवे पर दिखा। फतेहपुर में भारतपुर मोड़ पर राजस्थान के धौलपुर जिले के श्रद्धालुओं को लेकर जा रही पिकअप कुछ देर के लिए रुकी।

## लाभार्थियों के सभी वजीफों में भारी कटौती हुई



**प्रधानमंत्री** मोदी जी, देश के एससी, एसटी, ओबीसी तथा अल्पसंख्यक वर्ग के युवाओं की छात्रवृत्तियों को आपकी सरकार ने हथियाने का काम किया है, ये शर्मनाक सरकारी आंकड़े बताते हैं कि सरकार ने लाभार्थियों के सभी वजीफों मे भारी कटौती, तो की है साथ ही औसतम साल-दर- साल 25 प्रतिशत फंड भी कम खर्च किया है, जब तक देश के कमजोर वर्ग के छात्रों को अवसर नहीं मिलेगा, उनके हुनर को प्रोत्साहन नहीं मिलेगा, तब तक हम अपने देश के युवाओं के लिए नौकरियां कैसे बढ़ा पाएंगे, आपका सबका साथ, सबका विकास का नारा, रोजाना कमजोर वर्गों के अरमानों का मजाक उड़ाता है।

**मल्लिकार्जुन खड़गे**
**अध्यक्ष, कांग्रेस**

# आंदोलनों से जुड़े हैं प्रदर्शन, कलाएं और रंगमंच



**डा. सत्यवान सौरभ**

मजदूर वर्ग को आजाद कराने और स्थापित सत्ता के खिलाफ क्रांति को मज़बूत करने के लिए 20वीं सदी की शुरुआत में नुक्कड़ नाटक का विकास हुआ। इसकी शुरुआत मुख्य रूप से उपनिवेशवाद विरोधी युग के दौरान भारत में वामपंथी रंगमंच कार्यकर्ताओं द्वारा की गई थी। यद्यपि नुक्कड़ नाटक और लोक नाटक में कई समानताएं हैं, लेकिन नुक्कड़ नाटक एक सीधा-सादा कलात्मक माध्यम होने के बजाय एक सहभागी सामाजिक संचार प्रक्रिया है। इस निबंध में सामुदायिक विकास के एक उपकरण के रूप में नुक्कड़ नाटक के कार्य और क्षमता की जांच की गई है, जो सामाजिक परिवर्तन को बढ़ावा देना चाहता है। 1947 में भारत को स्वतंत्रता मिलने के तुरंत बाद, थिएटर उद्योग में महत्त्वपूर्ण उथल-पुथल हुई। अधिक लोकप्रिय फ़िल्म शैलियों से प्रतिस्पर्धा ने मनोरंजन थिएटर उद्योग को नुक़सान पहुंचाया। दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और बंगलौर जैसे प्रमुख शहरों में शौकिया रंगमंच का विकास हुआ। जैसे-जैसे क्षेत्रीय नाटय परम्पराएं विकसित हुई हैं, भारत का रंगमंच और प्रदर्शन कलाएं सामाजिक और राजनीतिक परिवर्तन के लिए उत्प्रेरक रही हैं। न्याय को बढ़ावा देने, सत्ता का विरोध करने और सामाजिक अन्याय की ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए रंगमंच एक सशक्त माध्यम साबित हुआ है।

बढ़ते क्षेत्रीय राष्ट्रवाद, राष्ट्र का प्रश्न और उपनिवेशवाद विरोधी संघर्ष की जटिल कथाओं ने क्षेत्रीय नाट्य परम्पराओं के विकास को प्रभावित किया है। उदाहरण के लिए, बंगाली नाटक नील दर्पण (1860) में बताया गया कि ब्रिटिश शासन के दौरान नील की खेती करने वाले किसानों का किस प्रकार शोषण किया जाता था। आधुनिक रंगमंच सांस्कृतिक उत्पादन के औपनिवेशिक मॉडलों और पारंपरिक सांस्कृतिक प्रथाओं के प्रतिच्छेदन ने आधुनिक रंगमंच को आकार दिया है। रंगमंच सहित प्रदर्शन कलाएं सामाजिक परिवर्तन को बढ़ावा देने के लिए एक सशक्त साधन तथा चर्चा के लिए एक जीवंत मंच बनी हुई हैं। रंगमंच लंबे समय से भारत में जागरूकता बढ़ाने, सुधार और प्रतिरोध के लिए एक सशक्त साधन रहा है, जिसका प्रभाव राजनीतिक आंदोलनों के साथ-साथ सामाजिक संरचनाओं पर भी पड़ा है। शास्त्रीय रीति-रिवाजों से लेकर समकालीन नुक्कड़ नाटकों तक, इसने सामाजिक बदलावों को प्रतिबिंबित करने और प्रभावित करने के लिए कभी भी बदलाव करना बंद नहीं किया है। सामाजिक अन्याय को लंबे समय से रंगमंच के माध्यम से प्रकाश में लाया जाता रहा है। ब्रिटिश शासन के दौरान नील की खेती करने वाले किसानों के शोषण को 1860 में बंगाली थियेटर के नील दर्पण द्वारा सार्वजनिक किया गया था। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान लोगों को बड़े पैमाने पर नाटकों और लोक प्रदर्शनों के माध्यम से संगठित किया गया था। रंगमंच के माध्यम से, भारतीय जन रंगमंच संघ (इप्टा) ने 1943 में उपनिवेशवाद विरोधी भावना को बढ़ावा दिया। निम्न वर्ग के समुदाय रंगमंच के माध्यम से अपनी पहचान व्यक्त करने में सक्षम रहे हैं। दलित सशक्तिकरण और अम्बेडकरवादी दर्शन को भीम नाटय (महाराष्ट्र) द्वारा बढ़ावा दिया जाता है। रंगमंच का उपयोग भ्रष्टाचार को उजागर करने और नीतियों की आलोचना करने के लिए किया गया है। 1980 के दशक में, सफ़दर हाशमी के जन नाटय मंच ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए जिनमें सरकारी नीतियों की आलोचना की गई, इसके कारण 1989 में उनकी हत्या कर दी गई। कानून और सामाजिक सुधार रंगमंच से प्रभावित हुए हैं। विजय तेंदुलकर की 1972 में प्रकाशित पुस्तक सखाराम बाइंडर में महिलाओं के अधिकारों और घरेलू दुर्व्यवहार के खुलासे पर चर्चा के परिणामस्वरूप सख्त सेंसरशिप कानून बनाए गए। धार्मिक और सामाजिक परंपराएं: प्राचीन रंगमंच की मज़बूत धार्मिक और सामाजिक जड़ें थीं। कुटियाट्टम (केरल), जिसे 2001 में यूनेस्को द्वारा मान्यता दी गई थी, अभी भी संस्कृत रंगमंच की परंपराओं को क़ायम रखे हुए है। लोक रंगमंच के माध्यम से सामाजिक टिप्पणी: वर्तमान सामाजिक-राजनीतिक मुद्दों को लोक परंपराओं में प्रतिबिंबित किया गया है। नक्सलवादी आंदोलन के दौरान वर्ग संघर्ष को जत्रा (बंगाल) में दर्शाया गया। आधुनिक रंगमंच में मानवाधिकार, लोकतंत्र और भ्रष्टाचार नए विषय बन गए। 1950 के दशक में हबीब तनवीर के नया थिएटर ने लोक और आधुनिक विषयों को मिलाकर सामाजिक मुद्दों को चित्रित किया। राज्य हस्तक्षेप और सेंसरशिप: राजनीतिक रूप से संवेदनशील नाटकों पर सरकार द्वारा प्रतिबंध लगाए जाते हैं। विजय तेंदुलकर की 1972 की फ़िल्म घासीराम कोतवाल को जाति आधारित भ्रष्टाचार और शोषण को उजागर करने के कारण प्रतिबंधित कर दिया गया था। डिजिटल प्लेटफार्म की लोकप्रियता ने थिएटर के प्रभाव और पहुंच को बढ़ा दिया है। सामाजिक सक्रियता के लिए, यूटयूब आधारित थिएटर समूह, जैसे जन नाटय मंच, डिजिटल प्रदर्शनों का उपयोग करते हैं।



# दांतों ने उजागर किया स्तनपात का पैटर्न...

मां के दूध के जगजाहिर फायदों को देखते हुए सलाह दी जाती है कि पहले 6 महीनों तक शिशु को केवल स्तनपान कराना चाहिए। लेकिन शिशु को स्तनपान कराना बंद कब करें? यह प्रश्न जितना महत्वपूर्ण आजकल के माता-पिता के लिए है, उतना ही महत्वपूर्ण प्राचीन रोमवासियों के लिए भी था। और प्रोसीडिंग्स ऑफ दी नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज नेक्सस में प्रकाशित हालिया अध्ययन कहता है कि आधुनिक समय और प्राचीन समय के बाशिंदो की न सिर्फ स्तनपान सम्बंधी चिंताएं एक जैसी हैं, बल्कि स्तनपान बंद कराने की प्रवृत्ति भी मेल खाती है। पाया गया कि अतीत में ग्रामीण रोमवासियों की तुलना में शहरी रोमवासी बच्चे का स्तनपान जल्दी बंद करा देते थे, और स्तनपान बंद कराने के ऐसे ही पैटर्न आधुनिक समय में भी दिखते हैं।

मां का दूध शिशुओं को पोषक तत्व और एंटीबॉडीज देता है जो उन्हें बीमारियों से बचाते हैं और उनकी अपनी प्रतिरक्षा प्रणाली के विकास में मदद करते हैं। ऐसा देखा गया था कि बेबी फॉर्मूला के आगमन से पहले, जिन शिशुओं का मां का दूध बहुत जल्दी छुड़ा दिया जाता था उन्हें संक्रमण होने का जोखिम अधिक होता था। द्वितीय शताब्दी ईसा पूर्व के सोरेनस जैसे चिकित्सकों ने स्तनपान के बारे में विस्तार से लिखा था, और बच्चे के लगभग दो वर्ष की आयु होने पर स्तनपान बंद करने की सलाह दी थी। वर्तमान में भी विश्व स्वास्थ्य संगठन सलाह देता है कि पहले छह महीने तक सिर्फ स्तनपान कराना चाहिए, और फिर धीरे-धीरे कम करते हुए दो साल की उम्र तक स्तनपान छुड़ाया जा सकता है।

लेकिन प्राचीन समय में स्तनपान प्रथाएं कैसी थीं? प्राचीन रोम के संदर्भ में हुए कुछ अध्ययनों में इसे समझने के लिए प्राचीन चिकित्सा ग्रंथों और पुरातात्विक अवशेषों को ही खंगाला गया था। लेकिन इन ग्रंथों तक पहुंच अक्सर अमीर परिवारों की ही होती थी, जो शहरों में रहते थे और आम तौर पर अपने शिशुओं को स्तनपान कराने के लिए धाय-मां रखते थे। इसलिए रोमन साम्राज्य के ग्रामीण इलाकों में शिशुओं का खान-पान अब तक अनजाना ही था।

मैक्स प्लांक इंस्टीट्यूट ऑफ जियोएंथ्रोपोलॉजी के जैव पुरातत्वविद कार्लो कोकोजा की टीम संपूर्ण रोमन साम्राज्य (ग्रामीण और शहरी) में बच्चों के आहार पैटर्न समझना चाहती थी। लेकिन इसे समझने के लिए अध्ययन किसका किया जाए?


दांतों व दाढ़ों की डेंटाइन इसमें मददगार साबित हो सकती है। दरअसल डेंटाइन के ऊतकों की परतें आपने कब क्या खाया, सब बयां कर सकती हैं। और, मां के दूध में कार्बन-13 के मुकाबले नाइट्रोजन-15 आइसोटोप का स्तर काफी अधिक होता है। डेंटाइन की परतों में नाइट्रोजन आइसोटोप का स्तर देखकर स्तनपान बंद किए जाने के समय का अंदाजा लगाया सकता है। जब तक शिशु स्तनपान कर रहा होगा नाइट्रोजन आइसोटोप डेंटाइन की शुरुआती परतों में अधिक मिलेगा और बंद करने के बाद की परतों में अचानक से नदारद दिखेगा।

तो, शोधकर्ताओं ने पहली शताब्दी ईसा पूर्व से लेकर चौथी ईसवीं सदी के समय में रोमन साम्राज्य में रहने वाले 45 वयस्कों की पहली दाढ़ के डेंटाइन का अध्ययन किया। इन दाढ़ों को शहरी इलाकों-जैसे ग्रीस के थेसालोनिकी और इटली के पोम्पेई से लेकर ग्रामीण इलाकों-जैसे इंग्लैंड के बैनेस और इटली के ओस्टिया तक से प्राप्त किया गया था। विश्लेषण में पाया गया कि रोमन साम्राज्य के शहरी स्थलों में स्तनपान दो वर्ष की आयु में बंद कर दिया जाता था, जबकि ग्रामीण स्थलों में डेढ़ साल से लेकर पांच साल की आयु तक के बच्चों को स्तनपान कराया जाता था। इससे लगता है कि रोम के शहरी केंद्रों से दूर के स्थलों पर 'आधिकारिक' चिकित्सा सलाह कम पहुंची होगी, साथ ही यह भी लगता है कि निम्न आय वाले ग्रामीण परिवार यह सोचकर स्तनपान लंबे समय तक जारी रखते होंगे कि सीमित भोजन एक और शिशु में न बंटे।

ये नतीजे आज के स्तनपान पैटर्नों से मेल खाते हैं। अध्ययन बताते हैं कि वर्तमान समाज में शहरी क्षेत्रों में स्तनपान जल्दी छुड़ाया जाता है। इसका एक कारण शहरीकरण है। जीवन स्तर में सुधार के साथ लोगों के स्वास्थ्य और पोषण में सुधार हुआ है, साथ ही चिकित्सा तक अधिक पहुंच भी हुई है। दूसरी ओर, ग्रामीण इलाकों में लंबे समय तक स्तनपान जारी रहता है।

बहरहाल, ये निष्कर्ष सीमित नमूनों पर आधारित हैं इसलिए पर्याप्त डैटा के साथ अधिक अध्ययन इन नतीजों को मजबूती दे सकते हैं। साथ ही कई अनुत्तरित सवालों के जवाब भी दे सकते हैं। जैसे, क्या आप्रवासी लोग रोमन चिकित्सकों की सिफारिशों का पालन करते थे?

**स्रोत फीसर्च**




# आध्यात्मिक ऊर्जा से जुड़ने का दिव्य अवसर है महाशिवरात्रि



**योगेश कुमार गोयल**

**भगवान** शिव के प्रति श्रद्धा और भक्ति व्यक्त करने का विशेष अवसर है महाशिवरात्रि, जो भगवान शिव और माता पार्वती के मिलन का दिन माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन भगवान शिव की पूजा करने से भक्तों की समस्त मनोकामनाएं पूरी होती हैं और महाशिवरात्रि का व्रत रखने से पापों का नाश होता है, मानसिक शांति, आध्यात्मिक ऊर्जा और सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। प्रतिवर्ष फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाया जाने वाला यह पर्व इस वर्ष 26 फरवरी को मनाया जा रहा है। महाशिवरात्रि को भगवान शिव का सबसे पवित्र दिन माना गया है, जो सकारात्मक ऊर्जा का स्रोत भी है। भारत में धार्मिक मान्यता के अनुसार महाशिवरात्रि का बहुत महत्व है। यह आध्यात्मिक चरम पर पहुंचने का सुअवसर है। महाशिवरात्रि को शिव तत्व को आत्मसात करने, नकारात्मक ऊर्जाओं को समाप्त करने और आध्यात्मिक उत्थान प्राप्त करने का सबसे उत्तम अवसर माना जाता है।

### महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव का जलाभिषेक

महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव का जलाभिषेक करना बहुत पुण्यकारी माना जाता है। इस दिन शिवलिंग का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक, बेलपत्र, धतूरा, भांग एवं शहद अर्पित करने से विशेष फल प्राप्त होता है। मान्यता है कि इस दिन जलाभिषेक के साथ भगवान शिव की विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने और व्रत रखने से वे शीघ्र प्रसन्न होते हैं और उनकी विशेष कृपा प्राप्त होती है। दाम्पत्य जीवन में प्रेम और सुख शांति बनाए रखने के लिए भी यह व्रत लाभकारी माना गया है।

### इस रात्रि को जागरण करने वाले भक्तों को होती है अक्षय पुण्य की प्राप्ति

इस रात्रि में अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है और उनकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। शिवपुराण के अनुसार, इस दिन विधिपूर्वक व्रत रखने और रात्रि जागरण करने से समस्त पापों का नाश होता है और भक्तों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। शास्त्रों में कहा गया है कि महाशिवरात्रि की रात्रि में चार प्रहर की पूजा का विशेष महत्व है, जिसमें हर प्रहर में शिवलिंग का अलग-अलग द्रव्यों से अभिषेक किया जाता है, पहले प्रहर में जल, दूसरे प्रहर में दही, तीसरे प्रहर में घी और चौथे प्रहर में शहद से अभिषेक करने का विधान है।

धर्मग्रंथों में भगवान शिव को 'कालों का काल' और 'देवों का देव' अर्थात् 'महादेव' कहा गया है। एक होते हुए भी शिव के नटराज, पशुपति, हरिहर, त्रिमूर्ति, मृत्युंजय, अर्द्धनारीश्वर, महाकाल, भोलेनाथ, विश्वनाथ, ओंकार, शिवलिंग, बटुक, क्षेत्रपाल, शरभ इत्यादि अनेक रूप हैं। देवाधिदेव भगवान शिव के समस्त भारत में जितने मंदिर अथवा तीर्थ स्थान हैं, उतने अन्य किसी देवी-देवता के नहीं। आज भी समूचे देश में उनकी पूजा-उपासना व्यापक स्तर पर होती है। सर्वत्र पूजनीय शिव को समस्त देवों में अग्रणी और पूजनीय इसलिए भी माना गया है क्योंकि वे अपने भक्तों पर बहुत जल्दी प्रसन्न होते हैं और दूध या जल की धारा, बेलपत्र व भांग की पत्तियों की भेंट से ही अपने भक्तों पर प्रसन्न होकर उनकी समस्त मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। वे भारत की भावनात्मक एवं राष्ट्रीय एकता तथा अखण्डता के प्रतीक हैं। भारत में शायद ही ऐसा कोई गांव मिले, जहां भगवान शिव का कोई मंदिर अथवा शिवलिंग स्थापित न हो। यदि कहीं शिव मंदिर न भी हो तो वहां किसी वृक्ष के नीचे अथवा किसी चबूतरे पर शिवलिंग तो अवश्य स्थापित मिल जाएगा। हालांकि बहुत से लोगों के मस्तिष्क में यह सवाल उमड़ता है कि जिस प्रकार विभिन्न महापुरूषों के जन्मदिन को उनकी जयंती के रूप में मनाया जाता है, उसी प्रकार भगवान शिव के जन्मदिन को उनकी जयंती के बजाय रात्रि के रूप में क्यों मनाया जाता है?

इस संबंध में मान्यता है कि रात्रि को पापाचार, अज्ञानता और तमोगुण का प्रतीक माना गया है और कालिमा रूपी इन बुराईयों का नाश करने के लिए हर माह चराचर जगत में एक दिव्य ज्योति का अवतरण होता है, यही रात्रि शिवरात्रि है। शिव और रात्रि का शाब्दिक अर्थ एक धार्मिक पुस्तक में स्पष्ट करते हुए कहा गया है, 'जिसमें सारा जगत शयन करता है, जो विकार रहित है, वह शिव है अथवा जो अमंगल का ह्रास करते हैं, वे ही सुखमय, मंगलमय शिव हैं। जो सारे जगत को अपने अंदर लीन कर लेते हैं, वे ही करूणासागर भगवान शिव हैं। जो नित्य, सत्य, जगत आधार, विकार रहित, साक्षीस्वरूप हैं, वे ही शिव हैं। महासमुद्र रूपी शिव ही एक अखंड परम तत्व हैं, इन्हीं की अनेक विभूतियां अनेक नामों से पूजी जाती हैं, यही सर्वव्यापक और सर्वशक्तिमान हैं, यही व्यक्त-अव्यक्त रूप से 'सगुण ईश्वर' और 'निर्गुण ब्रह्म' कहे जाते हैं तथा यही परमात्मा, जगत आत्मा, शम्भव, मयोभव, शंकर, मयस्कर, शिव, रूद्र आदि कई नामों से संबोधित किए जाते हैं।''शिव के मस्तक पर अर्द्धचंद्र शोभायमान है, जिसके संबंध में कहा जाता है कि समुद्र मंथन के समय समुद्र से विष और अमृत के कलश उत्पन्न हुए थे। इस विष का प्रभाव इतना तीव्र था कि इससे समस्त सृष्टि का विनाश हो सकता था, ऐसे में भगवान शिव ने इस विष का पान कर सृष्टि को नया जीवनदान दिया जबकि अमृत का पान चन्द्रमा ने कर लिया। विषपान करने के कारण भगवान शिव का कंठ नीला पड़ गया, जिससे वे 'नीलकंठ' के नाम से जाने गए। विष के भीषण ताप के निवारण के लिए भगवान शिव ने चन्द्रमा की एक कला को अपने मस्तक पर धारण कर लिया। यही भगवान शिव का तीसरा नेत्र है और इसी कारण भगवान शिव 'चन्द्रशेखर' भी कहलाए। धार्मिक ग्रंथों में भगवान शिव के बारे में उल्लेख मिलता है कि तीनों लोकों की अपार सुन्दरी और शीलवती गौरी को अर्धांगिनी बनाने वाले शिव प्रेतों और भूत-पिशाचों से घिरे रहते हैं। उनका शरीर भस्म से लिपटा रहता है, गले में सर्पों का हार शोभायमान रहता है, कंठ में विष है, जटाओं में जगत तारिणी गंगा मैया हैं और माथे में प्रलयंकर ज्वाला है।



# Gmail में होगा बड़ा बदलाव

## अकाउंट हैकिंग जैसी समस्याओं से मिलेगी राहत!

**गूगल** जल्द ही जीमेल अकाउंट्स के लिए **SMS** बेस्ड टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन को हटाने की योजना बना रहा है। **Forbes** की एक रिपोर्ट के मुताबिक, कंपनी इसके बजाय **QR** कोड-बेस्ड वेरिफिकेशन सिस्टम अपनाने की तैयारी कर रही है। गूगल के एक प्रवक्ता का कहना है कि जैसे कंपनी पासवर्ड्स को पासकीज से रिप्लेस कर रही है, वैसे ही एसएमएस मैसेजेस से भी छुटकारा पाने की प्लानिंग की जा रही है। कंपनी का मानना है कि ये कदम एसएमएस से जुड़े सिक्योरिटी खतरों और फ्रॉड को कम करने में मदद करेगा।

रिपोर्ट बताती है कि गूगल के मुताबिक, एसएमएस कोड्स कई सिक्योरिटी चुनौतियों के साथ आते हैं। कंपनी के प्रवक्ता **Ross Richendrfer** और उनकी सहयोगी **Kimberly samra** ने पब्लिकेशन को बताया कि **SMS** कोड्स को आसानी से फिश किया जा सकता है, यूजर्स हमेशा उस डिवाइस तक एक्सेस नहीं रखते जिस पर कोड भेजा गया हो और उनकी सिक्योरिटी मोबाइल कैरियर्स की प्रैक्टिसेस पर निर्भर करती है। **Richendrfer** ने आगे कहा कि, अगर कोई फ्रॉडस्टर आसानी से किसी के फोन नंबर पर कंट्रोल पा सकता है तो **SMS** की सिक्योरिटी वैल्यू खत्म हो जाती है।

गूगल **SMS** वेरिफिकेशन को दो मुक्य उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल करता है। सिक्योरिटी और अब्यूज कंट्रोल। पहला उद्देश्य ये सुनिश्चित करना कि यूजर वही व्यक्ति है जो पहले से अकाउंट यूज कर रहा था और दूसरा ये रोकना कि धोखाधड़ी करके हजारों जीमेल अकाउंट्स क्रिएट न कर सके।

**SMS** कोड्स से जुड़ा एक बड़ा फ्रॉड जिसे गूगल ने हाल ही में पहचाना है, वह ट्रैफिक पंपिंग है। इसे ऑर्टिफिशियल ट्रैफिक इन्फ्लेशन और टोल फ्रॉड भी कहा जाता है। गूगल के मुताबिक, ये तब होता है जब फ्रॉडस्टर्स ऑनलाइन सर्विस प्रोवाइडर्स को बड़े पैमाने पर बल्क **SMS** भेजने के लिए प्रेरित करते हैं और हर डिलीवर हुए **SMS** के लिए पैसे कमाते हैं। इस तरह के फ्रॉड के कारण भी गूगल **SMS** बेस्ड ऑथेंटिकेशन को खत्म करने की योजना बना रही है।



शाह टाइम्स

# देश-विदेश







# ट्रम्प ने लगाया 4 भारतीय कंपनियों पर प्रतिबंध

## ईरान से तेल व्यापार करने पर बौखलाया अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने पेट्रोलियम और पेट्रोकेमिकल उद्योग से जुड़ी कई कंपनियों पर प्रतिबंध लगाए हैं। जिन कंपनियों पर अमेरिका की ओर से यह प्रतिबंध लगाए गए हैं।

उन सभी का जुड़ाव ईरान के तेल उद्योग से है। प्रतिबंधित की गई इन कंपनियों में कुछ भारतीय कंपनियां भी शामिल हैं। अमेरिका की ओर से यह कदम ईरान पर दवाब बनाने के लिए लगाए हैं। अमेरिका ने ईरान के पेट्रोलियम और पेट्रोके. मिकल उद्योग से कथित जुड़ाव के लिए 16 कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया, जिनमें से चार भारतीय कंपनियां भी शामिल हैं। अमेरिकी वित्त विभाग द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, प्रतिबंधित भारतीय कंपनियां आस्टिनशिप मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड, बीएसएम मरीन एलएलपी, कासमास लाइन्स इंक और फ्लक्स मैरीटाइम एलएलपी हैं।


बयान में कहा गया कि अमेरिकी विदेश विभाग ने ईरान के पेट्रोलियम और पेट्रोकेमिकल उद्योग से जुड़ाव के लिए 16 कंपनियों को चिन्हित किया है और उनके खिलाफ प्रतिबंध लगाया जा रहा है। विदेश विभाग ने वित्त विभाग के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय (ओएफएसी) के साथ मिलकर, 22 व्यक्तियों पर भी प्रतिबंध लगाए तथा ईरान के तेल उद्योग से उनके जुड़ाव के कारण विभिन्न क्षेत्रों में उनके 13 जहाजों को प्रतिबंधित संपत्ति के रूप में चिन्हित किया है। अमेरिका की ओर से यह फैसला अवैध शिपिंग नेटवर्क को बाधित करने क लिए उठाया गया है, जो एशिया में खरीदारों को ईरानी तेल बेचने के लिए काम करता है। यह नेटवर्क सैकड़ों मिलियन डॉलर के कच्चे तेल के कई बैरल को अवैध शिपिंग के जरिए बेचने की कोशिश कर रहा था। अमेरिका का मानना है कि तेल राजस्व के जरिए ईरान के आतंकवाद को आर्थिक रूप से मदद दे रहा है। उसके इस कदम से ईरान की आर्थिक गतिविधियों पर नकेल कसेगा और आतंकवाद वित्तपोषण को रोक पाएगा।

### ये हैं भारतीय कंपनियां

- ऑस्टिनशिप मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड
- बीएसएम मरीन एलएलपी
- कॉसमॉस लाइन्स इंक
- फ्लक्स मैरीटाइम एलएलपी

# युद्धविराम बढ़ाने को तैयार हुआ इजरायल

- **इजरायली विदेश मंत्री गिडियोन सार ने यूरोपीय यूनियन के 20 विदेश मंत्रियों को बताया इरादा**



**बदले में इजरायल द्वारा 30 फलस्तीनी कैदी और हर बंधक के बदले में 50 फलस्तीनी कैदियों की रिहाई हो रही है। दूसरे चरण के समझौते के लिए बातचीत हो रही है।**

**...गिडियोन सार**
**विदेश मंत्री इजरायल**

**ब्रूसेल्स/तेल अवीव।** इजरायल के विदेश मंत्री गिडियोन सार ने कहा है कि बंधकों की रिहाई के लिए उनका देश हमास के साथ युद्धविराम को बढ़ाने के लिए तैयार है। ब्रूसेल्स में यूरोपीय यूनियन के 20 विदेश मंत्रियों को सूचित करते हुए इजरायली विदेश मंत्री ने यह बात कही। हालांकि उन्होंने यह साफ कर दिया कि बंधकों की रिहाई के बगैर कोई युद्धविराम नहीं होगा। इस बैठक में इजरायली विदेश मंत्री के अलावा हंगरी, रोमानिया, बुल्गारिया, फिनलैंड, स्लोवाकिया आदि देशों के विदेश मंत्री मौजूद रहे। इजरायली विदेश मंत्री सार ने कहा कि हम बंधकों की रिहाई के लिए प्रतिबद्ध हैं और युद्ध का भी यही उद्देश्य तय किया है। सार ने ईरान पर भी कड़े प्रतिबंध लगाने की मांग की। इजरायली मीडिया ने दो अंतर्राष्ट्रीय राजनयिकों के हवाले से दावा किया है कि युद्धविराम के पहले चरण के दौरान हमास द्वारा बंधकों को रिहा करने के दौरान समारोह आयोजित करने से आतंकवादी समूह के गाजा में सत्ता में बने रहने की संभावनाओं को काफी नुकसान पहुंचाया है। हमास ने इन समारोह के जरिए यह दिखाने की कोशिश की कि अभी भी उसका गाजा पर नियंत्रण बना हुआ है। हालांकि इजरायल और अन्य कई देशों ने बंधकों की रिहाई के लिए आयोजित हो रहे इन समारोहों को अपमानजनक करार दिया और इन्हें रोकने की मांग की। इजरायली मीडिया के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के गाजा पर नियंत्रण के सुझाव ने भी अरब देशों पर दबाव डाला है कि वे गाजा के युद्ध के बाद के प्रबंधन पर ध्यान दें और हमास को सत्ता से हटाएं।

वरिष्ठ अरब राजनयिक के हवाले से इजरायली मीडिया ने दावा किया है कि हमास भी गाजा पर से नियंत्रण छोड़ने के लिए तैयार है, लेकिन वह हथियार छोड़ने के लिए तैयार नहीं है। उल्लेखनीय है कि इजरायल और हमास के बीच पहले चरण का युद्धविराम समझौता अभी चल रहा है और यह मार्च की शुरुआत तक चलेगा। 19 जनवरी 2025 से लागू हुए 42 दिन के इस युद्धविराम समझौते में 33 इजरायली बंधकों को रिहा किया जाना है, जिनमें महिला नागरिक, सैनिक, बच्चे और 50 साल से ज्यादा उम्र के नागरिक शामिल हैं।



## यूरोपीय संसद सदस्य रीमा के इजरायल में प्रवेश पर रोक

**ब्रूसेल्स/तेल अवीव।** वहीं इजरायल ने यूरोपीय संसद सदस्य रीमा हसन को देश में प्रवेश से रोक दिया। हसन पर आरोप है कि उन्होंने सोशल मीडिया और मीडिया साक्षात्कारों में इजरायल के खिलाफ बहिष्कार को बढ़ावा दिया है। 32 वर्षीय हसन, जो सीरिया के अलेप्पो में पैदा हुईं और यूरोपीय संसद में वामपंथी समूह की सदस्य हैं, यूरोपीय संघ-फलस्तीन प्रतिनिधिमंडल के हिस्से के रूप में इजरायल आईं थीं। हालांकि इजरायल के इस फैसले के बाद हसन के कार्यालय ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। कार्यालय ने कहा कि उन्हें इजरायल में प्रवेश से वंचित करने का निर्णय बारे में पहले से कोई जानकारी नहीं थी। बता दें कि इससे पहले इजरायल ने एक नया कानून पारित किया था, जिसके तहत उन लोगों का इजरायल में प्रवेश प्रतिबंधित किया जाएगा, जिन्होंने हमास के हमले का खंडन किया है या इजरायली सैनिकों के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय अभियोजन का समर्थन किया है। यह कानून उन लोगों पर भी लागू होता है, जो इजरायल के खिलाफ बहिष्कार के आह्वान करते हैं। रीमा हसन और उनके साथ आए अन्य यूरोपीय सां. सदों ने हाल ही में गाजा में इजरायल के कार्यों की आलोचना की थी। साथ ही यूरोपीय संघ-इजराइल एसोसिएशन समझौते को तत्काल निलंबित करने का आह्वान किया था। यह समझौता इजराइल और यूरोपीय संघ के बीच राजनीतिक और आर्थिक रिश्तों को रेखांकित करता है। हसन ने यूरोपीय संघ मुख्यालय के बाहर एक रैली का भी आह्वान किया था।

## भारत के साथ आपसी हितों पर आधारित संबंध चाहते हैं: बांग्लादेश

**ढाका।** बांग्लादेश भारत के साथ आपसी सम्मान और साझा हितों पर आधारित अच्छे कार्य संबंध चाहता है। बांग्लादेश के विदेश मामलों के सलाहकार मो. तौहीद हुसैन ने सोमवार यह बात विदेश मंत्री एस जयशंकर के हालिया बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कही। सरकारी समाचार एजेंसी बीएसएस के अनुसार, हुसैन ने कहा, बांग्लादेश निश्चित रूप से अपना रुख तय करेगा, लेकिन साथ ही भारत को भी यह तय करना होगा कि वह बांग्लादेश के साथ किस तरह के संबंध चाहता है। यह एक आपसी मामला है और इसे कहने में कुछ गलत नहीं है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश का भारत के साथ संबंधों को लेकर स्पष्ट रुख है। उन्होंने आपसी सम्मान और साझा हितों पर आधारित अच्छे कार्य संबंधों के महत्व पर जोर दिया। हुसैन ने कहा, हमारे रुख में कोई अस्पष्टता नहीं है। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के भारत प्रवास के दौरान दिए गए बयानों की आलोचना करते हुए कहा कि उनके बयान ढाका-दिल्ली संबंधों के लिए हानिकारक हैं। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश और भारत के बीच संबंधों को मजबूत बनाने के लिए दोनों देशों को आपसी सम्मान और साझा हितों को ध्यान में रखते हुए काम करना चाहिए। बांग्लादेश की सरकार भारत के साथ सकारात्मक और सहयोगात्मक संबंध बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। यह बयान ऐसे समय में आया है जब दोनों देशों के बीच व्यापार, सुरक्षा और सीमा प्रबंधन जैसे मुद्दों पर चर्चा जारी है।

### पाक में सैन्य अभियान में 10 आतंकवादी मारे गए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक अभियान के दौरान 10 आतंकवादियों को मार गिराया। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने मंगलवार को बयान में कहा कि आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया जानकारी मिलने के बाद यह अभियान शुरू किया गया।

सुरक्षाकर्मियों ने प्रभावी तरीके से ठिकाने पर हमला किया और 10 आतंकवादियों को मार गिराया। बयान के अनुसार, क्षेत्र में किसी भी शेष खतरे को खत्म करने के लिए निकासी अभियान जारी है।

## भारत-जापान सेनाओं के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास

**नई दिल्ली।** भारत-जापान संयुक्त सैन्य अभ्यास, धर्म गार्जियन का छठा संस्करण सोमवार को जापान के ईस्ट फूजी प्रशिक्षण क्षेत्र में शुरू हुआ। इस अभ्यास को एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है, क्योंकि इसे पहले से कही अधिक बड़े पैमाने पर आयोजित किया जा रहा है और इसमें पहली बार सैनिकों की भागीदारी को कंपनी के स्तर तक बढ़ाया गया है।

उद्घाटन समारोह में जापान में भारत के राजदूत सिबी जॉर्ज और जापान ग्राउंड सेल्फ-डिफेंस फोर्स प्रथम डिवीजन के कमांडिग जनरल लेफ्टिनेंट जनरल टोरियमी सेजी सहित प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह अभ्यास दोनों देशों के सशस्त्र बलों के बीच अधिक सहयोग और आपसी समझ को बढ़ावा देगा। उन्होंने कहा कि यह संयुक्त अभ्यास न केवल दोनों सेनाओं की परिचालन तत्परता को बढ़ाएगा बल्कि भारत-जापान रक्षा संबंधों को मजबूत करने में भी योगदान देगा। अभ्यास का यह संस्करण 9 मार्च तक चलेगा। संयुक्त अभ्यास में विशेष रूप से शहरी इलाकों में आतंकवाद विरोधी अभियान शामिल होंगे।











